राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 राजस्थान रॉयल्स से बदला लेने उतरेगी मुंबई इंडियंस ...

पूर्व सलामी बल्लेबाज का दावा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं ... 11

वर्ष : 11 | अंक : 338 | पटना, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

बाजार

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

संक्षिप्त खबरें

विकसित भारत के निर्माण में योगदान करें लोक सेवक

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक सेवा दिवस पर लोक सेवकों को शुभकामनाएं दी है और विकसित भारत के निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया है। श्री धनखड़ ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रशासनिक ढांचे में रीड की हड्डी लोकसेवक का राष्ट्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। श्री धनखड़ ने कहा, लोक सेवक दिवस की शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूं कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में वे अपना समर्पण निरंतर जारी रखेंगे।

मोदी ने महावीर जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महावीर जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान महावीर का शांति एवं सद्भावना का संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणा है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मदिन के अवसर पर महावीर जयंती मनाई जाती है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश के समस्त परिवारजनों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं।

ऑटो और मालगाड़ी के बीच भीषण टक्कर, एक महिला की मौत, सात घायल

पटना। नवादा जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां ऑटो और मालगाड़ी की बीच भीषण टक्कर हुई है। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई है और तीन लोगों को हालत गंभीर बनी हुई है। नवादा के गया-किउल रेलखंड पर चातर हाल्ट मानवरहित रेलवे समपार फाटक के पास गया से किउल की ओर जा रही मालगाड़ी से ऑटो की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार था कि ऑटो दूर जाकर गिरा। ऑटो गिरने के बाद ऑटो पर सवार कई यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गये, जिनको स्थानीय लोगों के अथक प्रयास से इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि चातर हाल्ट के समपार रेलवे फाटक पार करने के क्रम में मालगाड़ी से ऑटो टक्कर खा गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऑटो पर सवार लोग शादी समारोह के बाद ककोलत से स्नान कर अपने घर अरियन गांव जा रहे थे। यह घटना उसी दौरान घटित हुई। घायलों में सभी अरियन गांव के रहने वाले बताए गए हैं।

कांग्रेस ने पंजाब, बिहार के लिए सीईसी की बैठक की

नई दिल्ली। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने पंजाब और बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा को लेकर रविवार को यहां बैठक की। सूत्रों ने कहा कि उम्मीदवारों की अगली सूची बहुत जल्द घोषित की जाएगी। सीईसी की बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की और इसमें पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद तथा अंबिका सोनी समेत अन्य नेता शामिल हुए। सूत्रों ने कहा कि दोनों राज्यों के लिए कई नामों पर चर्चा की गई और प्रमुख सीट पर अंतिम निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ दिया गया। कांग्रेस पंजाब में सभी 13 सीट पर चुनाव लड़ रही है, वहीं बिहार में वह नौ सीट पर उम्मीदवार उतारने के लिए तैयार है और राष्ट्रीय जनता दल तथा वाम दलों के साथ महागठबंधन का हिस्सा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कटिहार में चुनावी जनसभा को किया संबोधित, विपक्ष पर जमकर हमला बोला

पीएम मोदी ने देश के साथ बिहार को भी विकसित करने का किया काम : शाह

कहा-पीएम ने परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया

प्रात : किरण

पटना/कटिहार/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कटिहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया है। राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के साथ बिहार को भी विकसित करने का काम किया। केन्द्र में 2014 से 2024 तक दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को 09 लाख 80 हजार करोड़ रुपये प्रदेश के विकास के लिए देने का काम किया। इसके अलावे मोदी ने 04 लाख करोड़ रुपये सड़क और पूल, एक लाख करोड़ रुपये रेलवे के विकास के लिए, दो हजार करोड़ रुपये एयरपोर्ट के उत्थान के लिए देने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय, 04 हजार करोड़ पक्का घर गरीब को दिया, 10 लाख महिलाओं को धुंआ से मुक्ति के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, 14 हजार घरों में नल का जल सहित कई जनहित में लोगों के लिए बीते 10 साल में काम किया।

जबकि 2014 से पहले 10 साल में कांग्रेस और लालू की सरकार ने बिहार को मात्र 02 लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिया। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया। जबकि आज लालू और कांग्रेस पार्टी एक होकर भाजपा और नीतीश कुमार के खिलाफ चुनाव लड़कर बिहार में जंगलराज दुबारा लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि लालू के लालटेन और कांग्रेस की पंजा के साथ खड़ा होने वाले देश में दंगा, अत्याचार, अन्याय, गरीबी और भुखमरी लाना चाहती है। जबकि भाजपा का कमल और जदयू के तीर की सरकार बिहार को आगे बढ़ाते हुए खुशहाली लाने का काम कर रही है। अमित शाह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए कटिहार लोकसभा सीट से जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी सहित बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनावे।शाह ने कहा कि बीजेपी ने देश को पहला ओबीसी वर्ग का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप पर दिया है। एक गरीब चाय बेचने वाले के बेटे को प्रधानमंत्री बना दिया। मोदी जी ने अपनी कैबिनेट में 35 फीसदी पिछड़ों और अति पिछड़ा वर्ग के सांसदों को जगह दी है। उन्होंने पूछा कि आपलोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है ना? जिन्होंने बिहार को जंगलराज में बदलकर रख दिया था। पिछड़ा, दलित, गरीब सबके साथ यहां अत्याचार होता था। देश में पीएम मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के आने के बाद गरीबों पर होने वाला अत्याचार बंद हुआ है। अमित शाह ने कहा कि धारा- 370 को कश्मीर से मोदी जी ने समाप्त कर दिया है। उन्होंने वहां से आतंकवाद को खत्म किया है। नक्सलवाद पर भी लगाम लगाया गया है। मोदी सरकार ने उरी और पुलवामा हमले के बाद 10 दिनो के अंदर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद खत्म करने का काम किया है। लेकिन वे लोग हमें फिर से लालटेन युग मे ले जाना चाहते हैं। पिछड़ों और अतिपिछड़ों पर फिर से अत्याचार करना चाहते हैं।

सीएम ने कटिहार में चुनावी सभा को किया संबोधित, राजद पर साधा निशाना

सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया : नीतीश

- पहले जो लोग थे, कोई काम नहीं करते थे
- केवल हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था

प्रात : किरण

पटना/कटिहार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर राजद पर हमला बोला है। रविवार को कटिहार में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले लोग शाम में घर से नहीं निकलते थे। लेकिन अब कोई दिक्कत है। अब लड़का-लड़की सब रातभर घूमते रहते हैं। हम लोगों ने आमलोगों के हित में यह सब काम किया है। सीएम ने कहा कि पहले जो लोग सत्ता में थे, वो कोई काम नहीं कर रहे थे। यहां के मुस्लिम समुदाय के लिए भी पहले कहां कुछ करते थे। पहले हमेशा आपसी झगडे होते रहता था। लोग भाजपा के बारे में कुछ-कुछ बोलते रहते थे। लेकिन जब हमलोग साथ आ गए तो कहां कही बिहार में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता है। हिंदू हों, मुस्लिम हों या कोई भी जाति के लोग हों, सबके लिए हमलोगों ने काम किया है। सबके हित में काम किया है, इसलिए सबकी हालत भी पहले से बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जो हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था, उसे हमलोगों ने तो बिल्कुल ही खत्म कर दिया है। लड़कियों को पढ़ाने के लिए भी बहुत काम हुआ है। अब लड़कियां कितनी बड़ी संख्या में पढ़ाई कर रही हैं। महिलाओं को हमलोगों ने पंचायत और नगर निकाय चुनावो में पचास फीसदी का आरक्षण दिया है। अब बड़ी संख्या में महिलाएं आगे आ रही हैं। पुलिस की नौकरी में भी उन्हें 35 प्रतिशत आरक्षण देने का काम हुआ है। इसके बाद सभी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दे दिया गया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हों या फिर महिलाएं हों। सभी के लिए हमलोगों ने काम किया है। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हित में काम होता है। बिहार के लिए वह मदद कर रहे हैं। बिहार में 40 में से 40 सीट हमलोग जीतेंगे। देशभर में चार सौ से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और देश तेजी से आगे बढ़ेगा। जब देश आगे बढ़ेगा तो बिहार भी उसी तेजी से आगे बढ़ता जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि बीच में हम इधर-उधर भागे हुए थे। तब भी अमित शाह से हमारी बात होती रहती थी। लेकिन अब सब ठीक है और अब हम कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे। जहां पहले थे, अब वहीं रहेंगे और सभी लोग साथ मिलकर काम करेंगे। कुछ लोग तो बिना मतलब का भाषण देते रहता है। जब आएगा, तो बिना मतलब का भाषण देगा। मुस्लिम लोग को तो हम बता ही दिए हैं कि ये लोग पहले किसी की रक्षा नहीं करता था। लेकिन हम लोगों ने सब कुछ ठीक कर दिया है।

20 करोड रोजगार देने की बजाय छीनी 12 करोड़ नौकरी : खडगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था,और 10 साल में 20 करोड लोगों को रोजगार देना था,लेकिन इस अवधि में उल्टे 12 करोड लोगों की नौकरी छीन ली। श्री खडगे ने कहा युवाओं के लिए रोजगार, चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा है। मोदी जी की सैंकड़ों रैलियों में आपने उनके मुँह से कभी ये नहीं सुना कि उनकी सरकार ने पिछले 10 साल में कितने रोजगार दिए। दस साल में 20 करोड़ नौकरियाँ देनी थी, 12 करोड़ से ज्यादा छीन ली। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी युवा न्याय के तहत रोजगार क्रांति लाएगी, ताकि भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का सफर हम आसान बना सके। भर्ती भरोसा-30 लाख सरकारी नौकरियों के पद भरेंगे। पहली नौकरी पक्की-अप्रेन्टिसशिप के अधिकार से हर डिग्री, डिप्लोमा धारक की पहली नौकरी पक्की व एक साल में एक रुपये लाख मानदेय। पेपर लीक से मुक्ति दी जाएगी और नौकरी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन कर पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा गिग इकॉनॉमी के लिए सामाजिक सुरक्षा-हम गिग इकॉनॉमी में कार्यरत श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा का कानून बनाएँगे। युवा रोशनी के तहत स्टार्ट-अप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन करेगी और उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत, 5,000 करोड़ रुपए, जहां तक संभव हो, देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित करेगी ताकि देशभर में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए धन उपलब्ध कराया जा सके जिससे वो अपने व्यवसाय को बढ़ा सके और रोजगार के अवसर पैदा करें। उन्होंने कहा कांग्रेस देशभक्त युवाओं पर थोपी गई अग्निवीर योजना बंद करेगी। व्यापक बेरोजगारी के कारण, कांग्रेस सभी छात्र शैक्षिक ऋणों के संबंध में 15 मार्च 2024 तक ब्याज सहित ऋण की देय राशि को माफ करेगी और बैंकों को सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली और उभरते खिलाड़ियों को प्रति माह 10,000 रुपये की खेल छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। श्री खडगे ने कहा कांग्रेस सरकार सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों के लिए आवेदन शुल्क समाप्त करेगी। उन आवेदकों को एक बार कि राहत दी जाएगी जो महामारी के समय 1 अप्रैल 2020 से 30 जून 2021 के दौरान सरकारी परीक्षा देने में असमर्थ रहे। अमल करेंगे अपनी हर बात। हाथ बदलेगा हालात।

देश बचाने की लड़ाई हमलोग जारी रखेंगे : तेजस्वी

कहा-हर हाल में इस बार ये सरकार बदलनी है

प्रात : किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कविता के माध्यम से लोगों को हक की जंग लड़ने के लिए प्रेरित किया है। रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर उन्होंने कहा कि ये हक की जंग / अब मिल के संग संग जी जान से लड़नी है। हर हाल में इस बार ये सरकार बदलनी है। अत्याचार की काली कहानी मिल के मिटानी है। हर हाल में इस बार ये सरकार बदलनी है। अब ललकार के इस सरकार की छुट्टी करनी है। हर हाल में इस बार ये सरकार बदलनी है । इस सरकार की तानाशाही और ना सहनी है। हर हाल में इस बार ये सरकार बदलनी है।

इससे पहले तेजस्वी प्रसाद यादव ने एनडीए के खिलाफ हमला बोला और कहा कि एनडीए मुद्दे पर बात नहीं करती है। तेजस्वी यादव ने पहले चरण में कम मतदान प्रतिशत को लेकर कहा कि दक्षिण भारत से जो हवा चली है। वहां खत्म हो गई भाजपा, यहां दक्षिण बिहार की चारो सीट से भी खत्म हो गयी है। इंडिया गठबंधन बड़े अंतर से जीत दर्ज कराएगी। बार-बार मैंने कहा कि बिहार चौकानें वाला परिणाम देगा। बीजेपी अब बैकफुट पर आ गई है। बीजेपी जुमलाबाजों की पार्टी है। देश बचाने की लड़ाई हमलोग जारी रखेंगे।

कसा तंज-गृह मंत्री बिहार आएं तो सत्तू पीएं : नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला है। रांची में आयोजित उलगुलान रैली को संबोधित करने के बाद वापस पटना लौटे तेजस्वी यादव ने कहा कि रांची में बहुत बड़ी रैली थी, ग्राउंड छोटा पड़ गया।

सब लोगों ने हुंकार भरी है और झारखंड की जनता ने तय कर लिया है कि इस बार वहां से भी भगाएंगे। बिहार, झारखंड, यूपी साफ हो जाएंगे तो बचेंगे कहां? ये लोग कहीं नहीं टिकने वाले हैं।

मीडियाकर्मियों ने उनसे पूछा कि अमित शाह ने कहा है कि कि अगर आरजेडी सत्ता में आई तो जंगलराज वापस आ जाएगा, इसपर तेजस्वी ने शाह को बड़ी नसीहत दे दी। तेजस्वी ने कहा कि अमित शाह बिहार आएं तो सत्तू पिएं, सत्तू पीने से शरीर ठंडा और दिमाग शांत रहता है। ठंडे दिमाग से वे बिहार के बारे में और ज्यादा जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हाईजैक कर रखा है। तेजस्वी ने प्रदेश राजद कार्यालय में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में ये बातें कही। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लालू परिवार को लेकर दिए गए बयान से जुड़े सवाल पर कहा कि इसे मैं आशीर्वाद के रूप में देख रहा हूं।

राजस्थान: सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत

प्रात : किरण

झालावाड़/एजेंसी। झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। ट्राले से वैन की टक्कर हो गई जिससे वैन सवार लोगों की मौत हो गई। वैन सवार लोग मध्यप्रदेश के खिलचीपुर के पास डूंगरी से विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई के अनुसार हादसा थाने से करीब 5 किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग पर शनिवार-रविवार मध्य रात्रि करीब ढाई बजे हुआ। हादसे में वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वैन में फंसे घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक घायल का इलाज किया जा रहा है। हादसे में अशोक कुमार पुत्र घनश्याम बागरी, रोहित पुत्र नंदकिशोर बागरी, हेमराज पुत्र बंशीलाल बागरी, सोनू पुत्र मोहनलाल बागरी, दीपक पुत्र जयलाल बागरी, रविशंकर पुत्र प्रेमचंद बागरी, रोहित जगदीश बागरी और हरनावदा शाहजी (बारां) निवासी, रामकृष्ण पुत्र प्रेमचंद, सारौला (खानपुर, झालवाड़) निवासी राहुल पुत्र प्रेमचंद की मौत हो गई। मृतकों में सात लोग अकलेरा के रहने वाले थे। बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा कस्बे में विवाह समारोह था। बारात शुक्रवार को मध्य प्रदेश के खिलचीपुर क्षेत्र के डूंगरी गांव गई थी। बारातियों में से शनिवार देर रात 10 लोग मारुति वैन से वापस अकलेरा लौट रहे थे।

रेलवे को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाना पड़ेगा : राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित करना चाहती है ताकि उसे इसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके। उन्होंने लोगों से आम आदमी की सवारी को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाने का अनुरोध किया। राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधने के लिए एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमजोर कर अयोग्य साबित करना चाहती है ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके। राहुल गांधी ने कहा कि अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

कार्यक्रम भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलें पीएम

देश का मानना है कि चुनाव से शुरू होगी भविष्य की नई यात्रा : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया के सामने मौजूद समस्याओं के समाधान के तौर पर सच्चाई एवं अहिंसा के मंत्रों को आत्मविश्वास के साथ पेश कर रहा है और उसकी सांस्कृतिक छवि भी इसमें अहम भूमिका निभा रही है। रविवार को भारत मंडपम में भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने पर ऐसे समय में विरासत के साथ-साथ भौतिक विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया जब देश निराशा में डूबा हुआ था। उन्होंने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र का बड़ा उत्सव जारी है और देश का मानना है कि यहां से भविष्य की नई यात्रा भी शुरू होगी। मोदी ने अपनी सरकार द्वारा योग और आयुर्वेद जैसी भारतीय विरासत को बढ़ावा दिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि देश की नई पीढ़ी अब मानती है कि स्वाभिमान ही उसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की समस्याओं के समाधान के रूप में सत्य और अहिंसा के मंत्र को वैश्विक स्तर पर अब आत्मविश्वास के साथ पेश कर रहा है। मोदी ने कहा कि दुनिया को भारत से शांति की राह दिखाने की उम्मीद है और इसकी वजह देश की बढ़ती ताकत एवं विदेश नीति बताई जाती है, लेकिन इसमें इसकी सांस्कृतिक छवि ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों के समय में तीर्थंकरों, श्रद्धेय आध्यात्मिक जैन गुरुओं की शिक्षाएं और भी अधिक प्रासंगिक हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि उन्हें सुबह-सुबह मतदान करना चाहिए। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि संतों का संबंध कमल से होता है जिसका इस्तेमाल प्रायः पवित्र आयोजनों में किया जाता है और यह फूल भाजपा का चुनाव चिह्न भी है। मोदी ने कहा कि यह आयोजन एक दुर्लभ अवसर है और यह अमृत काल की शुरूआत में हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमृत काल का विचार केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक प्रेरणा है। मोदी ने कहा कि भारत न केवल सबसे पुरानी जीवित सभ्यता है बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल भी है। प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान महावीर का शांति, करुणा और बंधुत्व का संदेश सभी के लिए महान प्रेरणा का स्रोत है।

हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर है गर्व : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 10 साल पहले देश में चारों तरफ निराशा व हताशा थी। यह मान लिया गया था कि इस देश का कुछ नहीं हो सकता। यह निराशा भारतीय संस्कृति के लिए भी परेशान करने वाली बात थी। इसलिए 2014 के बाद हमने भौतिक विकास के साथ ही सांस्कृतिक विरासत पर गर्व का संकल्प लिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसी तरह हमने अपनी धरोहरों को संभालना शुरू किया। हमने योग और आयुर्वेद की बात की। आज देश की नई पीढ़ी को यह विश्वास हो गया है कि हमारी पहचान हमारा स्वाभिमान है। जब राष्ट्र में स्वाभिमान का यह भाव जाग जाता है, तो उसे रोकना असंभव हो जाता है। भारत की प्रगति इसका प्रमाण है। भारत के लिए आधुनिकता शरीर है, आध्यात्मिकता उसकी आत्मा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर आधुनिकता से आध्यात्मिकता को निकाल दिया जाता है, तो अराजकता का जन्म होता है। आचरण में अगर त्याग नहीं है, तो बड़े से बड़ा विचार भी विसंगति बन जाता है। यही दृष्टि भगवान महावीर ने हमें सदियों पहले दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दशकों तक हमारे देश ने भ्रष्टाचार की त्रासदी को सहा है। हमने गरीबों की गहरी पीड़ा देखी है। आज देश उस मुकाम पर पहुंचा है कि हमने 25 करोड़ देशवासियों को गरीबी की दलदल से बाहर निकाला है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं।

लोक सेवक राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ नागरिकों की सेवा करते रहेंगे : राष्ट्रपति

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवकों को बधाई दी और विश्वास जताया कि वे राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे। देश में 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है और यह नौकरशाहों का नागरिकों के हित के लिए खुद को पुनः समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा एवं काम में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराने का अवसर होता है। उन्होंने कहा, सिविल सेवा दिवस पर सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं। आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। हमारी सिविल सेवाओं को बदलते माहौल के अनुसार शीघ्रता से स्वयं को ढालने की चुनौती का हमेशा सामना करना पड़ता है और साथ ही उन्हें उन तीन मूलभूत मूल्यों को भी बरकरार रखना होता है जिन्हें सरदार पटेल ने 1947 में इसी दिन अपने भाषण में रेखांकित किया था। गरिमा, सत्यनिष्ठा और सच्चरित्र। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे। इस प्रयास के लिए आपको मेरी शुभकामनाएं। स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1947 में इसी दिन दिल्ली के मेटकाफ हाउस में परिवीक्षाधीन प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था। उन्होंने उन्होंने लोक सेवकों को भारत का स्टील फ्रेम कहा था। पहला सिविल सेवा दिवस समारोह 21 अप्रैल, 2006 को यहां विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था।

संक्षिप्त खबरें

गोदाम से डेढ़ लाख का खाद्य तेल की चोरी

पटना सिटी (प्राकि)। चोरों का कहर लगातार जारी है। इस बार बाइपास थाना क्षेत्र के मरचा-मरची रोड स्थित एक गोदाम से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि चोरों ने करीब डेढ़ लाख रुपए मूल्य का खाद्य तेल की चोरी कर लिया है। चोरी की घटना को लेकर इसी थाना क्षेत्र के ओम कॉलोनी के रहने वाले राजन कुमार के लिखित आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चोरों ने विभिन्न नामी ब्रांड का 149 कार्टन खाद्य तेल को गायब किया है। इसमें सोया रिफाइन, सरसों तेल सहित अन्य प्रकार का खाद्य तेल शामिल है। छानबीन में पुलिस को पता चला कि गोदाम के शेड के ऊपरी हिस्से में अनेक जगहों से नट बोल्ट खुला हुआ है और शेड भी टूटा हुआ है। पुलिस आशंका जता रही है कि चोरों ने शेड को तोड़कर और नट बोल्ट को खोल कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बाइपास थाना की पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ ही मामले की तहकीकात में जुटी है।

प्रेम न बाड़ी उपजे, प्रेम न हाट बिकाय: महंथ ब्रजेश मुनी

पटना। मीठापुर स्थित गोरिया मठ के पास सदगुरु कबीर साईं मंदिर के प्रांगण में सप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। महंथ ब्रजेश मुनि महाराज के पावन सानिध्य में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा निर्गुण भजन गाया गया। जिसे सुन श्रोता झूमने लगे। इस दौरान सत्संग सभा को संबोधित करते हुए महंथ ब्रजेश मुनि ने कहा कि प्रेम न वारी उपजे, प्रेम न हाट बिकाय। राजा प्रजा जो भी रुचे, सीस देइ ले जाय।। सदगुरु कबीर साहब ने कहा है। प्रेम कहीं हाट, बाजार या खेत, खलिहान में नहीं मिलता है। न बिकता है। पूरे मानव मात्र को प्रेम करनाचाहिए। राजा, प्रजा, अमीर, गरीब सब सुख शांति चाहता है। प्रेम, सद्भाव के बीच जीना पसंद करता है। इसीलिए मनुष्य को प्राणी मात्र से प्रेम करना चाहिए। सत्संग में उपस्थित डॉ इंद्रजीत कुमार ने कहा मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए हमेशा मुंह को साफ करना चाहिए। खाना खाने के बाद भी ब्रश करना चाहिए। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज को सुधार सकता है।

चेन पुलिंग के आरोप में 8 गिरफ्तार

फतुहा। रविवार की सुबह में ननस्टाप ट्रेन पुरी-पटना अचानक फतुहा स्टेशन पर रुक गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए तैनात जवानों द्वारा चेन पुलिंग के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके विरुद्ध नियमसंगत करवाई किया गया।

दो अज्ञात व्यक्ति का शव किया बरामद

दानापुर। नगर के अंतर्गत पुलिस ने अपने इलाके से दो अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया दोनो व्यक्ति के मौत गर्मी के कारण लग रहा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के स्पष्ट कारण की बात सामने आने की बात कही है। दानापुर थाना क्षेत्र के सैनिक चौक के निकट सड़क के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। उम्र लगभग 35 के लगता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्धाज ने बताया कि मृतक भिखारी सा लगता है। सैनिक चौक के निकट तैनात पुलिस के सूचना पर शव बरामद किया गया। गर्मी से मौत होना लगता है। वही रूपसपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के आरओबी पर सड़क किनारे से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया गया। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष प्रतित होता है। मृतक सिर्फ टाउजर पहने हुए है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक मजदूर सा लगता है। उसके पास से प्लास्टिक का बोरा पानी का बोतल आदि मिला है। ऐसा लगता है कि गर्मी के कारण इसकी मौत हुई हो।

जविप्र दुकान में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता, मामला दर्ज

पटना सिटी, मालसलामी थाना क्षेत्र के मालसलामी स्थित जनवितरण प्रणाली के दुकानदार श्याम सुंदर प्रसाद की दुकान में औचक निरीक्षण किया गया। आपूर्ति निरीक्षक शमा फिरोज के द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान अनेक तरह की अनियमितता पाई गई। इस मामले में मालसलामी थाना में आपूर्ति निरीक्षक के द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसडीओ गुंजन सिंह के निर्देश पर आपूर्ति निरीक्षक के द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया। मालसलामी थाना की पुलिस को दिए गए लिखित शिकायत में कहा गया है की दुकान में अनाज और सूचना पट नहीं था। निरीक्षण के दौरान दुकानदार श्याम सुंदर प्रसाद को अनेक बार कॉल कर बुलाया गया। इसके बाद भी वह नहीं आए। आज के पूर्व भी उक्त दुकान का भौतिक निरीक्षण किया गया था।

फैसला लेने में चार ग्रंथी श्री अकाल तख्त के आदेश को नहीं माना या निंदा की

जगजोत व लखविंदर ने श्री अकाल तक साहब को पत्र भेज पांच प्यार में शामिल तीन को गलत बताया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर खालसा पंथ की सर्वोच्च संस्था है और यहां से जारी हर हुकुमनामा यानी आदेश को हर सच्चा सिख अदब के साथ मानता और स्वीकार करता है। यहां तक कि छह दिसंबर, 2022 को जारी हुकुमनामा में तख्तश्री पटना साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह को पांच वाणियों का पाठ सस्वर पंज प्यारों की मौजूदगी में सुनाए जाने को कहा गया था। साथ ही जब वह पांच वाणियों का पाठ सुना रहे होंगे, तब उसकी पूरी रिकॉर्डिंग भी भेजने की बात कही गई थी। साथ ही यह भी कहा गया था कि यदि वह पांच वाणियों का पाठ नहीं सुनाते हैं, तो उन्हें ग्रंथी के रूप में भी बने रहने का कोई मतलब नहीं है। मगर इस आदेश के छह दिसंबर, 22 को जारी होने से लेकर अब तक नहीं माना गया है। यही नहीं, इस जारी हुकुमनामा में उसे समय के पंज प्यारे में शामिल ग्रंथी गुरदयाल सिंह को भी प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री पटना साहिब के पदाधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप गुरदयाल सिंह पर लगाते हुए उन्हें साजिशकर्ता बताया गया। साथ कमेटी के पदाधिकारी को आदेश दिया गया कि उन्हें पंज प्यारे से हटाते



हुए तख्तश्री पटना साहिब परिसर से बाहर अन्यत्र इनकी पदस्थापना की जाए। मगर महज दो महीने बाद ही अध्यक्ष जगजोत सिंह के द्वारा जारी पत्र के आधार पर न केवल गुरदयाल सिंह को तख्तश्री पटना साहिब वापस बुलाया गया, बल्कि उन्हें एडिशनल हेड ग्रंथी बना दिया गया। इसी जारी हुकुमनामा के बाद 10 दिसंबर, 22 को टीपीएस विशेष उस समय के कार्यकारी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह के द्वारा एक पत्र जारी किया गया, जो श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय और प्रेस मीडिया को संबोधित था। इसमें कहा गया था कि तीन नाम स्वयंभू पांच प्यारे में शामिल हो गए हैं। इसमें गुरदयाल सिंह, जसबंत सिंह एवं अमरजीत सिंह का नाम का जिक्र है। इन तीनों ने अपने आपको पंज प्यारों वाले पत्र में हस्ताक्षर किए हैं, जो पूर्ण रूप से अवैध है। उनके हस्ताक्षर वाला पत्र पंज प्यारे सिंह साहिबान द्वारा भेजा गया पत्र नहीं समझा जाए। यह हमारे प्रबंधन बोर्ड पर अतिक्रमण है और यह हमारे मूलभूत अधिकारों में दखलंदाजी भी है। उसे पत्र में पंज प्यारे में ज्ञानी बलदेव सिंह यानी दिलीप सिंह ज्ञानी सुखदेव सिंह ज्ञानी रोशन सिंह एवं ज्ञानी परशुराम सिंह के नाम को भेजते हुए बताया गया था। इसके बाद 22 मार्च, 23 को पत्रांक 30ई कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह और महासचिव इंद्रजीत सिंह के हस्ताक्षर से जारी किया जाता है। इसमें कहा जाता है कि ग्रंथी एवं कथावाचक सुखदेव सिंह, आपकी सेवा को बरकरार रखते हुए एवं प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा आपसी विचार-विमर्श से आपको एडिशनल हेड ग्रंथी की सेवा सौंपी जाती है। फिर 20 जून 23 को पत्रांक तपस 3/4941 तख्त श्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह के सोलह से महासचिव इंद्रजीत सिंह द्वारा जारी किया जाता है। इसमें कहा गया है कि अध्यक्ष की सलाह से संविधान के अनुच्छेद 22 और उपनियमों को ध्यान में रखते हुए तख्तश्री कमेटी की आपातकालीन बैठक 16 जून, 23 को आहूत की गई है। इसमें दो एजेंडा भी पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि और ज्ञानी रणजीत सिंह पूर्व जत्थेदार सह पूर्व हेड ग्रंथी को पदमुक्त एवं पदमुक्त करने हेतु 12 मई को निर्गत पत्र तपस/4934/23 विचार कर आगे की कार्रवाई को मंजूरी था। इसी बैठक में जत्थेदार यानी बलदेव सिंह को पांच प्यार का गठन करने का निर्णय लिए जाने की बात कही गई। बाद में अध्यक्ष जगजोत सिंह के द्वारा 18 जून, 23 को पत्रांक 36/ई जारी किया गया। इसमें 16 अप्रैल 23 को कमेटी की बैठक कर प्रस्ताव का पालन करते हुए जत्थेदार सिंह साहिबान ज्ञानी बलदेव सिंह के नाम पत्र जारी कर उनसे पांच प्यारों का गठन करने का अनुरोध किया गया। इसके बाद ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा उसी दिन जत्थेदार सह मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, ज्ञानी गुरदयाल सिंह, वरीय मीत ग्रंथी भाई परशुराम सिंह और मीत ग्रंथी भाई अमरजीत सिंह का नाम दिया गया। जरूरत होने पर ग्रंथी भाई जसबंत सिंह या किसी अन्य ग्रंथी सिंह साहिब जत्थेदार साहेब से मिलकर अनुरोध करने की बात कही गई।

आज ज्ञानी रणजीत सिंह के मामले में जिला जज का आ सकता है फैसला

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने तख्तश्री कमेटी के द्वारा उन्हें सेवा मुक्त किए जाने के आदेश को पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां चुनौती दिया है। इस संबंध में उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से वाद दाखिल किया था। इसमें दोनों पक्ष के अधिवक्ता बहस करने के दौरान अपनी-अपनी बात और साक्ष्य भी रख चुके हैं। अब इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश का आदेश 22 अप्रैल,24 यानी सोमवार को आना है। बताया जाता है कि दोनों पक्षों की ओर से सौंपे गए दस्तावेज और जिरह लगभग ज्ञानी रणजीत सिंह के समर्थन में है। ऐसे में अधिक संभावना है कि फैसला उनके पक्ष में आ सकता है।

विकास मित्रों व किशोरों ने प्रभातफेरी निकाल वोटरों को मतदान करने को किया प्रेरित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वोटरों को आसान लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का प्रयोग करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर डीएम और सिटी एसडीओ दोनों सक्रिय हैं। इसी कड़ी में रविवार को एसडीओ श्रीमती गुंजन सिंह की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह सात बजे पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल एवं पटना सिटी अंचल के विकास मित्रों के साथ किशोर-किशोरी समूहों ने स्वीप एक्टिविटीज के तहत प्रभातफेरी निकाली। यह प्रभातफेरी मंगल तालाब के उत्तरी छोर से निकल कर गुरु गोविंद सिंह पथ के भगत सिंह चौक होते हुए अशोक राजपथ के मच्छरहट्टा, खाजेकलां होते हुए गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल तक गया। इसमें शामिल लोगों ने मतदाताओं से एक जून को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसे लेकर जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया और वोटरों का सेल्फी लेकर सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए उत्साहित किया। विकास मित्र में वार्ड 63 के विकास मित्र मोहनलाल और गीता देवी ने नेतृत्व करते हुए भेद्य टोला में घर-घर दस्तक देकर लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही उनके मतदाता सूची में नाम तथा बूथ की जानकारी दी जा रही है। लोगों को टोल फ्री नंबर 1950 से संबंधित जानकारी दी जा रही है। कोई भी व्यक्ति टोल फ्री वोटर हेल्पलाइन 1950 पर कॉल कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी ले सकते हैं। निर्वाचन के बारे में किसी भी तरह की सूचना, फीडबैक या सुझाव दी जा सकती है। यदि कोई समस्या हो, तो इस नंबर पर कॉल करें। हर तरह की सहायता वोटरों को उपलब्ध कराई जाएगी।

पटना सिटी में चलाया गया "मैं भी केजरीवाल" कार्यक्रम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पटना के बाजार समिति, नहर रोड में मैं भी केजरीवाल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल को भेजे गए समन के बाद से हीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पूरे देश में मैं भी केजरीवाल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम के अन्तर्गत आप कार्यकर्ता पटना सहित राज्य के सभी जिलो में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों से मोदी सरकार की तानाशाही से अवगत करा रहे हैं। इस अवसर पर पार्टी के कुम्हार विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सुयश कुमार ज्योति ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद के जरीवाल को गिरफ्तार कर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को खत्म करने के लिए साजिस रच रही है। मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा जो भी मोदी सरकार से सवाल पूछता है या तो उसे सस्पेंड कर दिया जाता है या फिर उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाता है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेता बब्लू प्रकाश ने स्थानीय लोगों से संवाद किया और कहा कि मोदी सरकार अरविंद केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर सकती है लेकिन उनके विचारधारा को नहीं। भाजपा वालों को यह समझना चाहिए की आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल का सच्चा सिपाही है और यह न पहले कभी झुका था और न आगे कभी झूकेंगे। अगर हमारे सारे नेताओं को भी जेल के अंदर बंद कर दिया जाएगा तब भी हम ईमानदारी और सच्चाई के लिए लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र चैधरी, युवा नेता दिव्यांशु शेखर, संतीश गुप्ता, चंदन कुमार सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

दूल्हे का चेहरा सुहाना बनाएगा दीवान साहब

अनोखी पहल : सभी धर्म के धर्म गुरु ने किया दीवान साहब शुभारंभ

प्रात :किरण संवाददाता

पटना शादी की शॉपिंग और दूल्हों के बेहतरीन कपड़े के लिए दानापुर के लोगों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। राजधानी पटना के तेजी से बन रहे नई व्यापारिक केंद्र सगुना गोला रोड क्षेत्र अब दिल्ली की तर्ज पर नया सीपी बन रहा है । यह क्षेत्र व्यापारिक साथ ही फैशन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। मल्टीनेशनल ब्रांड अपना एक केंद्र इस क्षेत्र में जरूर खोलता है। इसी कड़ी में आज रेमंड, मयार्दा, वैन हुसैन, लुइस फिलिप जैसे ब्रांड एक छत के नीचे दीवान साहब के 5000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में आज शुभ उद्घाटन हुआ।

इस नए शोरूम दीवान साहब का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति मोहम्मद सलीम परवेज ने विभिन्न धर्म के गुरुओं आचार्य बुद्धन ओझा , गुरुदयाल सिंह, मो फैजुल हक अंसारी, विक्टर थॉमस की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया । यह पहला मौका था जब किसी व्यापारिक शोरूम के उद्घाटन में विभिन्न धर्म गुरु ने अपना शुभाशीष दिया । शोरूम के ओनर अफरोज अहमद ने कहा कि शादी का महत्व हर धर्म है धर्म कोई भी हो पर दूल्हा का चेहरा सुहाना हर कोई चाहता है । इसी कोशिश में दीवान साहब दूल्हे के कपड़ों के लिए एक बेहतरीन रेंज और डिजाइन एक छत के नीचे उपलब्ध कराया है। दूल्हा ही नहीं बारातियों के मनपसंद ड्रेस कोड यहां मिलेंगे। कुर्ता पजामा, शेरवानी, छोटे बच्चों की शेरवानी, प्रिंस सूट कस्टमाइज्ड सूट की लंबी रेंज यहां उपलब्ध है। मेट्रो सिटी का रेंज और डिजाइन यहां लोगों को देखने को मिलेंगे। सूट के लिए 6000 से लेकर लाख रुपए तक का और शेरवानी के लिए 8000 से लेकर के 60000 तक का कलेक्शन रखे गए हैं। राजधानी पटना की पहली बेस पोक टेलरिंग की सुविधा दीवान साहब में खोली गई है। बेस पोक सबसे बेहतरीन टेलरिंग मानी जाती है । मुख्य अतिथि मोहम्मद सलीम परवेज ने कहा कि शादी या निकाह एक पवित्र संस्था है और यह जीवन की अनमोल घड़ी होती है। इसे हर कोई यादगार बनाना चाहता है । शोरूम दीवान साहब की यही कोशिश है की दूल्हे के पहनावा को यादगार बनाया जाए। ऑनर अफरोज में कहा कि यहां 24 घंटे में कस्टमाइज सूट उपलब्ध करा दिए जाएंगे नव शुभारंभ पर एक निश्चित खरीदारी पर उपहार भी दिया जा रहा है। लिनेन, सिल्क और कॉटन कपड़े शत प्रतिशत शुद्ध रखे गए है । धर्मगुरु आचार्य बुधन ओझा , मो फैजुल हक अंसारी, पटना हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथि गुरुदयाल सिंह , पटना चर्च के पादरी विक्टर थॉमस ने शुभकामना देते हुए कहा कि शादी के कपड़े धर्म नहीं देखते केवल वह प्रेम सद्भाव और अपनी खुशी लोगों के बीच लाती है । उद्घाटन के मौके पर शहर के प्रबुद्धजन एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

अरदास के बाद तख्त साहिब में एनआरआई रिहाइश का निर्माण शुरू

- भूतल पर बनेंगे 15 16 कमरे, लेटर के ऊपर ऑफिस संगठन के बैठने की सुविधा व सात-आठ कमरे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत प्रबंधन की ओर से तख्तश्री पटना साहिब में लंगर हॉल के पास सौ कमरों का निर्माण कार्य शुरू किया गया। रविवार को पूर्वाह्न तख्त साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा अरदास किए जाने के बाद लिंटर का काम शुरू हो गया। इस दौरान पंज प्यारों में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, ज्ञानी गुरुदयाल सिंह, भाई परशुराम सिंह, अमरजीत सिंह के अलावा कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह, ज्ञानी सतनाम सिंह, ज्ञानी गगनदीप सिंह और ग्रंथी रोशन सिंह मौजूद थे। गुरुद्वारा बाललीला प्रबंधन की ओर से बाबा सुखविंदर सिंह सुक्खा और बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि सौ आधुनिक कमरे का निर्माण कराया जाना है। ग्राउंड फ्लोर पर 15-16 कमरा बन पाएंगे। वहीं इसके ऊपर पहली मंजिल पर ऑफिस, सात-आठ कमरे और संगतों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल प्रबंधक कमेटी के ओहदेदारों के साथ इस पर बैठक कर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। अरदास के बाद कारसेवा की शुरूआत की गई। इसमें बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा गुरदीप सिंह पटियालावाले, कारसेवा दिल्लीवाले, बाबा मेजर सिंह, बाबा जसवीर सिंह दिल्लीवाले, बाबा बलवीर सिंह, बाबा चमकौर सिंह, बाबा मिंटा सिंह, डॉ संतोख सिंह आगरावाले, तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, सदस्य राजा सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक हरजीत सिंह, दिलीप सिंह पटेल आदि शामिल थे।

डबल इंजन की सरकार ने पिछले दस वर्षों में बिहार को क्या दिया ? : गगन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने अमित शाह द्वारा दिए गए भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वे अपने लम्बे चौड़े भाषण में 2014 और 2019 में उनके द्वारा बिहार के बारे में किए गए वादों पर एक शब्द भी नहीं बोले। कुछ कालखंड को छोड़कर बिहार में पिछले दस वर्षों से बिहार में डबल इंजन की सरकार है। इन दस वर्षों में बिहार को क्या दिया गया इस पर चुप्पी साधे रहे गए। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय बेरोजगारी और महंगाई पर किए गए वादों की कोई चर्चा नहीं की । राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेताओं में झूठ बोलने की प्रतिस्पर्धा है। आज अपने को पिछड़ों और अतिपिछड़ों का हितैषी बताने वाले अमित शाह जी का यादास्त भले हीं कमजोर होगा, आमलोगों की यादास्त इतनी कमजोर नहीं है उन्हें अच्छी तरह से याद है कि किस प्रकार मंडल कमीशन की अनुशंसा लागू किए जाने पर भाजपा ने वीपी सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और कमंडल यात्रा निकाला गया था। इसी प्रकार जब जननायक ने बिहार में आरक्षण लागू किया था तो उनकी सरकार को इन्हीं लोगों ने अपदस्थ कर दिया था और कपूर्री जी को भद्दी गालियां दी गई थी। लालू जी की सरकार बनने पर जब पिछड़ों, अतिपिछड़ों और दलितों को उनके अधिकारों का एहसास कराया गया और मानसिक गुलामी से मुक्ति दिलाई गई साथ हीं राजनीतिक और प्रशासनिक भागीदारी दी गई तो इन लोगों को वह जंगल राज दिखाई दे रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेताओं के बातों को कोई अब गंभीरता से लेता भी नहीं है क्योंकि सभी इस बात को समझ चुके हैं कि भाजपा केवल झूठ बोलने वालों की पार्टी है।

दूसरे राज्यों को लुभा रहा बिहार का हेल्थ सिस्टम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार का हेल्थ सिस्टम और इसकी नवाचारयुक्त गतिविधियाँ देश के दूसरे राज्य के स्वास्थ्य विभागों और अधिकारियों को लुभा रहा है। अभी केरल के स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम यहाँ दो दिन रहकर हेल्थ डिजिटल पहल और गुड प्रैक्टिस को देखा, सराहा और बेहतरीन अनुभवों के साथ लौट गया। अब बंगाल के स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम फाइलेरिया उन्मूलन के लिए बने फाइलेरिया मरीजों के समूह के कार्यों और उसके कार्य करने के तरीकों को देखने आने वाली है। यह दौरा इस महीने अन्तिम सप्ताह में हो सकता है। इसी अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों ने भी बिहार का दौरा किया था। हेल्थ डिजिटल पहल में रही खूब दिलचस्पी केरल के स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम बिहार में दो दिन रही और मुआयना करने के बाद पिछले शनिवार को लौट गयी। इस टीम ने मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का दौरा किया। मुजफ्फरपुर के डीपीएम रेहान अशरफ ने बताया कि केरल के अधिकारियों की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड और वैशाली जिले में हेल्थ डिजिटल पहल और गुड प्रैक्टिस को सूक्ष्मता से देखा और इसकी सराहना की। टीम ने डॉक्टर के पुर्जे, लैब रिपोर्ट और पेपरलेस तरीके से मरीजों को इलाज की सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए भव्या एप में खूब दिलचस्पी दिखायी। केरल की टीम ने भव्या एप के लिए पायलट जिला रहे मुजफ्फरपुर के सकरा प्रखंड में भव्या एप के माध्यम से चल रहे डिजिटल ओपीडी, वीटल, लैब, एमआशा एप और अन्य पेपरलेस कार्यों का निरीक्षण किया और उसके संचालन के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि राज्य के 30 जिलों में भव्या एप का संचालन होना है। इसी माह आयेगी बंगाल की टीम इस बीच, बंगाल के स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम फाइलेरिया उन्मूलन के लिए बने फाइलेरिया मरीजों के समूह के कार्यों और उसके कार्य करने के तरीकों से अवगत होने इस महीने अन्तिम सप्ताह में आने वाली है। राज्य के करीब 10 जिले में बने फाइलेरिया मरीजों के समूहों द्वारा सर्वजन दवा सेवन के दौरान काफी सहयोग किया जाता है। बंगाल के स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम उनके इस कार्य पद्धति का अध्ययन करेगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल के अधिकारियों ने सीतामढ़ी का दौरा किया था

तख्तश्री कमेटी के सचिव हरबंश को पंज प्यारों ने किया तनखैया घोषित

- तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह के पक्ष में पत्र जारी करने का है आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पंज प्यारों ने रविवार की सुबह दरबार साहिब में बैठक कर तख्तश्री कमेटी के सचिव हरबंश सिंह को तनखैया घोषित कर दिया। इस संबंध में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने कहा कि 21 अप्रैल, 2024 दिन रविवार को तख्तश्री पटना साहिब के दरबार साहिब में पंज प्यारे सिंह साहिबानों की विशेष बैठक हुई। इसमें दो अप्रैल, 24 को प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के सचिव हरबंश सिंह ने पंज प्यारे को लिखती स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि सात मई, 2023 को रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन की सेवा जारी रखने वास्ते जो पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, वह झूठ और फर्जी है। रणजीत सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान इस पत्र का जिक्र किया है। साथ ही अदालत में भी इस पत्र का आधार बना तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी पर मुकदमा किया है। उस पत्र में आपका ही दस्तखत है। आप पंज प्यारे के समक्ष भी झूठ बोल रहे हैं। कुछ संगतों ने भी आपके खिलाफ और कुछ सदस्य का भी लिखित शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। इसलिए फैसला लिया गया है कि आपके द्वारा बार-बार तख्तश्री पटना साहिब की मयार्दा का उल्लंघन का दोष के कारण तनखैया घोषित किया जाता है। तनखैया घोषित किए जाने के जारी पत्र में जत्थेदार सह मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह, एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, ज्ञानी गुरदयाल सिंह, वरीय मीत ग्रंथी परशुराम सिंह और मीत ग्रंथी अमरजीत सिंह के हस्ताक्षर हैं। दरअसल सात मई, 2023 को सचिव हरबंश सिंह का हस्ताक्षर किया हुआ एक पत्र है, जिसमें लिखा गया है कि श्री रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन जत्थेदार, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पिछले साल अगस्त, 2022 में डॉ गुरविंदर सिंह सामरा के द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत जज आरएस सोढ़ी के नेतृत्व में हाई पावर जांच कमेटी का गठन किया गया था। उसमें आपको (ज्ञानी रणजीत सिंह) निर्दोष बताया गया है। इस कारण से आपकी सेवा पर लगा प्रतिबंध पूरी तरह समाप्त हो गया है। इसलिए कृपया पंज प्यारों की सहमति से तख्त साहिब पर अपनी सेवा पहले की तरह शुरू करें। यदि इस पत्र को सही और हरबंश सिंह के हस्ताक्षर भी सही मान लिया जाए, तो उन्होंने ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन को सेवा शुरू किए जाने का दिए आदेश के साथ ही सेवा शुरू करने के पहले पंज प्यारों की सहमति लेने की बात भी कही गई है।

बालाजी गुणगान महोत्सव पर सामूहिक सुंदर कांड का पाठ, कीर्तन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राधे श्याम परिवार की ओर से बालाजी गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया। चौक स्थित श्री सनातन धर्म परिसर में भव्य पंडाल के बीच श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार बनाया गया था। दरबार को अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर का रूप दिया गया था। महोत्सव में सामूहिक सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ 501 महिलाओं के द्वारा किया गया। इसे स्वर दिया कोलकाता से आए बालकृष्ण शर्मा ने। संस्था की संस्थापिका शोभा गुप्ता ने पाठ कर रही महिलाओं को मांगटीका प्रदान किया। आयोजन में भजन कीर्तन की प्रस्तुति लखनऊ की विभा मिश्र और कोलकाता के राजगुरु ने दिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, महापौर सीता साहू समेत अन्य गण्यमान्य लोग बाबा के दरबार में आकर मत्था टेका। इन सबों का स्वागत अखिलेश अग्रवाल, संयोजक आलोक गुप्ता, संजय गोलवारा व पंकज लोयलका ने प्रतीक चिन्ह देकर किया। आयोजन में रंजीत मित्तल, बाबूलाल अग्रवाल, संगीता झुनझुनवाला, सीमा शर्मा, राजाराम शर्मा, सरोज जायसवाल, संजीव मिश्र अमित पांडेय, आनंद कमलिया, दीपक गोयनका, अमित मुदगल, विपुल जगनानी, चंदन अग्रवाल, सोनू लोयलका, शंकर सरावगी आदि सक्रिय थे।

एनडीए की सरकार में बिहार और देश बढ़ रहा है आगे : सम्राट

कहा-यह चुनाव देश प्रथम और परिवार प्रथम की सोच रखने वालों के बीच

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कहा कि यह चुनाव मुख्य रूप से प्रधानमंत्री चुनने वाला तो चुनाव है ही, लेकिन यह चुनाव देश प्रथम और परिवार प्रथम की नीतियों के बीच का चुनाव है। एक तरफ एनडीए है जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं, जिनके लिए पूरे देश के लोग ही परिवार हैं जबकि दूसरी तरफ सिर्फ अपनी पत्नी, बेटे और बेटियों तक सीमित रहने वाले लोग हैं। श्री चौधरी रविवार को बांका लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत शाहकुंड में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी गिरधारीलाल यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लालू प्रसाद जी ने अपने परिवार के अलावा अपने समाज तक को नहीं देखा। जब मौका मिला तो पहले पत्नी और फिर अपने बेटे और बेटियों को कुर्सी देने में लग गए। आज एक टूरिस्ट बेटी को एम पी बनाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि लालू जी के लिए परिवार ही सबकुछ है। विकास भी परिवार के लिए, उप मुख्यमंत्री और मंत्री की कुर्सी भी परिवार के लिए और टिकट भी परिवार के लिए। उन्होंने लोगों से एनडीए की प्रचंड जीत का आह्वान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार भर में एनडीए के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। दूसरे चरण में भी शत-प्रतिशत एनडीए ही जीतेगी। उन्होंने कहा कि यहां की जनता-जनार्दन ने हाथ उठाकर फिर एकबार मोदी सरकार पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को वोट करें और देश को श्रेष्ठ बनाएं। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि एनडीए की सरकार में बिहार और देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जी ने कई वर्षों की समस्याओं का समाधान निकाला है।

राजद का इस बार भी नहीं खुलने वाला है खाता :

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हताशा में राजद-कांग्रेस के दोनों शहजादे अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए 150 सीट का आंकलन करने वाले राहुल को कांग्रेस के 15 पार करने का भी भरोसा नहीं है। अपनी अमेठी की परंपरागत सीट छोड़ कर केरल के वायनाड भागे राहुल गांधी चुनाव परिणामों को लेकर कितने हताश है, इसका अंदाजा उनके बयानों को सुनकर लगाया जा सकता है। पहले चरण में पूरे देश में 102 सीटों पर मतदान हो चुका है,मगर आजतक राहुल गांधी ने यह नहीं बताया कि कांग्रेस कितनी सीटें जीत रही है? श्री चौधरी ने कहा कि यही हाल राजद के शहजादे की भी है। राजद का इस बार भी बिहार में खाता नहीं खुलने वाला है। लालू परिवार जीरो पर आउट होगा। परिवारवादी-भ्रष्टाचारी लालू परिवार को बिहार की जनता पहले ही रिजेक्ट कर चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में झांसे पर नहीं मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसा है।

लोजपा नेता चौधरी महबूब अली कैसर की राजद में घर वापसी

कहा- सामाजिक और आर्थिक न्याय को मजबूती प्रदान करेंगे

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

खगड़िया के लोजपा सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने रविवार को बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की मौजूदगी में राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि बिहार में लोकसभा चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आयेंगे और देश के अन्दर मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन लोगों के समर्थन और विश्वास को जीता का काम कर रहे है। इन्होंने आगे कहा कि चौधरी महबूब अली कैसर ने जो निर्णय लिया है, यह एक बेहतर कदम है और इससे गंगा -जमुनी संस्कृति को मजबूती मिलेगी। साथ ही लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। आज देश में दो विचार धारा की लड़ाई है। एक तरफ संविधान बचाने वाले लोग खड़े हैं वहीं दूसरी ओर संविधान को कहीं न कहीं कमजोर करने के लिए अपने राजनीतिक हित में जो लोग इस्तेमाल कर रहे हैं उसको करारा संदेश आज के मिलन समारोह से मिलेगा। साथ ही इनके इस निर्णय से राज्य और देश में एक मजबूत मैसेज गया है। राजद की सदस्यता ग्रहण करते हुए खगड़िया के सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने कहा कि हम पूरी ईमानदारी से पार्टी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। मुझे आज तक समझ में नहीं आया कि मेरा टिकट आखिर काटा क्यों गया? लड़ाई चाचा-भतीजे में थी लेकिन शिकार हम बनें और मुझे गद्दार कहा गया जो मेरे लिए तकलीफदेह बात थी जबकि मैंने नहीं बल्कि चिराग ने एनडीए के साथ गद्दारी की और नीतीश जी के खिलाफ क्या-क्या नहीं बोला यह सबको पता है। आज हम राजद के साथ आये हैं। हम पार्टी के नीतियों और लालू जी के सामाजिक न्याय और तेजस्वी जी के आर्थिक न्याय को मजबूती प्रदान करेंगे। तेजस्वी ने 17 महीने में जो किया है ,उसे भुलाया नहीं जा सकता है। 17 महीने में ही पांच लाख से ऊपर नौकरियां दी गई। यह नौजवानों के लिए एक बेहतर संदेश है। प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने चौधरी महबूब अली कैसर और उनके साथियों को पार्टी का प्रतीक चिन्ह का गमछा एवं माला पहनाकर तथा सदस्यता रसीद देकर राजद की सदस्यता ग्रहण करायी। साथ ही गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक एवं भोला यादव सहित अन्य के समक्ष राजद विधायक मो युसुफ सलाउद्दीन, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, एजाज अहमद, मृत्युंजय तिवारी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह, प्रमोद कुमार राम, फैयाज आलम कमाल, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, निर्भय अम्बेदकर, अभिषेक सिंह, उपेन्द्र चन्द्रवंशी सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

कैसर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं डॉ इकबाल शमी प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत

पटना। चौधरी महबूब अली कैसर राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं डॉ इकबाल मोहम्मद शमी प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा चौधरी महबूब अली कैसर को राजद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने डॉ. इकबाल मोहम्मद शमी को प्रदेश का प्रवक्ता मनोनीत किया है। डॉ इकबाल मोहम्मद शमी पूर्व में भी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रह चुके हैं।

मोदी सरकार के फायदे को जानती है जनता : विजय

- कहा- देश को भ्रमित करने वालों को जनता देगी जवाब

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता अब टोली बना कर झूठ और भ्रम फैलाने में जुट गए हैं। भ्रष्टाचारियों और परिवारवादी जमींदारों की इस टोली को नरेंद्र मोदी जी की निष्पक्ष, निडर और नतीजे देने वाली सरकार रास नहीं आती। श्री सिन्हा ने कहा कि इंडी गठबंधन के गुटबाज लोग देश को राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता की ओर ले जाना चाहते हैं, ताकि करप्शन और कमीशन की इनकी दुकान चलती रहे। ये लोग तो भूल गए हैं पर देश और प्रदेश की जनता नहीं भूली की 1989 से लेकर 2014 तक गठबंधन की सरकारों के दौर में विकास की आड़ में सत्ता के ब्रोकरों ने कैसे- कैसे काम किए । आए दिन राजनीतिक और सामाजिक गतिरोध, सत्तपोषित घोटाले और बेलगाम अफसरशाही की खबरें आती थीं। आम जनता की गाढ़ी कमाई को लूटकर बंदरबांट करने वाले ये परिवारवादी जमींदार अपना साम्राज्य बढ़ाने में लगे थे। देश ही नहीं विदेशों में भी केवल भारत के भय, भूख और भ्रष्टाचार की ही चर्चा होती थी। ये लोग एकबार फिर से देश आतंक और अराजकता के उसी दौर में ले जाना चाहते हैं। श्री सिन्हा ने कहा- लेकिन देश की जनता पिछले एक दशक से मोदी जी की परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के लिए तत्पर मजबूत सरकार के फायदे को भलीभांति समझ चुकी है। स्पष्ट बहुमत और मजबूत इरादे वाली मोदी जी की सरकार ने विकास के हर मानदंड पर शानदार प्रदर्शन तो किया ही है साथ ही दुनिया भर में भारत की शाख को बढ़ाने का भी काम किया है। इसलिए चार जून को तो एनडीए 400 के पार तो होगी ही साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में भी हम दो तिहाई से ज्यादा बहुमत लाने में सफल होंगे।

जुमलों के पहाड़ को जनता ने वोट से ढाह दिया : तेजस्वी

कहा- घर से निकले और बदलाव के लिएकरें वोट

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

तेजस्वी यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। रविवार को राजद कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कहा कि भाजपा ने जो जुमलों का पहाड़ और बरसात की थी उसे प्रथम चरण के चुनाव में लोगों ने वोट के माध्यम से बहा दिया। मोदी जी तो गांव के बारे में बोलते ही नहीं है। जबकि भारत की आत्मा गांव में बसती है और हम बार-बार बोल रहे हैं कि मोदी मुद्दा नहीं है। मुद्दा स्थानीय है और वह हावी है और स्थानीय मुद्दे को देखते हुए ही लोगों ने चुनाव में बटन दबाया है और स्थानीय मुद्दे ही चुनाव में असल मुद्दे होने चाहिए। स्थानीय मुद्दे को देखते हुए ही लोगों ने चुनाव में बटन दबाया है। उधर, तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि वे हमारे लिए आदरणीय हैं और वो हमारे या हमारे परिवार पर चाहे जितना भी बोल लें हम उसे आशीर्वाद के रूप में लेते हैं। कुछ चार-पांच लोग हैं वहां जो मेरे चाचा को हाई जैक कर लिए हैं। जब वक्त आएगा और हम किताब लिखेंगे तो सारी बात उसमें लिखेंगे। लेकिन जहां रहे स्वस्थ रहें जब उनके साथ थे हम तो बेटे की तरह साथ खड़े थे। हमारी संस्कृति नहीं है जो हमारे पापा के मित्र रहे पिता तुल्य हैं तो उन पर हम क्या बोले वह जो भी बोल कुछ भी बोले। रांची में इंडिया अलायंस की रैली है और कल्पना सोरेन जी ने काफी पहले फोन करके मुझे जानकारी दी थी तो हम वहां जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने पूर्णिया सीट पर राहुल गांधी के प्रचार में नहीं जाने के सवाल पर भी जवाब दिया है। तेजस्वी ने नीतीश कुमार को लेकर भी बड़ी बातें कहीं हैं। दरअसल, तेजस्वी से जब सवाल किया गया कि बिहार आने के बाद भी राहुल गांधी पूर्णिया में चुनाव प्रचार करने नहीं गए, ऐसा क्यों? तो इसके जवाब में तेजस्वी ने कहा कि अब आप लोग ही लिस्ट बनाकर दे दीजिए कि किसे बुलाना है और किसे नहीं। इसके बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि राहुल जी का कार्यक्रम था लेकिन वह नहीं गए। उन्होंने अपने नेता तारिक अनवर जी को मेरे साथ भेज दिया। इसके आलावा तेजस्वी यादव ने इशारों ही इशारों में पप्पू यादव को लेकर भी कहा कि यदि हमें सीट मिली है तो हमलोग अपना कैंडिडेट तो देंगे ही न। इससे अधिक इस मामले में मुझे कुछ नहीं बोलना है। हम पूर्णिया जा रहे हैं, वहां जाकर जनता के बीच अपनी बातों को रखेंगे। अब वहां कोई हमारे खिलाफ ही प्रचार कर रहा है। यह गलत बात है। जब कोई व्यक्ति हद से ज्यादा इधर उधर करता हैं और फिर भी अपना प्रचार करता है। वहीं,कम वोटिंग को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि सब लोगों को घर से निकल करके वोट देना चाहिए बदलाव के लिए वोट देना चाहिए। ऐसी सरकार को चुनना चाहिए जो आपके लिए कम करें केवल बकवास ना करें झूठ ना बोले।

तेजस्वी यादव राजद शासन काल की हकीकत को बताएं: सेतु

पटना। जदयू के मीडिया पैनलिस्ट और प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की कविता का जवाब अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दिया है। दरअसल तेजस्वी यादव ने अपनी कविता में एनडीए सरकार पर अत्याचार और तानाशाही का आरोप लगाकर हर हाल में उसे बदलने की बात कही है। श्री सेतु ने इस पर पलटवार करते हुए अपने एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि तेजस्वी यादव को उनके पिता लालू प्रसाद और माता राबड़ी देवी के शासनकाल में बिहार में जो हुआ उसके बारे में भी जनता को बताना चाहिए। लालू राबड़ी राज चले जाने का यदि किसी को कोई सबसे अधिक फायदा हुआ है तो वह है बिहार की जनता। श्री सेतु ने कहा है कि नेता विपक्ष तेजस्वी यादव एक्स पर पोस्ट की गई अपनी कविता में एनडीए सरकार पर अत्याचार और तानाशाही का आरोप लगाकर उसे बदलने की बात करते हैं, मगर उनको इसके साथ- साथ अपने पिता के शासनकाल में हुए कई घोटालों का भी जिक्र करना चाहिए। चारा घोटाला के मामले में लालू प्रसाद सजायाफ्ता हैं और जेल गए और अब पॉलिटिक्स करते हैं। सीएम रहते लालू प्रसाद सड़कें न बनवाकर उसका पूरा अलकतरा डकार गए। रेल मंत्री रहते रेलवे को भारी नुकसान पहुंचाया। रेल पटरियों के साथ ही, पूरा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त कर दिया। तेजस्वीजी आप कविता से डींगें न हांकें। लालू परिवार की पूरी पोल पटटी खुल गई है। लालू राज में भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था का क्या आलम था, इसके बारे में भी लोगों को पता है। जनता अब दोबारा उस दौर में लौटना नहीं चाहती है।

अपना वास्तविक योगदान बताएं तेजस्वी: राजीव

- नौकरी देने के एक ही झूठ का लगातार कर रहे प्रचार

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। रविवार को जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद के युवराज के बयानों को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों में झूठ बोलने का कम्पटीशन छिड़ गया है। झूठ की राजनीति के महारथी बन रहे इन युवराजों को समझना चाहिए कि उनके जंगलराज की कालिख 17 महीनों पर बोले जा रहे झूठ से धुलने वाली नहीं। उन्होंने कहा कि आजकल तेजस्वी 5 लाख नौकरी देने के एक ही झूठ का लगातार प्रचार कर रहे हैं। जंगलराज के युवराज से हमारा आग्रह है कि दिल पर हाथ रख कर जनता को बताएं कि इन नौकरियों को देने में उनका क्या योगदान है? तेजस्वी के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी जी को समझना चाहिए कि इंटरनेट के जमाने में झूठ छिपता नहीं है। कोई भी पुरानी खबरों को सर्च कर के देख सकता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने 2020 में ही 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने की घोषणा कर दी थी। चुनाव बाद सरकार बनते ही इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी थी। तेजस्वी जी के कदम उसके बाद सरकार में पड़े। उन्हें तो इन नौकरियों के बारे में जानकारी तक नहीं थी। इंटरनेट पर कोई भी जांच कर सकता है कि उस समय 10 लाख नौकरियों के बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी जी और उनके नेता बगले झांकते हुए, मुख्यमंत्री बनने के बाद ऐसा करने की बात कहते थे। उन्होंने कहा कि हकीकत यही है कि जब एनडीए सरकार में तय हुई शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही थी, तब तेजस्वी जी के शिक्षामंत्री कार्यालय तक नहीं जाते थे। यहां तक कि बहालियों की फाइल पर उनके दस्तखत तक नहीं हैं। यह तेजस्वी जी का सौभाग्य था कि जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 25 हजार बहालियों के नियुक्ति पत्र बांट रहे थे तो अन्य मंत्रियों के साथ उन्होंने तेजस्वी को भी बुला लिया था। आज तेजस्वी जी अपनी उसी तस्वीर को भुना रहे हैं। इस मौके पर जदयू के मीडिया पैनलिस्ट डॉ मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि हकीकत में लालू-राबड़ी काल के 15 वर्षों की बजाए नीतीश सरकार के 17 महीनों का बार-बार जिक्र कर के तेजस्वी अपने डर को दिखला रहे हैं। उन्हें भी पता है राजद राज के नाम पर उनके पास बताने को कुछ नहीं है। इसी बेचारगी में उन्हें झूठ बोलकर काम चलाना पड़ रहा है। मुख्य रूप से प्रवक्ता हिमराज राम, मनीष यादव, डॉ हुलेष मांझी, पल्लवी पटेल मौजद रहें।

विकास कार्यों के आधार पर जदयू को वोट करेगी जनता: उमेश

- कहा-राजद-कांग्रेस पूरे देश में भ्रष्टाचार की प्रतीक

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विगत 18 वर्षो में हुए विकास के अनेकों काम हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और बिहार की जनता ने इस बार जात-पात से ऊपर उठकर विकास के मुद्दों पर वोट देने का मन बना लिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार एवं बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में बेमिसाल काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं था लेकिन आज बिहार के सभी जिलों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई सुचारु रूप से हो रही है। वर्ष 2005 में बिहार के 12.5 फीसदी बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। जिसमें ज्यादातर दलित, महादलित और अल्पसंख्यक समाज के बच्चे थे लेकिन बिहार में आज स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की संख्या घटकर 1 फीसदी से भी कम हो गई है। इतना बड़ा परिवर्तन बगैर मजबूत दृढ़ संकल्प के संभव नहीं था। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार के 18 वर्षों के शासन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर, काला जार मरीज, लैंगिक असमानता, टीकाकरण समेत अन्य स्वास्थ्य मानकों में स्थिति काफी बेहतर हुई है। 2005 से पहले नियमित टीकाकरण महज 18 फीसदी होता था। जो अब बढ़कर 86 फीसदी हो गया है। साथ ही 2005 से पहले में प्रतिमाह प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर औसतन मरीजों की संख्या केवल 39 थी, वह बढ़कर 10 हजार से अधिक हो गई है। आज बिहार में कुल 18 मेडिकल कॉलेज हैं, अब बिहार के बच्चों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए अन्य प्रदेशों में जाने की नौबत नहीं आती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहचान विकास और सुशासन से है बल्कि राजद-कांग्रेस पूरे देश में भ्रष्टाचार की प्रतीक है। बीते 18 सालों के दौरान नीतीश कुमार पर एक भ्रष्टाचार का आरोप तक नहीं लगा। हमारे नेता की बेदाग छवि हमारी पार्टी और गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का असर बिहार के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है।

दो करोड़ युवाओं को नौकरी के वादे का क्या हुआ : भाकपा

- देश का युवा भाजपा से मांग रहा है जबाब

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े विभिन्न जनसंगठनों की बैठक 21 अप्रैल 2024 को हुई। बैठक में बेगूसराय लोकसभा सीट से महागठबंधन का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार कामरेड अवधेश कुमार राय की जीत सुनिश्चित करने और बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवार को जीताने का निर्णय लिया गया। भाकपा लोकसभा चुनाव में देश बचाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, भाजपा और उसके सहयोगियों को हराओं नारे के साथ चुनाव मैदान में है। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार देश के लिए विनाशकारी साबित हुआ है। भाजपा सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन के कारण लोगों का जीवन दयनीय हो गया है। बेरोजगारी और महंगाई लोगों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गई है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा शासन में पूंजीपतियों की संपत्तियों में अपार बढ़ोतरी हुई है तो गरीबों को गरीबी की ओर धकेल दिया गया है। आरएसएस के विचारधारा द्वारा नियंत्रित भाजपा हमारे संविधान के मूल मूल्यों जैसे धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, संघवाद, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को समाप्त करने पर तुली हुई है। भाजपा के सत्ता में बने रहने का मतलब होगा हमारे देश के लोगों के लिए दूखों में वृद्धि और हमारे संविधान और उसमें निहित आदर्शों के लिए मौत की घंटी। लोकसभा चुनाव-2024 के आम चुनाव हमारे देश और भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बीजेपी ने देश को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से विफल कर दिया है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रत्येक साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी का वायदा किया था। कहाँ है 20 करोड़ नौकरी? देश का युवा भाजपा से इसका जबाब मांग रहा है। देश के 83 फीसदी युवा बेरोजगार हैं। किसानों की आमदनी दो गुनी करने की घोषणा की गई थी, किसानों को न न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल रहा है और न ही निर्धारित मूल्य पर खाद बीज मिल रहा है। 2019 से प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) गरीबों को मिलना बंद हो गया है। भाजपा सरकार में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। इस सरकार में लूट बढ़ी है। सार्वजनिक कंपनियों को कौड़ी के भाव में बेचा जा रहा। मोदी की गारंटी झूठ और जुमला है। बिहार की जनता भाजपा के झांसे में आनेवाला नहीं है। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवार की जीत होगी। बैठक की खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव जानकी पासवान ने की जबकि संचालन रामलला सिंह ने किया। बैठक को राज्य सचिव मंडल सदस्य रामबाबू कुमार, निवेदिता, विजय नारायण मिश्रा सहित विभिन्न जनसंगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

विकासशील इंसान पार्टी के लिए जीवन-मरण का चुनाव हो गया है : निषाद

पटना। जदयू के प्रदेष प्रवक्ता अरविन्द निषाद ने कहा कि विकासशील इन्सान पार्टी के द्वारा लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे गए पत्र का जवाब देते हुए कहा कि ऐसे संकेत मिलने लगा है कि पूर्व मंत्री एवं विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक मुकेश सहनी राजनैतिक तौर से बीमार हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव मुकेश सहनी एवं विकासशील इंसान के लिए जीवन-मरण का चुनाव हो गया है । इंडिया गठबंधन में तीन सीटों पर लड़ी रहे वीआईपी पार्टी चुनाव जीतने के लिए नही बल्कि अपने उम्मीदवारों की कैसे जमानत बचे इसकी लड़ाई लड़ रहा है। श्री निषाद ने कहा कि बिहार के निषाद एवं मल्लाह समाज के लोग मुकेश सहनी से सवाल कर रहे हैं मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है? मुकेश सहनी के द्वारा विषादों के नाम अपनी अंतिम राजनैतिक रोटी सेकने का मोका है। इस लोकसभा चुनाव के बाद मुकेश सहनी मुंबई में फिल्म का सेट लगाने के धंधे में पुनः लोट जायेंगे। मुकेश सहनी का राजनैतिक पैंतरेबाजी को निषाद समाज नहीं चलने देगा।

प्रबुद्ध हिंदू समाज के तत्त्वावधान में आयोजित हुआ संयुक्त जयंती समारोह

आत्मोद्धारक थे तीर्थंकर महावीर और गुरु तेग बहादुर,अम्बेडकर थे समाजोद्धारक

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

अपनी आध्यात्मिक-चेतना से मानव-समुदाय की आत्मा के उद्धारक थे जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर। अपने समय में गुरु तेग बहादुर सिंह ने भी यही कार्य किया। उन्होंने आत्म-सम्मान और आदर्शों की रक्षा हेतु बलिदान की शिक्षा दी। ये दोनों महात्मा आत्मोद्धारक थे तो वहीं डा भीमराव अम्बेडकर समाजोद्धारक थे। उन्होंने हिंदू समाज में दलितों की अवस्था में परिवर्तन लाने का महान और सफल उद्यम किया। यह बातें रविवार को प्रबुद्ध हिंदू समाज के तत्त्वावधान में पटेल नगर स्थित देव पब्लिक स्कूल में आयोजित भगवान महावीर जैन, गुरु तेगबहादुर सिंह एवं अम्बेडकर जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि भगवान महावीर ने समाज को जो पाठ उपदेश के माध्यम से पढ़ाए, वही शिक्षा गुरु तेग बहादुर ने अपने बलिदान से तथा एक अन्य रूप में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने समाज को दी। अम्बेडकर ने शिक्षा पर बल दिया। वे मानते थे कि उचित शिक्षा के अभाव और विवेक-हीनता के कारण, समाज में भेद-विभेद है। शिक्षित और संगठित होकर, समन्वय के सिद्धांत पर चलकर हम समाज में व्याप्त कुरितियों का नाश कर सकते हैं और एक समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। डा सुलभ ने कहा कि आदिकाल में जब ज्ञान अपने उत्कर्ष पर था, तब मानव-समाज आनंद में था। भेद नहीं थे। वैमनस्य नहीं था। किंतु मध्य-काल में हमारी शिक्षा और संस्कृति दोनों ही प्रभावित हुईं और भारतीय समाज रूढ़ियों और व्यसनों से ग्रस्त होता चला गया। इसीलिए भारत के राष्ट्रीय-जीवन में पराभव आ गया। उन्होंने कहा कि चरित्र-निर्माण करनेवाली मूल्यवान शिक्षा के माध्यम से ही हम समाज के सभी विकारों को दूर कर सकते हैं। डा सुलभ ने कहा कि भगवान माहावीर ने बर्बर होते जा रहे मानव-समुदाय को उसके सद्गुणों से परिचित कराया। यह बताया कि प्रेम और अहिंसा का मार्ग ही मनुष्यता का मार्ग हो सकता है। समस्त प्राणी-मात्र से प्रेम और करुणा का भाव रखकर ही हम मानव-जीवन को गुणवत्तापूर्ण, आनन्दमय, अर्थवान और कल्याणकारी बना सकते हैं। महावीर का दर्शन सह-अस्तित्व का सिद्धांत है। इनके बताए मार्ग पर चलकर मानव जीवन अपने आत्मिक उत्कर्ष को पा सकता है। समारोह के मुख्य अतिथि और पटना विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो जगन्नाथ ठाकुर ने कहा कि भगवान महावीर का जन्म बिहार में हुआ। वे जैन धर्म के २४वें और अत्यंत पूज्य तीर्थंकर हैं। उन्होंने संसार को बताया कि अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है। प्रबुद्ध हिंदू समाज के अध्यक्ष डा जनार्दन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में मधेपुरा विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो केशव प्रसाद सिंह, पटना विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो दीपक कुमार शर्मा, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, ई रंजन कुमार मिश्र तथा डा मनोज कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के महामंत्री आचार्य पाँचू राम ने अतिथियों का स्वागत तथा मंच-संचालन विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार देव ने किया।

धूम धाम से निकली भगवान महावीर की शोभा यात्रा

महावीर भगवान पधारो मन मंदिर में - लेकर मीठी तान पधारो मन मंदिर में

पटना। अहिंसा के अग्रदूत जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2622 जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ दिन रथ पर भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्रा प्रातः 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कांग्रेस मैदान कदमकुआ से प्रारंभ हुई । पूरे देश में बिहार हीं ऐसी पवित्र भूमि है जो भगवान महावीर की जन्म भूमि - कर्म भूमि एवं निर्वाण भूमि रही है। भगवन महावीर के पांचो कल्याणक बिहार में हीं हुए हैं। अतः बिहार में भगवान महावीर के जन्मोत्सव का पूरे देश के लिए बहुत महत्त्व है । भगवान महावीर की यह शोभा यात्रा प्रातः 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन, कांग्रेस मैदान कदमकुआ से प्रारंभ हुई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पीली साड़ी में एवं पुरुष सफेद वस्त्र में चल रहे थे। यह शोभा यात्रा कदमकुआं, होकर पीरमुहानी, सीडीए आफिस, एक्जीविशन रोड, न्यू डाकबंगला रोड, मौयार्लोक काम्प्लेक्स, बुधमार्ग ऊपरी फ्लाई ओवर पर चढ़ कर ऊपरी जीपीओ गोलम्बर, करबिगहिया गोलम्बर होते हुए पुल से मीठापुर उतरकर दिगम्बर जैन मंदिर तक आकर समाप्त हो गयी। शोभा यात्रा बहुत हीं उल्लास एवं उमंग तथा गाजे बाजे के साथ निकली जिसमे सैकड़ों जैन - अजैन परिवारों के पुरूष ,महिलायें एवं बच्चों ने भाग लिया ।

शोभा यात्रा का स्वागत : शोभा यात्रा का स्वागत पूरे रास्ते विभिन्न स्थानों पर आरती एवं अर्चना के साथ किया गया। महिलायें केसरिया परिधान तथा पुरुष सफेद परिधान में थे। जुलूस में मंजू जैन एवं अंकित जैन के नेतृत्व में भक्तिमय गीत वर्तमान में वर्धमान (महावीर) की आवश्यकता है एवं अन्य भक्तिमय गीत गाये जा रहे थे। जुलूस में गीत एवं नृत्य से पूरे वातावरण को भक्तिमय करते हुए भगवान महावीर के संदेश - प्राणी मात्र से प्रेम करो - जियो और जीने दो सभी धर्मो का सार - मत करो जीव संहार इत्यादि द्वारा जन - जन तक भगवान महावीर के सन्देश पहुंचा रहे थे, महिलायें पूरे रास्ते नृत्य संगीत करते चलती रही। शोभा यात्रा के आगे आगे भक्तगण सफाई का सन्देश देते हुए चल रहे थे। इस शोभा यात्रा में महिलाएं द्वारा पांच सामाजिक सरोकार पर झांकी भी निकाली गाई।महिलाओं की पहली झांकी में स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया गया। महलाओं की दूसरी झांकी में पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। तीसरी झांकी में राजस्थानी परवेश में धर्म प्रभावना का संदेश दिया गया। चौथी झांकी में भगवान के जन्मोत्सव को डांडिया नृत्य द्वारा दशार्या गया। पांचवीं झांकी में दिखाया गया कि आज नारी समाज के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। जज के, पुलिस के चिकित्सक के शिक्षक, महिला पोस्ट वीमेन, इत्यादि दिखाया गया। जैन युवा जागृति मंच के बच्चों द्वारा सारथी बनकर रथ संचालन किया गया। शोभा यात्रा में महिलायें भगवान महावीर के सन्देश लिखकर चल रही थी। इस शोभा यात्रा का चिरैयाताड रामनवमी कमिटी के द्वारा करबिगहीया पुल पर लस्सी,और ठंडई पिला कर स्वागत किया ,जिसमे दीपक जैन जी,सोनू जी,संजय यादव,संतोष यादव,मदन ,ज्ञानप्रकाश,अरविंदजी, प्रियरंजनजी, मनोज रजक, टुनटुन यादव सहित कई लोग शामिल थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

आज का अधिकतम तापमान रहा 39.5 डिग्री सेल्सियस

मुजफ्फरपुर। पछिया हवा के साथ भीषण गर्मी का कहर आज भी बरकरार रहा।मौसम के तेवर को देखते हुए गर्मी और लू से अगले कुछ दिनों तक राहत मिलने की सम्भावना नहीं है।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्रडॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्याल से के मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार , आज का अधिकतम तापमान 39.5डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।हालांकि कल की अपेक्षा आज अधिकतम तापमान में हल्की कमी आयी है।कल अधिकतम तापमान 40डिग्री सेल्सियस था। आज का न्यूनतम तापमान 20डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 1.5डिग्री कम है। आज पछिया हवा की गति 25.1किमी प्रति घंटा रही। सुबह में सापेक्ष आर्द्र 61 प्रतिशत तथा दोपहर बाद घटकर25 प्रतिशत हो गई।

हाथों पर मेहंदी से लिखकर बताया गया मतदान का महत्व

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन बूथ संख्या 89 पर जीविका दीदी को शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी निभाने के लिए शपथ दिलवाया गया। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान हेतु रंगोली बनाकर, रैली निकालकर, एवं जीविका दीदी के हाथों पर मेहंदी से लिखकर जागरुक करते हुए मतदान के महत्व को बताया। मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार पासवान, सामुदायिक समन्वक गोविंद कुमार, सती कुमारी, शिवधारी कुमारी, अनीता देवी, जयमाला कुमारी, वीना देवी एवं संबंधित पंचायत के कैडर उपस्थित थे।

जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बने संजीत कुमार झा उर्फ खखन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के विभूतिपुर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर संजीत कुमार झा उर्फ खखन का चयन किया गया है। संजीत कुमार झा उर्फ खखन जदयू के विभूतिपुर उत्तर पंचायत के पंचायत अध्यक्ष एवं विभूतिपुर कोषाध्यक्ष के पद पर सेवा दे रहे थे। उन्हें शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं ने बधाई दी है। मौके पर विभूतिपुर पूर्व विधायक रामबालक सिंह, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सरपंच पति की हुई मौत

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के मथुरापुर टारा पंचायत के सरपंच किरण देवी के पति फेकन राम की शनिवार की देर रात घर पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक सरपंच पति काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका ईलाज पटना में चल रहा था। जहां शनिवार की देर शाम मौत हो गई। राधा देवी, पूर्व मुखिया राजकुमारी देवी, चंदेश्वर प्रसाद चंदू, पूर्व सरपंच लाल बहादुर चौधरी, पांडव कुमार चौधरी, वर्तमान सरपंच मनोज कुमार चौधरी, नरेश राय, दिलीप ठाकुर एवं शिक्षक सुजीत कुमार सुमन शोक व्यक्त किया है।

नृत्य आत्मा की छिपी हुई भाषा है : कुमार कपिलेश्वर सिंह

दरभंगा।नृत्य वह भाषा है जिससे किसी भी देश या विदेश के लोगों से जुड़ा जा सकता है। मैं अपने पूर्वजों की तरह ही मैं भी आने पीढ़ी को कला के समर्पित कलाकारों को बढ़ावा दूँगा। ये उक्त बातें कुमार कपिलेश्वर सिंह ने सृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित ओडिसी नृत्य कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में बातें कहीं। वही ओडिशा से पधारे नृत्य गुरु साचीकांत प्राधान ने कहा की सृष्टि फाउंडेशन के बच्चों को इस बार के नृत्यांजली ओडिसी कार्यशाला में नटराज स्तुति सहित कई नृत्य नाटिका को समापन समारोह में बच्चों की प्रस्तुति को देखा जा सकता है। इससे पूर्व कुमार कपिलेश्वर सिंह, हेमपति झा, गुरु साचिकांत प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। वही स्वागत करते हुए जयप्रकाश पाठक ने कहा हमारा उद्देश्य नृत्य से कलाकारों में संस्कार भरना साथ ही नृत्य और कलाकारों को सही सामाजिक स्थान देना तथा आम लोगों के बीच इसका प्रचार प्रसार करना है। इस कार्यशाला में ओडिसी नृत्य, लोक नृत्य और नृत्य नाटिका जैसी कई प्रस्तुति होनी है, जो समापन समारोह में हर तरह के दर्शकों के लिए मनोरंजक और अद्भुत होगा। सृष्टि सभागार रामबाग में इस मौके पर रंगनाथ ठाकुर, रमेश झा, ज्योति प्रकाश, नयन कुमार मांझी, मनोज चौधरी सहित संस्थान के सभी छात्र,छात्राएं एवं उनके अभीवावक उपस्थित थे।

डकैती की योजना बना रहे व पूर्व में लूट मामले में संलिप्त सात अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग अलग जगहों से 07अपराधियों को किया गिरफ्तार।थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिला कि कुछ संदिग्ध युवक सौराठ सभा गाछी स्थित खंडहर के पास डकैती की योजना बनाने की उद्देश्य से एकत्रित हो रहे हैं त्वरित कार्रवाई करने पर अपराधियों को पकड़ा जा सकता है।उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारी सहायक अवर निरीक्षक मो0मोइन एवं चौकीदार के साथ सौराठ सभा गाछी के खंडहर के पास पहुंचा तथा चारों ओर से घेराबंदी कर लिया तो देखा की पांच युवक संदिग्ध अवस्था में एक लाल रंग के ग्लैमर मोटर साइकिल गाड़ी के पास खड़ा होकर आपस में बातचीत कर कोई अपराधिक योजना बना रहा है और किसी का आने का इंतजार भी कर रहा है तथा सभी हरवे हथियार से लैस थे तब एकएक पांचो युवकों पर शामिल पुलिस बलों के सहयोग से धावा बोलते हुए घेरे में लिया गया तीन युवक को पकड़ लिया गया तथा दो युवक भागने में सफल रहा पकड़ाए तीनों युवक से नाम पता पूछने पर अपना नाम आशुतोष झा पिता शत्रुघ्न झा ग्राम +थाना थाना सहारघाट दूसरा अमन झा पिता खगेंद्र झा साकिन जोकहि थाना बासोपट्टी तीसरा रितिक कुमार झा उर्फ रोहित झा उर्फ छोटू उर्फ नेता पिता प्रदीप झा सकीं हरिने थाना हरलाखी सभी जिला मधुबनी वहीं भागने वाला युवक का नाम पता पूछने पर पकड़ाए युवक ने बताया की रंजीत साहनी पिता विशेश्वर सहनी साकिन महिनाथपुर थाना बासोपट्टी,रतन झा पिता उदयकांत झा साकिन जोकही थाना बासोपट्टी के बताएं गिरफ्तार तीनों युवक के पास से तलाशी के क्रम में लोहे का बना लोडेड देशी कट्टा,दूसरा लोडेड देशी कट्टा को खोलने पर एक जिंदा कारतूस,तीसरा युवक के पेंट के बाएं पैकेट से एक जिंदा कारतूस,अमन झा के कब्जे से हार्ड फाइबर का बना पिस्टल के जैसा आर्म्स,रितिक कुमार झा उर्फ छोटू उर्फ रोहित झा उर्फ नेता के कब्जे से लोहे का बना डायगर चाकूनुमा बरामद हुआ।सुनसान जगह पर एकत्रित होने का कारण पूछने पर आशुतोष कुमार झा ने बताया कि हम लोग यहां पर लूटपाट करने के लिए एकत्रित हुए थे इससे पूर्व में भी दिनांक 16अप्रैल2024 को शाम को 7:00 बजे में एक मोटरसाइकिल सवार को हरवे हथियार का भय दिखाकर हम तीनों ने ही अपना ग्लैमर गाड़ी से पीछा करके होंडा एसपी 125 एवं मोबाइल लूटकर यहां से भाग गया था जो लाल रंग की ग्लैमर गाड़ी मेरे कब्जे में है वह चोरी का है इसी ग्लैमर गाड़ी से हम तीनों मिलकर इसी महीना में 12अप्रैल को शाम करीब 7:30 बजे सहारघाट थाना में एक व्यक्ति को उजाला रंग का अपाचे गाड़ी मोबाइल पैसा हथियार का भाई दिखाकर लूट लिए थे।मधवापुर थाना क्षेत्र में दिनांक 02 अप्रैल को शाम के समय हम तीनों मिलकर हथियार का भय दिखा के ग्लैमर गाड़ी लूट लिए तथा कुछ अपराधी साथी से मिलकर गाड़ी को बेच देते थे। पकड़ाए आशुतोष कुमार झा,अमन झा एवं रोहित झा ने भी अपना संलिप्ता स्वीकार किया। गिरफ्तार आशुतोष झा पिता शत्रुघ्न झा ग्राम+थाना सहारघाट अमन झा पिता खगेद्र झा ग्राम जोकही थाना बासोपट्टी 3,रितिक कुमार झा उर्फ छोटू रोहित झा पिता प्रदीप झा सकिन हरिने थाना हरलखी 4रंजीत सहनी पिता विशेश्वर सहनी सकिन महिनाथपुर थाना बासोपट्टी 5 रतन झा पिता उदय कांत झा सा जोकही थाना बासोपट्टी सभी जिला मधुबनी।वही थाना क्षेत्र में 16 अप्रैल को शाम 07बजे कपासिया गांव निवासी चमन कुमार ठाकुर से सौराठ सभागाछी से मुसहरी टोल के तरफ जाने वाली रास्ते से बाइक सवार तीन अपराधियों के द्वारा बंदूक और चाकू की नोक पर मोटरसाइकिल,मोबाइल,पर्स में रखे तीन चार हजार रूपए लूट मामले में गिरफ्तार अपराधियों ने अपना संलिप्ता स्वीकार किया।

मुखिया और पंचायत समिति में ठना विवाद, एक-दूसरे के विरुद्ध दिया आवेदन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत वाजिदपुर बम्बैया पंचायत के मुखिया सुशील कुमार चौधरी और पंचायत समिति सदस्य विपिन कुमार चौधरी के बीच विवाद ठन गया है। दोनों ने एक दूसरे के विरुद्ध विभूतिपुर थाना में अलग-अलग आवेदन दिया है। एक और जहां मुखिया सुशील कुमार चौधरी में आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं मनरेगा योजना के तहत वार्ड 10 व 11 में नहर उड़ाही का काम करवा रहा हूं। 16 अप्रैल को विपिन कुमार चौधरी तीन चार अज्ञात लोगों के साथ कार्य स्थल पर पहुंचा और बोला अरे मुखिया बहुत सरकारी काम करवाता है रंगदारी में दो लाख देना होगा नहीं तो काम नहीं करवाना। मैं बोला सरकारी काम है इसी पर गाली गलौज करने लगा और बोला रंगदारी रखना नहीं तो मार कर फेंक देंगे। पुनः 11:00 बजे रात्रि के करीब उपरोक्त सभी हरवे हथियार से लैस होकर आया और गाली गलौज करते हुए हाथापाई करने लगा। और गले से सोने का चेन छीन लिया। बोल आधा हुआ है आधा सुबह में देना नहीं तो गोली से उड़ा दूंगा। 17 अप्रैल की संध्या में बगल में भोज खाने गया। वहां भी वे लोग पहुंचकर गाली गलौज करने लगा एवं मारपीट किया। वे लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं। सरकारी काम में बाधा पहुंचाते हैं। वहीं दूसरी ओर पंचायत समिति सदस्य विपिन कुमार चौधरी ने थाना में आवेदन देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को बगल में भोज खाने के लिए गया था। कुर्सी पर बैठा था। वहां पर मुखिया सुशील कुमार चौधरी और विजय चौधरी दोनों मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। घटना का कारण है कि 16 अप्रैल रात्रि के समय सरकारी नहर में जेसीबी से मिट्टी कटाई संजीत नारायण चौधरी और चंदन कुमार चौधरी कर रहे थे। मैं पंचायत समिति सदस्य होने के नाते जाकर देखा। चुकी मनरेगा योजना में मजदूरों के बजाय रात्रि के समय जेसीबी से काम हो रहा था। थानाध्यक्ष आंनद कुमार कश्यप ने बताया कि दोनो ओर से आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

जलवायु अनुकूल प्राकृतिक खेती में अनुसंधान की गति तेज करने का आह्वान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में बदलते जलवायु परिदृश्य में प्राकृतिक खेती और उसके दायरे पर दो दिवसीय कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने इस दिशा में अनुसंधान कार्दिय तेज करने का आह्वान किया है। दो दिवसीय इस कार्यशाला का आज समापन था। कार्यशाला में दो दिन में छह तकनीकी सत्र आयोजित किये गये। जिसमें देश भर के दो सौ से अधिक कृषि वैज्ञानिकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यशाला में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्यों को बढ़ाने का आह्वान किया गया। यह कार्यशाला डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आयोजित की गई थी। कार्यशाला में देश के प्रमुख कृषि वैज्ञानिकों ने तकनीकी सत्रों के अतिरिक्त एक पैनल चर्चा में भी शिरकत की, जिसमें कृषि विश्वविद्यालय आनंद, गुजरात के कुलपति डॉ सी.के. टिम्बडिया और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रमेश्वर सिंह भी शामिल थे।समापन सत्र में, डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ पुण्यव्रत सुवीमलेंदु पांडेय ने एक सतत कृषि पद्धति के रूप में प्राकृतिक खेती के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विषम मौसम स्थितियों में इसकी क्षमता और जल उपयोग की दक्षता को रेखांकित किया। डॉ पांडेय ने कहा कि प्राकृतिक खेती के सीमित वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध है, इस पर वैज्ञानिकों को और अनुसंधान करने की आवश्यकता है।उन्होंने वैज्ञानिकों से जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक कृषि के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं तथा इसके प्रभाव को समझने के लिए और शोध करने का आह्वान किया। डॉ सी.के. टिम्बडिया ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य कृषि विश्वविद्यालय भी इसका अनुसरण करेंगे और किसानों के लिए व्यापक कृषि पद्धतियों को विकसित करेंगे।डॉ टिम्बडिया ने कहा कि पूसा विश्वविद्यालय ने कुलपति डॉ पी एस पांडेय के नेतृत्व में देश को जलवायु परिवर्तन के परिदृश्य में प्राकृतिक कृषि की एक नई राह दिखाई है।उन्होंने कहा कि डॉ पांडेय डिजिटल एग्रीकल्चर, ड्रोन ट्रेनिंग सहित पुरातन प्राकृतिक कृषि पर भी देश को नई राह दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य कृषि विश्वविद्यालय भी पूसा के दिखाये गये रास्ते पर चलने का प्रयास करेंगे। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामेश्वर सिंह ने कहा कि पूसा ने पहले भी कृषि को नई दिशा दी है और आज भी नवोन्मेषी अनुसंधान में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भी पूसा विश्वविद्यालय के विभिन्न सुझावों को अपने विश्वविद्यालय में लागू करेगा उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में देश के विद्वानों ने नई राह दिखाई है।

सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए की जा रही लगातार कार्यवाही में 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी बिहारी के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सफलता मिली है, इलाके में हो रही तस्करी के क्रम को रोकने के लिए चौकी प्रभारी बिहारी सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार की अगुवाई में अन्य जवानों के साथ विशेष गस्त के दौरान के दौरान अचानक से की गई कार्यवाही में भारतीय नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 293/01 से लगभग 100 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ मोटर साइकिल पर नेपाल से भारत लाई जा रही है नेपाली शराब 300 एमएल की 77 बोतलों के साथ एक तस्कर राहुल कुमार कामत उम्र 27 सुपुत्र राम सोग्रत कामत गांव जगत बेनीपट्टी पुलिस स्टेशन बेनीपट्टी जिला मधुबनी बिहार को बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। जब्त की गई शराब की बोतलों, मोटरसाइकिल एवं गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु मधवापुर थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा।गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके। आगामी चुनाव के मद्देनजर जो भी तत्व या सामग्री मतदाता को गलत तरीके से प्रभावित करने में मददगार होगी उन सभी पर कारवाई की जा रही है।साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

लाठी-डंडे से मारपीट की घटना में एक व्यक्ति की हुई मौत

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तीरा पंचायत के मलिकौली गांव में शनिवार के देर शाम बच्चों के विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर जाकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगा। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिवार के लोगों ने जख्मी व्यक्ति को ईलाज के लिए दरभंगा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमान नगर में भर्ती कराया। जहां जख्मी व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। जख्मी व्यक्ति डीएमसीएच पहुंचने से पहले ही जख्मी व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान मलिकोली गांव निवासी स्वर्गीय लक्ष्मेश्वर राय के 55 वर्ष से पुत्र लालदेव राय उर्फ लाल के रूप में हुई है। वहीं लोगों का बताना है कि 8 दिन पूर्व लालदेव राय एवं विपिन राय के बच्चों के बीच विवाद हुआ था। जिसको लेकर लाल देव राय ने विपिन राय के घर जाकर शिकायत किया। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने गुट बनाकर लालदेव राय के घर पहुंच कर मारपीट करने लगा। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट के ही क्रम में बिजली के पोल पर से लाइन काटकर अंधेरा कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने जमकर मारपीट किया। इसी मारपीट के क्रम में मरतिक के पत्नी ओर बेटा आशा देवी व प्रिंस कुमार भी गंभीर रूप जख्मी हो गए थे। परिजन जख्मी व्यक्ति को लेकर इलाज के लिए हनुमान नगर पीएचसी ले गए थे। जहां जख्मी व्यक्ति को ईलाज कराया गया। वहीं जख्मी व्यक्ति को बेहतर ईलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। जहां जख्मी व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मौत की खबर सुनते ही परिजन एवं घर के आसपास के लोगों में कोहराम मच गया। वहीं रविवार की दोपहर पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक व्यक्ति का शव घर पहुंचा। डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि फर्द बयान के आधार पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

फसल अवशेष प्रबंधन पर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जिला टास्क फोर्स के तहत अन्तर्विभागीय समूह की बैठक जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने खेतों में फसल अवशेष जलाने के कारण होने वाले नुकसान के बारे में किसानों एवं आमजनों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही जिले में धान अधिप्राप्ति के तहत एक भी लॉट सी.एम.आर. आपूर्ति नहीं करने वाले समितियों की सूची उपलब्ध कराने तथा एक सप्ताह के भीतर जांच कर कानूनी कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने लघु सिंचाई के तहत बंद पड़े नलकूपों की मरम्मती कार्य में तेजी लाने तथा सिंचाई की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। खेतों में पराली जलाने से मृदा के सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते है परिणामस्वरूप मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट हो जाती है। साथ ही वायु प्रदूषण पैदा होता है, जिसके कारण पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इसके अतिरिक्त फसल की उत्पादकता में कमी आती है। इस प्रकार मृदा, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए पराली जलाना अत्यंत हानिकारक है। इससे निजात पाने हेतु जिलाधिकारी ने किसानों एवं आम जनों के बीच जन जागरूकता अभियान चलाने तथा लोगों को इसके हानिकारक पहलू से अवगत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयक को इस जन जागरूकता अभियान से जोड़ने तथा पंचायत स्तर पर किसानों एवं आम जनों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

रोगों के निदान में कारगर है ज्योतिषीय उपाय : आचार्य डॉ राजनाथ

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।ज्योतिष में रोग विचार एवं उसके निदान विषय पर शनिवार को पटना के राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के कई चर्चित ज्योतिर्विदों ने जो उपाय व साधन बताए उससे बेशक लोगों के कष्ट व दुख काफी हद तक कम हो सकते हैं। विषय पर ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों तरह से चर्चा हुई। इसी क्रम में विशिष्ट वक्ता ज्योतिर्वेद विज्ञान संस्थान, पटना के निदेशक आचार्य डॉ राजनाथ झा ने कहा कि ज्योतिष में गणना के आधार पर रोगों की पहचान पहले से की जा सकती है तथा उसका उपचार भी सम्भव है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्योतिष की अवधारणाएं अत्यंत प्राचीन हैं जो कुछ मामलों में विज्ञान से परे हैं। इसलिए ज्योतिष की गणना को एकदम नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जातकों के ग्रह दशा, महादशा, अन्तर्दशा, प्रत्यंतर दशा के सूक्ष्म विश्लेषण के बाद स्पष्ट व सटीक फलित टिपण्णी के आधार पर बताए गए उपायों को अपनाकर रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने आज विशेषकर कैंसर रोग के जन्म और उसके ज्योतिषीय निदान पर व्याख्यान दिया। प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो कुणाल कुमार झा ने बताया कि ज्योतिषीय विधान के अनुसार ग्रह एवं राशि के कारण अनेक रोग होते हैं। ग्रह शांति कराकर रोगों से मुक्ति मिल सकती है। डॉ विवेक कुमार तिवारी एवं डॉ ज्योत्सना के संयुक्त संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो उमेश शर्मा ने भी विषय वस्तु पर गम्भीर विश्लेषण किया तथा सुझाये गए उपायों से लाभ लेने को भी कहा। ऑनलाइन माध्यम से रामधनी मिश्र संस्कृत महाविद्यालय, बक्सर के डा निर्भय कुमार पांडेय , केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय , लखनऊ परिसर के डा अश्वनी पांडे एवं संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय , वाराणसी से डा मधुसूदन मिश्र ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके अलावा ब्रजभूषण संस्कृत महाविद्यालय, खरखुरा,गया के डा अंबुज त्रिवेदी एवं महंत केशव संस्कृत महाविद्यालय, फतुहा के डा जीवानंद झा ने विविध रोगों एवं उसके निदान पर अपने वक्तव्य दिए। इस अवसर पर हथुआराज संस्कृत महाविद्यालय के डा अनिल कुमार झा ने कहा कि जिस तरह छाता के उपयोग से बर्षा खत्म नहीं हो जाती लेकिन ऐसा कर हम भींगने से अवश्य बच जाते हैं। ठीक उसी प्रकार ज्योतिषीय उपाय से हम बहुत हद तक रोगों से मुक्त हो सकते हैं। महंत केशव संस्कृत महाविद्यालय,फतुहा के डा उपेंद्र चौधरी ने भी अपना विचार रखा। मौके पर अनेक शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वैदिक मंगलाचरण गिरधारी कुमार झा ने किया। डॉ विवेक कुमार तिवारी ने मंच संचालन में हुए कार्यक्रम में स्वागत भाषण डा ज्योत्स्ना ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डा शिवानंद शुक्ल ने किया।

शिक्षा विभाग ने जिले के चार बीईओ के वेतन पर लगाई रोक, किया जवाब-तलब

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शिक्षा विभाग के पटना स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से बार बार कॉल करने के बाद भी रिसीब नहीं करना समस्तीपुर जिले के चार बीईओ को भारी पड़ गया। डीईओ ने चारों बीईओ का वेतन रोकने के साथ जवाब तलब किया है। जिन बीईओ पर यह कार्रवाई की गयी है उसमें मोहिउद्दीनगर, सिंघिया, उजियारपुर और विभूतिपुर के बीईओ शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शिक्षा निदेशक के आदेश पर समस्तीपुर डीईओ ने यह कार्रवाई की है। इस संबंध में निदेशक ने डीईओ को पत्र भेजा था। जिसमें उक्त चारों बीईओ पर स्वेच्छाचारिता व मनमानी रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया है। डीईओ को निर्देश दिया गया है कि जिस बीईओ का वेतन पहले से स्थगित है उनके विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर राज्य मुख्यालय को जानकारी दें। वहीं जो बीईओ पूर्व से निलंबित हैं या जिन पर पूर्व से ही आरोप पत्र गठित है उनके विरुद्ध पूरक आरोप पत्र गठित कर कठोर अनुशासनिक कार्रवाई करें। बता दें कि शिक्षा विभाग ने पटना में आम लोगों की शिकायतों का निवारण करने के लिए उक्त सेंटर की स्थापना कर रखी है। शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी को अवगत करा शिकायत दूर करने की जिम्मेवारी दी जाती है।

डंपर चालक से अवैध वसूली करते होमगार्ड जवान गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। हाईवे पर वसूली के मामले में पुलिस ने होमगार्ड को गिरफ्तार किया है। सदर थाने में तैनात होमगार्ड जवान नंद किशोर सहनी ने मुजफ्फरपुर हाजीपुर रोड स्थित रामदयालू के पास एक डम्पर चालक का करीब एक किलोमीटर दूरी तक वसूली के लिए पीछा किया। अंत में डम्पर चालक को रुकवाकर एन्ट्री के नाम पर 500 रुपए वसूल लिए। जवानों का रौब स्थानीय लोग भी देख रहे थे। नजारा भांप स्थानीय लोगों ने जवान का वीडियो बनाकर कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें नंदकिशोर का नजराना लेने का करतूत साफ-साफ दिख रही है। वीडियो वायरल होने के बाद एस एस पी राकेश कुमार ने जांच के निर्देश दिए। मामले में एक टीम गठन कर जांच की गई। इस दौरान होमगार्ड जवान नंदकिशोर सहनी का ट्रक चालक से रिश्वत लेने का मामला सत्य पाया गया। इसके बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए होमगार्ड जवान को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद होमगार्ड जवान को जेल भेज दिया गया। सीटी एसपी अवधेश सरोज दीक्षित ने बताया कि घुसखोर पुलिसकर्मी को किसी भी हाल में बख्सा नहीं जाएगा। चाहे वह थानेदार हो या थाने कासिपाही, घूसखोरी की शिकायत मिलने पर उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

तरालाही में दोपहर अचानक आग लगने से लाखों की संपत्ति जल कर राख

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला के बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड बहादुरपुर अंतर्गत ग्राम तरालाही में रविवार की दोपहर अचानक आग लग जाने से 16 घर सहित घर में रखेअनाज,कपड़ा, मोटरसाइकिल एवं मवेशी समेत लाखो की संपत्ति जल कर राख हो गया, इसकी सूचना वहा के ग्रामीणों द्वारा दूरभाष के माध्यम से केवटी के लोकप्रिये विधायक डॉ० मुरारी मोहन झा को दिया गया सूचना मिलते ही विधायक डॉ० झा ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड,अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष को दिया एवं इसके बाद स्थल का निरीक्षण किया एवं उपस्थित पदाधिकारियों को आदेशित किया की पीड़ित परिवारों को सरकारी लाभ तुरंत प्रदान करे एवं इन सभी लोगो को रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास की भी व्यवस्था करे।इस दौरान डॉ० झा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा की स्थानीय लोगों के द्वारा बताया गया की अचानक दिन के लगभग 2 बजे सबसे पहले उत्तम यादव के घर में आग लगी हवा तेज रहने के कारण आग की चपेट में आने से सभी लोगो का घर उसमें रखे अनाज सहित सारा सामान जल कर राख हो गया घर से आग की लपेटें उठता देख बड़ी संख्या में ग्रामीणों वहा पर जमा हो गए।मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।इस दौरान उत्तम यादव,राम सोगराथ यादव,अमीरी यादव,विनोद यादव,दिलीप यादव,राम विनोद सहनी अशोक सहनी आदि लोग उपस्थित थे।

दिवंगत आशा के परिजनों से मिली ऐक्टू और भाकपा माले की टीम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत 15 अप्रील को नूनफारा गांव में भीषण धूप में ह्यचमकी को धमकीह्व जागरूकता अभियान में निकली आशा कर्मी रानी कुमारी की मृत्यु बेहोश होकर गिरने के बाद हो गई। मृतक आशा कर्मी के पति संजय कुमार ठाकुर और उनके परिजनों से एक्टू और भाकपा माले की संयुक्त टीम ने आज मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। यह पता चला कि आशाओं को भीषण गर्मी में भी काम करना पड़ता है लेकिन बचाव के लिए कोई सुरक्षा किट उन्हें नहीं दिया गया है।सास, एक जवान लड़के और दो अविवाहित जवान लड़कियों को पढ़ाने के लिए रानी कुमारी को मशक्कत करनी पड़ती थी क्योंकि पति बहुत कम मजदूरी पर कलकत्ता काम करते हैं।आसपास कि आई आशा कर्मियों ने भी कहा कि परिवार चलाने के लिए उन्हें न्यूनतम मजदूरी से भी कम पर काम करना पड़ता है। ऐक्टू की ओर से शीघ्र ही सिविल सर्जन से मिलकर उनको देय अनुदान और अन्य सुविधाओं के त्वरित निष्पादन के लिए कहेंगी और अन्य मदद की भी कोशिश करेगी। टीम में ऐक्टू के जिला सचिव मनोज कुमार यादव, माले के राज्य कमिटी सदस्य और खेग्रामस के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी, रसोइया संघ के जिला सचिव परशुराम पाठक, माले के बंदरा प्रखंड सचिव रामबली मेहता, ऐक्टू के जिला कमिटी सदस्य संजय दास शामिल थे। इसके साथ ही आशा कर्मी शीला कुमारी, बेबी कुमारी, रीना देवी,मंजू कुमारी ने भी परिजनों से मुलाकात की।

पुलिस पिकेट में लगी सोलर बैट्री फटने से लगी आग

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)।बगहा पुलिस जिला अंतर्गत पिपरासी प्रखंड स्थित बलुआ ठोरी पंचायत के मदरहवा गांव स्थित पुलिस पिकेट पर लगे सोलर की बैट्री के फटने से लगी आग में 80 घर जल कर खाक हो गए। इसकी जानकारी देते हुए जिला पार्षद धनेश्वर यादव, मुखिया संतोष कुशवाहा ने सयुक्त रूप से बताया की पिकेट पर तैनात पुलिस बीते दस दिन से चुनाव ड्यूटी लगने के कारण चले गए है। उनके जाने के बाद बैट्री तेज धूप में चार्ज तो होती थी लेकिन उसका प्रयोग नही होने के कारण वह रविवार की दोपहर फट गई। इससे उत्पन्न हुए तार में स्पार्क हुआ। उससे गांव में आग लग गया। वही गंडक नदी के दो धाराओं के मध्य बसे इस पंचायत में आवागमन का साधन नही होने के कारण दमकल आने में भी देरी हुई। इस बीच किसानों ने पंपसेट से आग बुझाने की कोशिश की। इस दौरान दो बाइक, दो ट्राली साहिल लाखों की सम्पत्ति नुकसान हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंचे बीडीओ कुमुद कुमार ने बताया की आग बुझाने का काम किया जा रहा है। आग बुझाने के बाद पीड़ितों का सही आकलन हो पाएगा। वही खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का काम चल रहा था।

संक्षिप्त खबरें

धरौड़ा गांव में पुलिया निर्माण के फाउंडेशन पर उठ रहा अंगुली

बेनीपुर (दरभंगा)। पथ निर्माण विभाग की बहेड़ा सकरी पथ की चौड़ीकरण एवं मजबूती कार्य में कथित गड़बड़ी को लेकर स्थानीय लोगो ने विभागीय अधिकारियों से जांच करने की मांग की है ।धरौड़ा में पुलिया निर्माण के फाउंडेशन का डीपीआर के मुताबिक नहीं करने पर इसकी मजबूती पर सवालिया निशान लग गया है। पुलिया ढलाई के बाद ढलाई फाउंडेशन को मिट्टी का छोटा-छोटा घेरा बनाकर पानी में डूबाना चाहिए ताकि ढलाई की मजबूती बरकरार रहे ।पथ प्रमंडल बेनीपुर के अधीन बहेड़ा से नेहरा तक सड़क की चौड़ीकरण व मजबूती करण कार्य चल रही है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक 8 किलोमीटर सड़क में 6 पुलिया बना है फिलहाल धरौड़ा एवं हावीभौआर मैं पुलिया निर्माण चल रहा है। हावीभौआर में फाउंडेशन से ऊपर पुलिया उठाया गया है।

घरेलू विवाद में भाई ने कि चाकू गोद कर हत्या

- मृतक ने बेटे के जन्मदिन का कर रहा था तैयारी, छा गया मातम
- हत्या कर हुआ फरार, मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा एक सनकी भाई ने अपने ही भाई की चाकू गोदकर हत्या कर दी। मामले की तफ्तीश में पुलिस जुट गई है। वहीं आरोपी के पिता को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल मामला सदर थाना क्षेत्र के नगर परिषद स्थित आदर्श नगर मुहल्ले की है जहां पारिवारिक विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, मृतक की पहचान आदर्श नगर वार्ड संख्या 8 निवासी उमेश यादव के बेटे 25 वर्षीय अखिलेश यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं सदर थाना अध्यक्ष विमलेंदु कुमार ने बताया कि आरोपी के पिता को तत्काल गिरफ्तार कर हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मृतका की मां अनिता देवी ने बताया कि उनके सौतेले बेटे ने भैंस बेचने के विवाद में उनके बेटे अखिलेश कुमार को चाकू मार दिया उन्होंने बताया कि आपसी बंटवारा में अखिलेश को भैंस मिला था जिसे आज व्यापारी को बुला कर बेचा जा रहा था इसी बात को लेकर आक्रोशित होकर सौतेले बेटे रूपेश ने अखलेश के पेट में चाकू मार दिया, गंभीर हालत में आसपास के लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत चुकी थी। बताया जा रहा है कि लगभग डेढ़ साल पूर्व ही अखिलेश की शादी हुई थी उसे एक साल का बेटा भी है जिसका आज जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने को लेकर घर में तैयारी चल रही थी अखिलेश ने कई रिश्तेदारों को भी फोन कर जन्मदिन पर बुलाया भी था। इधर मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने तत्काल पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस मामले को लेकर मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि चाकू मारकर युवक की हत्या की जानकारी मिली है, परिजनों के द्वारा अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होते हीं मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। तत्काल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है।

8 आर्म्स लाइसेंस धारी ने थाना पहुंचकर किया आर्म्स जमा

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला जिला पदाधिकारी के निर्देश पर कुमारखंड थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने थाना क्षेत्र के विभिन्न आर्म्स लाइसेंस धारी मलिक से आर्म्स जमा करवाया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया 8 आर्म्स लाइसेंस धारी मलिक ने अपना अपना आर्म्स और कारतूस के साथ कुमारखंड थाना में पहुंचकर जमा किया। श्री कुमार ने कहा 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कुमारखंड पुलिस पदाधिकारी पूरी तरीके से कमर कर चुकी है। शांतिपूर्ण माहौल और भय मुक्त माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर जो भी बचे हुए आर्म्स लाइसेंस धारी मालिक है अपना-अपना आर्म्स जमा नहीं किए हैं वैसे मालिक आर्म्स और कारतूस थाना में आकर जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला प्रतिनिधि की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा , बिहार प्रदेश के जिला प्रतिनिधि की बैठक स्थानीय सूरजदेव मेमोरियल स्कूल के सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री चंदन अरुण कुमार सिन्हा ने की । इस बैठक में बिहार प्रदेश में उत्पन्न संशय की स्थिति पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विजय कुमार राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए गए है और वो प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे। उन्होंने विजय कुमार को प्रदेश में संगठन को सशक्त बनाने हेतु हरसंभव प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया और यथाशीघ्र बिहार के सभी जिलों में टीम गठित कर संगठन को मजबूत बनाने का आग्रह किया। इस बैठक में वरीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनहर कृष्ण अतुल, प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव , महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिन्हा, उपाध्यक्ष माला सिन्हा , राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमरेश प्रसाद ,राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री राजेश कुमार कंठ , प्रचार -प्रसार के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिन्हा , राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री विजय शंकर , राष्ट्रीय युवा मोर्चा के अध्यक्ष पवन सक्सेना समेत पटना जिला के अध्यक्ष अजित कुमार , वैशाली जिला के अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा वैशाली जिले के महामंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री आनंद कुमार सिन्हा , प्रदेश मंत्री पंकज कुमार सिन्हा , प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार दिवाकर समेत 16 जिला के अध्यक्ष, महामंत्री एवं उनके प्रतिनिधि समेत पूरे बिहार से करीब 150 चित्रांश बंधु उपस्थित थे। सभी लोगों ने राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा विजय कुमार को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर अपनी सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्वारा 3 महीने के अंदर अपने प्रबंधकारिणी सदस्यों के सहयोग से प्रदेश के 38 जिलों में संगठन को बनाने का वादा किया और बैठक में आये हुए सभी प्रतिनिधियों से सहयोग करने का आग्रह किया । अंत मे राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री राजेश कंठ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी की जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक के तुरंत बाद वैशाली के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने सभीकोषांगो के वरीय प्रभारी पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। जिला कार्मिक कोषांग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया की बीएलओ के साथ बैठक करें तथा जिस बीएलओ की ड्यूटी मतदान कार्य में लग गई है, उनकी सूची कार्मिक कोषांग को उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने डिस्पैच सेंटर पर जाएं तथा आवश्यक सामग्रियों की सूची बनाकर निर्वाचन कोषांग को उपलब्ध कराएं।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी मोबाइल ऐप को सभी एआरओ, बीडीओ सीओ, बीएलओ अपने अपने मोबाइल में इंस्टॉल करें। सभी निर्वाचन कोषांगों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने कोषांग से निर्गत पत्रों की एक प्रति निर्वाचन कोषांग को अवश्य उपलब्ध कराएं।विधि व्यवस्था कोषांग को निदेश दिया गया कि उनके यहाँ से निर्गत पत्रों में आवश्यक रूप से प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वीप कोषांग के अधिकारियों को निदेश दिया कि मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं। बैठक में एडीएम, डीडीसी, सभी एसडीओ,सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ-साथ वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता मुरारी प्रताप सिंह के आवास पर एनडीए की बैठक

कार्यकताओं में खुशी का लहर दिनेश चंद्र यादव का हुआ भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड के खुरहान पंचायत स्थित सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मुरारी प्रताप सिंह के आवास परिसर में प्रखंड स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मधेपुरा लोकसभा एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्रयादव, आलमनगर विधानसभा के विधायक सह बिहार विधानसभा उपसभापति नरेंद्र नारायण यादव मौजूद थे। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं को लोकसभा में जीत की पाठ पढ़ाते हुए बिहार विधानसभा उपसभापति नरेंद्र नारायण यादव ने बताया कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड होती है। आप लोगों के करी मेहनत और लगन के बदौलत ही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का लक्ष्य पूरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब तक आप अपना बूथ नहीं जीतेंगे तब तक लोकसभा नहीं जीत पाएंगे। वही इस दौरान सांसद सह प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव ने बताया कि देश और प्रदेश में एनडीए सरकार विकास के पद पर अग्रेषित है भारत को विश्व गुरु बनाना है तो नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करना होगा तभी हम फिर से एक बार विश्व गुरु बन पायेंगे। उन्होंने बताया कि कई विकास कार्य मधेपुरा लोकसभा में किए गए और अभी भी कई विकास कार्य होना बाकी है। आप लोगों के आशीर्वाद के बल पर हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि क्षेत्र में विकास की जो रफ्तार है वह निरंतर बढ़ता रहेगा। वही इस दौरान सहरसा भाजपा जिलाध्यक्ष दिवाकर कुमार सिंह, भाजपा नेता अमोल राय, मधेपुरा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार यादव, लोक जनशक्ति रामविलास के जिला अध्यक्ष दिनेश पासवान, जदयू प्रदेश सलाहकार मनीष वर्मा, विजेंद्र यादव, वीबी प्रभाकर, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ विक्रम सिंह, मोहम्मद अब्दुस सत्तार, सहित कई एनडीए कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार रखे और मधेपुरा लोकसभा से चार लाख से अधिक मतों से जीतने का विश्वास जताया। वहीं इस दौरान मंच का संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने किया। मोके पर सैकडो.की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

तम्बाकू मिल की प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल

प्रात : किरण संवाददाता

महनार । एशिया में सबसे अधिक तम्बाकू मिल महनार में है और वह भी नगर के घनी आबादी वाला इलाका में है। इस तम्बाकू मिल में तम्बाकू की खूंटी को पीस कर उसका पाउडर बनाया जाता है एवं इसे बंगाल सिगरेट बनाने हेतु भेजा जाता है। खूंटी ट्रक से उतार कर गोदाम में भरने और फिर उसकी पिसाई कर उसका पाउडर बना कर ट्रक में लादने के दौरान वहां पर वायु प्रदूषण की मात्रा काफी बढ़ जाती है । मिल के अंदर श्रमिक की बदन पर गुंडी पाउडर की एक परत जम जाती है और वह तीखी गंध से बचने के लिए अपने मुंह मे गमछा बांध कर काम करते है । तम्बाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम 2003 के अनुसार विद्यालय के आस पास सौ मीटर की दूरी में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री करना अपराध है किंतु यहां पर तीन विद्यालय ऐसे है जिसके बगल में ही तम्बाकू उत्पाद का भंडारण व बिक्री की जाती है एवं प्रशासन मूकदर्शक बना है। यहां पर होने वाले प्रदूषण से बच्चों की पढ़ाई पर काफी प्रतिकूल असर पड़ रहा है एवं तम्बाकू मिल मालिक के बच्चे दार्जिलिंग जैसे अच्छे वातावरण वाले स्थान पर रह कर पढ़ाई करते है किंतु यहां के गरीबो के बच्चे इस प्रदूषित वातावरण में पढ़ने को मजबूर है। महनार का स्टेट बैंक का इलाका हो या थाना मोड़ का या बाजार घाट का , सभी जगह इतनी प्रदूषण रहती है कि पांच मिनट आप वहां पर ठीक ढंग से खड़ा नही हो सकते है और आपको सांस लेने में काफी कठिनाई होने लगेगी। इस प्रदूषण के कारण टी बी , कैंसर व दमा रोग फैल रहा है और एक युवा तम्बाकू व्यवसायी समेत कई अन्य लोगों की मौत भी हो चुकी है नगर परिषद, स्थानीय प्रशासन व बिहार राज प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लोगों ने कई बार पूछा कि घनी आबादी वाले शहरी इलाका में और वह भी विद्यालय के निकट तम्बाकू की भंडारण, पिसाई एवं बिक्री कैसे हो रही है किंतु किसी ने इस पर जवाब नही दिया है। इस सम्बंध में युवा व्यवसायी नयन उर्फ बंटी ने कहा है कि वह इस मामले को राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण ले जाएंगे और वहां से भी करवाई नही हुई तो माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे।

मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जीविका द्वार कई प्रखंडो में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश के आलोक में वैशाली जिला अंतर्गत स्वीप गतिविधि के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु जीविका द्वारा महुआ, भगवानपुर, सहदेई बुजुर्ग एवं वैशाली प्रखण्ड अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें जीविका के विभिन्न समूहों के जीविका दीदीयों, जीविका के अन्य सदस्यों एवं आमजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जीविका दीदीयों से मतदान करने अपने परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने एवं अपने आस-पास के घरों में जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई।इसी क्रम में चेहराकला,देसरी,जंदाहाप्रखंड में भी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं ने घर-घर जाकर मतदाताओं से माताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग के आशा कार्यकर्ता ने घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने माताधिकार का प्रयोग करने की अपील की । गृह भ्रमण के दौरान घर पर उपस्थित सभी मतदाताओ से लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में अपने माताधिकार का प्रयोग कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र वैशाली के द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केन्द्र से जुड़े विद्यार्थियों एवं केन्द्र के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं उनके अभिभावको ने मतदान करने एवं अपने आस-पास के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। नेहरु युवा केन्द्र वैशाली के स्वयंसेवको द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं गृह भ्रमण कर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुनियाद केन्द्र बिदुपुर,महनार एवं पातेपुर, द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने हेतु बुनियाद केन्द्र के कर्मियों ने घर-घर जागरुकता अभियान चलाया। गृह भ्रमण के दौरान घर पर उपस्थित सभी मतदाताओं से हि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आस- पास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की।

तिसीऔता में लगी आग से पांच दर्जन घर की लाखों की संपत्ति जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

पातेपुर । तिसीऔता थाने की पिंडऔता गांव में रविवार को गांव के मिश्री सहनी के घर में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में आग पकड़ लिया।जिससे सिलेंडर विस्फोट कर गया।आग की धधक से गांव के 60 घरों को अपने चपेट में ले लिया।ग्रामीणों ने निजी पंपसेट से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन और आग की लपटें पछुआ हवा बहने से तेज हो गया।इस बीच सूचना पर पांच छह सरकारी दमकल घटना स्थल पर आने के बाद पानी का बौछार होने लगा।तीन से ढाई घण्टे तक दमकल चलने के बाद आग को काबू में लाया गया।आग मिश्री सहनी के घर से लगी और तेजी से अनिल पासवान,राजकुर पासवान,पवन,सहनी, विनीता देवी,प्रेमलाल सहनी, अर्जुन सहनी, बुचन सहनी समेत 60 घरो को अपने चपेट में ले लिया।आग लगने से लाखों रुपये के सामान जलकर नष्ट हो गए।कपड़ें, गहने, रुपये के अलावा बर्तन,खाने पीने के समान आदि जल गए।आग की लपटें इतने तेजी से आगे की ओर बढ़ रहे थे कि लोग हिम्मत नहीं जुटा पाए कि वह सामान घर से निकाल पाएं।लोग अपना अपना जान बचाकर भाग भाग रहे थे।घटना स्थल पर सीओ प्रभात,थानाध्यक्ष के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि आये और घटनास्थल का छानबीन किये।अग्निकांड की जानकारी मिलते ही विधायक लखेन्द्र कुमार रौशन,पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी आदि पहुंचीं।

पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों में लगाए जा रहे हैं अतिक्ति कोच

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों के अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं । गाड़ी संख्या 13228/13227 राजेन्द्रनगर टर्मिनल-सहरसा-राजेन्द्रनगर टर्मिनल इंटरसिटी एक्सप्रेस में 22 अप्रैल से स्थायी तौर पर चेयरकार का एक अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा । अतिरिक्त कोय लगाए जाने के बाद यह ट्रेन 21 एलएचबी कोच से परिचालित होगी । गाड़ी संख्या 12203/12204 सहरसा-अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है । यह सुविधा 12204 अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस में 20 अप्रैल से 30 जून तक जबकि 12203 सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस में 21अप्रैल से 01 जुलाई तक उपलब्ध होगी ।

14 किलो एक सौ ग्राम गांजा, 76 हजार नगद, एक ट्रक सहित एक तस्कर गिरफ्तार

नोट गिनने का मशीन सीसीटीवी का डीभीआर बॉक्स को किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चंडी स्थान पंचायत स्थित लक्ष्मीपुर चंडी स्थान एसएच 91 के बगल में न्यू हिंदुस्तान ट्रेडर्स डिपो में कुमारखंड थाना पुलिस ने श्रीनगर थाना पुलिस के सहयोग से मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में छापामारी कर 14 किलो एक सौ ग्राम गांजा, एक ट्रक कंटेनर, 76 हजार रूपए नकद , तीन मोबाइल सेट, नोट गिनने का मशीन सीसीटीवी का डीभीआर बॉक्स को बरामद करते हुए आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर रविवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर उनके अलावा प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट सह कुमारखंड सीओ आकांक्षा, श्रीनगर थानाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण, एएसआई दिलीप कुमार, मधुकर पासवान, पीटीसी राकेश कुमार पुलिस बल के जवान एवं चौकीदार के साथ थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चंडी स्थान पंचायत स्थित स्टेट हाईवे के किनारे न्यू हिंदुस्तान ट्रेडर्स डिपो पर पहुंचकर छापामारी की। उन्होंने बताया कि छापामारी दल को देखते हुए डिपो केंपस में मौजूद डिपो संचालक रविंद्र कुमार यादव भागने लगा। जिसे खदेड़ कर पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद उनसे पूछताछ की गई और डिपो स्थित गोदाम में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गोदाम के अंदर खड़ा एक एचआर 38 डब्लू 5347 नंबर की ट्रक कंटेनर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान छुपा कर रखा हुआ 14.100 किलोग्राम गांजा के अलावा 76 हजार रुपए नकद, नोट गिनने वाला मशीन, सीसीटीवी का डीभीआर बॉक्स, तीन मोबाइल सेट जप्त किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके साथ ही मौके पर डिपो संचालक और अवैध रूप से गांजा तस्करी करने वाले रविंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपित तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में मधेपुरा जेल भेज दिया।

सशक्त मतदाता लोकतंत्र का भाग्य विधाता

दिव्यांगो का है कहना, मतदान करेंगे भाई बहना

- जन जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर प्रखंड अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय सतोखर में समावेशी स्वीप सह घर-घर जागरूक अभियान- सह-सशक्त संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वीप एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग मतदाताओं द्वारा ट्राई साइकिल रैली निकाली गई और घर घर जागरूक अभियान के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा पीडब्ल्यूडी आईकॉन विनोद कुमार द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

इस क्रम में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दिवस पर पिक एंड ड्रॉप सर्विस, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर एवं वॉलंटियर की सुविधा हेतु सक्षम ईसीआई ऐप में आवेदन की प्रक्रिया के विषय में जानकारी देते हुए उनका ऑनलाइन आवेदन भी कराया गया।

मौके पर वरीय नोडल, स्वीप एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग सह उप विकास आयुक्त अवधेश कुमार, नोडल स्वीप एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग श्रीमति निकिता, डीपीओ आईसीडीएस श्रीमति रश्मि, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिंहेश्वर, सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई श्रीमति विजेता रंजन, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग सुश्री यशश्वी, एवं समाजिक सुरक्षा और बुनियाद केंद्र के कर्मीगण उपस्थित रहे।

भगवान महावीर की जयंती पर उनके जन्मभूमि वैशाली में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली । जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर उनके जन्मस्थली वैशाली के ऐतिहासिक बावन पोखर स्थित जैन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। अहले सुबह से ही बिहार के अलग-अलग जिलों से आए जैन समाज के लोग यहां इकट्ठा होने लगे थे।सभी जैन धर्मावलंबियों ने पूजा-अर्चना की और शोभा यात्रा में शामिल हुए। अहिसा परमो धर्मः, जीयो ओर जीने दो, मांसाहार का त्याग कर शाकाहारी बनें आदि स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर लिए श्रद्धालु शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा में शामिल दर्जनों बैलगाड़ी को सजाकर उस पर आकर्षक झांकी निकाली गयी जिसमें भगवान महावीर के कई रूप दिखाए गए थे। शोभा यात्रा में मुजफ्फरपुर, पटना एवं दिल्ली से आए सैकड़ों जैन धर्मावलंबी भजन गाते एवं नृत्य कर रहे थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभा यात्रा बावन पोखर से वैशालीगढ़, हाईस्कूल चौक, अब्बुचक होते हुए भगवान महावीर की जन्मस्थली बासोकुंड पहुंची। शोभायात्रा के बासोकुंड पहुंचते ही वहां भव्य तरीके से स्वागत किया गया। जैन धर्म की परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की गई और मंगलाचरण भी किया गया। साथ ही भगवान जैनेन्द्र को पांच चांदी के कलशों से जलाभिषेक भी किया गया। भगवान को पालना में रखकर झुलाया गया। उसके बाद सभी जैन धर्मावलंबियों ने भगवान महावीर की आरती उतारी।इस शोभा यात्रा के दौरानमुकेश जैन, राजेश जैन, चक्रेश जैन, सुमेर जैन, राकेश जैन , आमिर जैन , सहित जैन समाज के सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

विचार मंथन

सम्पादकीय

जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रुख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरुस्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे महादेश को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड़े पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की गारंटी हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ.....

राकेश अचल

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं, इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक, चिकित्सक या वैज्ञानिक नहीं कर सकता। भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बारे में दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं। गृह मंत्री के पास 24, 164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी। कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना। शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे, अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीता। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते, जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए, लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।

अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ। अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है. इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं. इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है, जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है। सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्यप्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है। विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1, 24, 85, 475 रुपये की चल और 2, 17, 60, 000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं. शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या। ? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था। हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा। केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।

भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौका मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झोंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है। हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है। लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं, लेकिन सच कभी नहीं बोलते। नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती। हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा, अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण, कुरान, बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता। लेकिन कहते हैं न कसमें, वादे, प्यार, वफा सब बातें हैं, बातों का क्या ?

पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो प्लास्टिक को कहना होगा ना

22 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस, पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। और इस बार पृथ्वी दिवस 2024 की थीम है, ह्लप्लैनेट बनाम प्लास्टिकह्व,जो पारिस्थितिक और मानव स्वास्थ्य दोनों की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है, ताकि पृथ्वी बची रहे। प्लास्टिक से पर्यावरण खतरे में हैं। हमने इसे आज खतरनाक स्थिति में पहुंचा दिया है। ऐसे में पर्यावरण की तस्वीर धुंधली होती जा रही है। विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, अवैध खनन, निर्माण और विनाशकारी पदार्थों के प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। कह सकते हैं पर्यावरण के जैविक और अजैविक घटकों में तेजी से हो रहे बदलाव ने प्रदूषण शब्द को पैदा कर दिया है। इसमें प्लास्टिक प्रदूषण एक प्रकार का अत्यंत धीमा जहर है, जो हवा, पानी, धूल आदि के माध्यम से न केवल मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर उसे रोग ग्रस्त बना रहा है, बल्कि जीव- जंतुओं, पशु -पक्षियों, पेड़-पौधों और वनस्पतियों को भी नष्ट कर रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण ही आज विश्व में जीवन खतरे में है। इस की वजह से बहुत से जीव जंतु, पशु-पक्षी, वन्य प्राणी दुनिया से विलुप्त हो गए हैं या कगार पर हैं। यही नहीं प्रदूषण से कैंसर, रक्तचाप, शुगर, दमा, मलेरिया, चर्मरोग, नेत्ररोग जैसी बीमारी से इन्सान संघर्ष कर रहा है। डराने वाली बात कहें तो सारा विश्व भयाक्रांत है। पर्यावरण को प्रदूषित करने में आज के समय में प्लास्टिक की भूमिका अहम हो गयी है। प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिये एक गंभीर संकट बन गया है और आने वाले समय में यह और भी ज्यादा भयावह होने वाला है। प्लास्टिक बैग और प्लास्टिक से बने अन्य उत्पाद छोटे-छोटे टुकड़ो में टूट जाते है

संजय कुमार
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

1970 में शुरू हुआ, पृथ्वी दिवस आज एक वैश्विक उत्सव बन गया है, जिसमें 193 से अधिक देशों में सालाना एक अरब से अधिक लोग भाग लेते हैं। विकास और बेहतर जीवन की चाहत ने पृथ्वी को खतरे में डाल दिया है। खासकर पशु-पक्षी-मानव बल्कि हर जीव का स्वास्थ्य खतरे में है, जो एक गंभीर चिंता के रूप में है। 22 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस, पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। और इस बार पृथ्वी दिवस 2024 की थीम है, ह्लप्लैनेट बनाम प्लास्टिकह्व,जो पारिस्थितिक और मानव स्वास्थ्य दोनों की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है, ताकि पृथ्वी बची रहे। प्लास्टिक से पर्यावरण खतरे में हैं। हमने इसे आज खतरनाक स्थिति में पहुंचा दिया है। ऐसे में पर्यावरण की तस्वीर धुंधली होती जा रही है। विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, अवैध खनन, निर्माण और विनाशकारी पदार्थों के प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है। कह सकते हैं पर्यावरण के जैविक और अजैविक घटकों में तेजी से हो रहे बदलाव ने प्रदूषण शब्द को पैदा कर दिया है। इसमें प्लास्टिक प्रदूषण एक प्रकार का अत्यंत धीमा जहर है, जो हवा, पानी, धूल आदि के माध्यम से न केवल मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर उसे रोग ग्रस्त बना रहा है, बल्कि जीव- जंतुओं, पशु -पक्षियों, पेड़-पौधों और वनस्पतियों को भी नष्ट कर रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण ही आज विश्व में जीवन खतरे में है। इस की वजह से बहुत से जीव जंतु, पशु-पक्षी, वन्य प्राणी दुनिया से विलुप्त हो गए हैं या कगार पर हैं। यही नहीं प्रदूषण से कैंसर, रक्तचाप, शुगर, दमा, मलेरिया, चर्मरोग, नेत्ररोग जैसी बीमारी से इन्सान संघर्ष कर रहा है। डराने वाली बात कहें तो सारा विश्व भयाक्रांत है। पर्यावरण को प्रदूषित करने में आज के समय में प्लास्टिक की भूमिका अहम हो गयी है। प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिये एक गंभीर संकट बन गया है और आने वाले समय में यह और भी ज्यादा भयावह होने वाला है। प्लास्टिक बैग और प्लास्टिक से बने अन्य उत्पाद छोटे-छोटे टुकड़ो में टूट जाते है तथा मिट्टी और पानी के स्त्रोतो में मिल जाते है, जिससे प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। देखें तो प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण और पृथ्वी के जनजीवन पर सीधा प्रभाव डाल रहा है। एक गंभीर समस्या और है कि प्लास्टिक से उत्पन्न कचरा पानी के स्त्रोतो जैसे कि, नदियों, समुद्रो तथा महासागरों में मिल जाता है और जल स्त्रोतों को प्रभावित करता है। इसके अलावा हवा द्वारा उड़ा लिये जाने पर प्लास्टिक के छोटे- छोटे टुकड़े एक स्थान से उड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचा दिये जाते है और प्लास्टिक के यह टुकड़े हानिकारक रसायन उत्पन्न करते है, जो मिट्टी के गुण तथा उर्वरकता को नष्ट कर देता है। यह पेड़-पौधों के वृद्धि को भी प्रभावित करतें हैं। पशुओं द्वारा कचरे में फेका गया खाना खाया जाता है। वह प्लास्टिक बैगों को अपने खाने के साथ खा लेते है, जो उनके आंतो में फंस जाता है, जिससे अंत में या तो उनकी मृत्यु हो जाती है या फिर उनके अंदर कई गंभीर बीमारीयां उत्पन्न कर देता है। इसमें कोई शक नहीं कि प्लास्टिक प्रदूषण आज विकराल ही नहीं, बल्कि अपने भयावह काल से गुजर रहा है। जिस प्लास्टिक को हमने विकास से जोड़ा, इंसानी जीवन को बदला। आज वह इन्सान के साथ-साथ धरती के सभी जीव जंतुओं के लिए तबाही का हथियार बना हुआ है। पहले हमने प्लास्टिक को बढ़ावा दिया और आज यह हमारे जीवन में इतना घुल मिल गया है कि इसे निकाल पाना आसान नहीं है। हाँ, धीरे धीरे इसे कम किया जा सकता है, नहीं तो एक वक्त आएगा कि पूरी तरह से यह जीव जंतुओं को निगल जायेगा।

सरकारी प्रतिबंधों के बीच एकल उपयोग वाले प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग छूट नहीं रहा है। चोरी छिपे घटिया प्लास्टिक का खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। इसका जीता जगाता उदाहरण नालों-सड़कों से अटा-पटा प्लास्टिक कचरा है। यूएनईपी के कार्यकारी निदेशक इंगर एंडरसन की माने तो, जिस तरह से हम प्लास्टिक का उत्पादन, उपयोग और निपटान करते हैं, वह पारिस्थितिक तंत्र को प्रदूषित ही कर रहा है। यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है और जलवायु को अस्थिर कर रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करना है तो, प्लास्टिक के उपयोग को लेकर बाजार में बदलाव की सख्त जरूरत है। इसके पुनः उपयोग, रीसायकल और उत्पादों में विविधता पर ध्यान देना होगा है। प्लास्टिक को ना कहना होगा तभी प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। आंकड़े गवाह हैं कि प्रत्येक वर्ष 400 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से आधे को केवल एक बार उपयोग करने के लिये डिजाइन किया गया है। इसमें से 10 फीसदी से भी कम को रिसाइकिल किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि दुनिया भर के देश और कंपनियां मौजूदा तकनीकों का उपयोग करके नीति और बाजार में बदलाव करती हैं, तो 2040 तक प्लास्टिक प्रदूषण 80 प्रतिशत तक कम हो सकता है। आंकलन है कि पुनर्चक्रण या रीसाइक्लिंग, यदि पुनर्चक्रण एक अधिक स्थिर और लाभदायक उद्यम बन जाता है, तो 2040 तक प्लास्टिक प्रदूषण को अतिरिक्त 20 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। पुनर्विन्यास और विविधता वैकल्पिक सामग्री जैसे कागज या कूड़े की खाद या कंपोस्टेबल सामग्री से बने उत्पादों के साथ प्लास्टिक रैपर, पाउच और टेकअवे आइटम जैसे उत्पादों के बदले अन्य सामग्रियों को अपनाने से प्लास्टिक प्रदूषण में कमी लाई जा सकती है। एकल या एक बार उपयोग और छोटी अवधि में उपयोग किए जाने वाले उत्पादों से 10 करोड़ मीट्रिक टन प्लास्टिक को अभी भी 2040 तक सुरक्षित रूप से निपटाने की आवश्यकता पड़ेगी। इसे बिना रीसाइक्लिंग योग्य प्लास्टिक के कचरे के निपटान के लिए डिजाइन और सुरक्षा मानकों को स्थापित करने और लागू करने और माइक्रोप्लास्टिक में बदलने वाले उत्पादों पर लगाम लगाकर हल किया जा सकता है।

ऐसा माना जा रहा है कि, पांच साल की देरी से 2040 तक 80 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ सकता है। प्लास्टिक प्रदूषण, प्लास्टिक के कचरे से उत्पन्न होता है । सवाल उठता है कि प्लास्टिक प्रदूषण को कैसे रोके । अपने दैनिक जीवन में अपना कर हम प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में महात्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। उपयोग ना करके/ अन्य विकल्पो को अपना कर प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिये सबसे महात्वपूर्ण कदम यह है कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना होगा । हम इनके उपयोग के आदि हो चुके है तथा यह काफी सस्ते भी है, इसलिये हम इनके उपयोग को पूरी तरह से बंद नहीं कर पा रहे हैं । हालांकि हम उन प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग को आसानी से बंद कर सकते है, जिनके इकोफ्रैंडली विकल्प उपलब्ध है। प्लास्टिक बैगों और प्लास्टिक से बने अन्य वस्तुओ का उपयोग नही बंद कर सकते तो कम से कम उन्हे फेंकने से पहले जितनी बार भी हो सके उनका पुनरुपयोग करे। प्लैनेट बनाम प्लास्टिकह्व विषय के साथ, पृथ्वी दिवस 2024-2040 तक प्लास्टिक उत्पादन में 60% की कमी, एकल-उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन पर अमल करें।

दलबदलू: हमको उनसे वफा की है उम्मीद ?

पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है । सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है । दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं । और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतय : अयोग्य होते हैं । इसी श्रेणी प्राय : सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं । बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्राय : इसी श्रेणी में गिने जा । अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं । चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है । और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी, जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है ।

तनवीर जाफरी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार है

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा ? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हाँ कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा। अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी, जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एम एल ए से ही एमएलए का फुल फार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मकसद ही धनार्जन, स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो जाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज कोई महत्व रखती। ऐसे जमीर फरोशों और मौका परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाकिफ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की गरज से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर ह्यदलबदलू ह्य होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौकापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मकसद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई जरुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फिलहाल कोई खास जरुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को ह्लपन्ना प्रमुख ह्ल बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाजा करा दिया है। दलबदलुओं खासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और ह्यखेलह्ल खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुजारियां, इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं। ऐसा इसलिये है कि इन्हें अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाये रखने के लिये स्वयं को यह प्रमाणित करना है कि वे संघ व भाजपा की सभी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इसी तरह शहजाद पूनेवाला जैसे दलबदलुओं को भाजपा, प्रवक्ता बनाकर कांग्रेस पर उसी के शस्त्र से प्रहार करवाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के ही एकऔर प्रवक्ता गौरव बल्लभ भाजपा में शामिल हुये। कल तक उन्हें देश में कांग्रेस से बड़ी कोई भी धर्मनिरपेक्ष पार्टी नजर नहीं आती थी। परन्तु पार्टी छोड़ते ही उन्होंने भाजपा की भाषा बोलते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी बताना शुरू कर दिया।

आत्मपॅम्फलेट - भारत की अपनी फॉरेस्ट गंप जो मराठी में बनी है

जावेद अनीस

साल 2022 रिलीज हुयी आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा हॉलीवुड की कल्ट कलासिक फिल्म फॉरेस्ट गंप (1994) की आधिकारिक रिमेक थी, लेकिन इसमें रिमेक के दावे के अलावा फॉरेस्ट गंप जैसा कुछ भी नही था. यह एक डरी हुयी फिल्म थी जो गैर-विवादास्पद फिल्म बनने के दबाव में एक साधारण फिल्म बन कर रह गयी थी. वहीं 2023 में रिलीज हुयी मराठी फिल्म ह्यआत्मपॅम्फ्लेटह्ल एक मौलिक फिल्म है जो बिना किसी महानता का दावा किये हमें लाल सिंह चड्ढा के डिजास्टर को भूल जाने का मौका देती है और अनजाने में ही सही खुद को फॉरेस्ट गंप के वास्तविक भारतीय संस्करण के रूप में पेश करती है. यह एक बहुत ही प्यार से बनायी गयी फिल्म है जो हमें प्यार, दोस्ती और मासूमियत का जश्न मनाने का मौका देती है. पिछले दिनों मराठी भाषा की इस ब्लैक कॉमेडी को अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ ओटीटी प्लेटफार्म जी-5 पर रिलीज किया गया है. फिल्म की कहानी हमारे यहाँ बहुत कम ऐसी फिल्में है जो सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर बात करते समय उपदेशात्मक नहीं होती जबकि ऐसी फिल्मों की संख्या तो बहुत ही कम है जो ऐसे मसलों को व्यंग्यपूर्ण तरीके से डील करती हैं, आत्मपैम्फलेट उन्हीं चुनिन्दा फिल्मों में से एक है जो बच्चों के नजरिए से भारतीय समाज पर एक मजेदार टिप्पणी करती है. आत्मपॉम्प्लेट हाल के दिनों में सामाजिक-राजनीतिक विषय पर आई सबसे प्रभावशाली व्यंग्यात्मक फिल्मों में से एक है.फिल्म का मुख्य किरदार महाराष्ट्र में दलित समुदाय एक किशोर लड़का आशीष बेडे है जिसे अपनी सहपाठी सृष्टि से प्यार हो जाता है जो ब्राह्मण समुदाय से है. इसमें उसके दोस्त जो अलग-अलग जाति और समुदायों (मुस्लिम, मराठा, ब्राह्मण और कुनबी) से हैं आशीष की मदद करते हैं. यह 80-90 के दशक और उसके बाद के वर्षों का वो दौर है जब भारत अपने राष्ट्रीय चरित्र में बदलाव के दौर से गुजर रहा था. नतीजतन यह फिल्म आशीष की एकतरफा प्रेम कहानी के साथ-साथ उस समय भारत में हो रहे बदलाओं और प्रमुख घटनाओं को भी बहुत बारीकी से दशार्ती है. फिल्म की कहानी काफी हद तक आशीष के बचपन और किशोरावस्था की प्रमुख घटनाओं पर आधारित है. फिल्म आशीष की जिंदगी के अहम पड़ावों को देश के इतिहास के महत्वपूर्ण मोड़ों के साथ लेते हुये आगे बढ़ती है जिसमें इंदिरा गांधी की हत्या, मंडल आयोग की रिपोर्ट की घोषणा और बाबरी मस्जिद विध्वंस जैसी महत्वपूर्ण घटनायें शामिल हैं. इस सामान्य किशोर प्रेमकथा में दिलचस्प मोड़ तब आना शुरू होता है जब हमें फिल्म के प्रमुख पात्रों के सामाजिक पृष्ठभूमि के बारे में पता चलना शुरू होता है.वो बातें जो फिल्म को खास बनाती हैं फिल्म शुरूआत में ही यह घोषणा कर देती है कि यह एक प्रेम कहानी है जोकि एक सफेद झूठ है. दरअसल फिल्म की पटकथा हल्की-फुल्की और सहज है लेकिन यह हमारे समय का एक काला हास्य है जो जाति, धर्म और अन्य गंभीर सामाजिक मसलों को हास्य के माध्यम से बहुत ही संतुलित तरीके से पेश करती है और ऐसा करते समय वो बिलकुल निर्भीक और निडर है. फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दो अलग विषयों प्रेम और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को बहुत ही खूबसूरती से एक साथ लेकर चलती है, ऐसा करते समय संतुलन और प्रवाह पूरी तरह से बना रहता है और किसी भी चीज को अनावश्यक रूप से खींचा नहीं जाता है. फिल्म का मूल नैरेटिव विविधता में एकता है जो

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सदर अस्पताल रेफर

बनियापुर थाना क्षेत्र के भिठी शहाबुद्दीन गांव के सवालिया राय का पुत्र विकास कुमार राय देर रात सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं ।गांव वाले रोड में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। परिजनों द्वारा आनन फानन में बेहोशी की हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

जमीनी विवाद में मारपीट में युवती घायल,सीएचसी में भर्ती

मशरक थाना क्षेत्र के सिकटी भीखम गाँव मे रविवार की सुबह हुए मारपीट में एक युवती बूरी तरह घायल हो गई। घायल युवती को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया । घायल युवती सिकटी भीखम गाँव निवासी रियाज खान की 21 वर्षीय पुत्री शबनम खातून है।

मशरक के गोपालवाड़ी में खेतों में लगी आग, ग्रामीणों ने पाया काबू

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के गोपालवाड़ी गांव में रविवार की सुबह अचानक खेतों के जंगलों में आग लग गई,आग ने देखते ही देखते गेहूं के फसलों और आवासीय परिसर की तरफ बढ़ने लगी।आग के विकराल रूप को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई। मामले में आर्मी जवान संजय कुमार सिंह ने बताया कि खेतों के जंगलों में आग लग गई आग कैसे लगी पता नहीं चल पाया।पर यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो जान माल की बड़ी क्षति हो जाती। ग्रामीणों ने बताया कि फायर ब्रिगेड टीम के आने के पहले ही आग पर ग्रामीणों के सहयोग से काबू पा लिया गया।

मशरक में गेहूं के बोझे में लगी आग, फायर ब्रिगेड टीम ने पाया काबू

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के कर्ण कुदरिया वार्ड -10 में गेहूं काट कर रखे गये 700 बोझे में आग लग गई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाना मुश्किल देख फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई। अग्निकांड पीड़ित कर्ण कुदरिया गांव निवासी नवल ठाकुर ने बताया कि गेहूं की फसल काट बोझा बाध कर रखा गया था उसी में आग लग गई आग कैसे लगी पता नहीं चल पाया पर आग ने 700 गेहूं के बोझे को जलाकर राख कर दिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

शादी की नियत से नाबालिग का अपहरण का मामला दर्ज

बनियापुर । शादी की नियत से नबालिग का अपहरण किए जाने की प्राथमिकी बनियापुर थाना मे पीड़ित मा ने दर्ज कराई है,जिसमे अज्ञात मोबाइल धारक को नामजद किया है। प्राथमिकी मे पीड़िता ने बताई है कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री विद्यालय जाने के नाम से घर से गयी थी,जब निर्धारित समय से घर नही पहुंची, तब शाम तक चारो तरफ,रिस्तेदारो के घर काफी खोज बीन किया गया,कोई आता पता नही चला।पीड़िता का कहना है कि मोबाइल पर अज्ञात द्वारा फोन किया गया था,अंदेशा है उक्त अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा पुत्री को बहला फुसलाकर शादी की नियत से अपहरण कर लिया गया है,मामले मे पुलिस मोबाइल नंबर खंघालते अग्रेतर करवाई मे जुटी है।

मिठाई की दुकान में लगी भीषण आग , नगदी समेत लाखों का समान स्वाहा

घोड़ासहन । स्थानीय श्रीपुर रोड अवस्थित एक होटल में अचानक आग लग गई, जिससे दुकान में रखे नगदी व लाखो का सामान जल कर स्वाहा हो गया। घटना के कारणो का खुलासा नही हो सका है । पीड़ित दुकानदार व चिरैया थाना क्षेत्र के बरैठा मूल निवासी राजेश चौरसिया ने बताया कि श्रीपुर रोड में जय श्री राम स्वीट्स के नाम से मेरा दूकान चलता है। शनिवार की रात दुकान में अचानक आग देर आग लग गयी , कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटे दूकान के चारो तरफ फैल गये । सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड वाहन आग पर काबू कर पाती कि इस बीच दुकान में रखे सारा सामान जल कर राख हो गया । अशंका है कि शॉट सर्किट से आग लगी है । आग लगने से भारी क्षति हुई है । घटना के दौरान एक बाइक, दो फ्रिज, शो-केस, इन-वर्टर , बैटरी,फर्नीचर सामान, बर्तन व नगद 50 हजार समेत लगभग छह लाख रुपए का नुकसान हुआ है । वही दूकान मे लगे सीसीटीवी कैमरा सेट, पानी टंकी, मोटर आदि भी जल गये ।

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुआ है: राष्ट्रीय प्रवक्ता

गरीबों को उत्थान के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का उत्थान हुआ है,गरीबों के विकास के लिए अनेकों प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता धनंजय गिरि ने रविवार को श्री नंदनपति स्थित भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। राष्ट्रीय प्रवक्ता धनंजय गिरि ने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब उन्होंने जो वादा किया है पूरे होंगे। एनडीए के 10 वर्षों के शासनकाल में भारत की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हुआ है, किसान सम्मान योजनासे किसानों को फायदा हुआ है, मुफ्त राशन योजना से गरीबों का उत्थान हो रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर देश तेजी से बढ़ रहा है, वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत एनडीए सरकार का बेहतर कदम है, विकास की नई - नई योजनाएं चल रही है, गरीबों को आवास योजना, बिजली बिल शून्य करने की दिशा में सोलर योजना कारगर साबित हो रहा है। मुद्रा योजना को 10 लाख से बढ़कर 20 लाख करना मोदी सरकार की उपलब्धि है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रोन दीदी योजना से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है, पर्यटन के क्षेत्र में भी केंद्र द्वारा बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिये जाने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया को और मजबूत किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी का कोई विकल्प नहीं है, भारत की सभ्यता संस्कृति को जीवंत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास से देश निरंतर आगे बढ़ रहा है, और विदेश नीति भी काफी मजबूत हुई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता धनंजय गिरि ने मीडिया को संबोधित करते हुए सारण लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी एवं महाराजगंज से प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को जीताने की अपील किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी विश्व में इकलौता सांसद हैं जिन्होंने राफेल जैसे लड़ाकू विमान उड़ाने की क्षमता भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता अपनी वोट की ताकत को समझें, और चुनाव के दिन मतदान जरूर करें। इस अवसर पर प्रोफेसर कमल किशोर सिंह, जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, कार्यालय मंत्री अर्धदू शेखर शहर एवं मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग को उपस्थित थे।

शौच करने गई विवाहिता की गला काटकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जलालपुर थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज खबर सामने आ रही है, जहां बीती रात मे शौच करने गई विवाहिता की गला काटकर हत्या कर दी गई है. मृत महिला का शव जलालपुर थाना अंतर्गत नवादा गांव स्थित नहर से बरामद किया गया है. उसका गला धारदार हथियार से रेतकर नहर में फेंका गया था. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बरामद कर इस घटना की सूचना परिवार वालों को दी. मृत महिला की पहचान जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के नवादा मठिया गांव निवासी मुन्ना कुमार महतो की 30 वर्षीय पत्नी प्रियंका देवी के रूप में की गई है. इस घटना के बाद स्थानीय थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा, जहां शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया है. इस घटना के संबंध में मृत महिला के देवर ने बताया कि बीती रात्रि करीब 9:00 बजे शौच के लिए उसकी भाभी घर से बाहर निकली थी. देर रात तक वापस नहीं लौटी इसके बाद वे लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे. खोजबीन के क्रम में उन लोगों ने देखा की नहर में प्रियंका देवी का शव पड़ा हुआ है और इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई. इस मामले में मृत महिला के परिवार वालों ने बताया कि उनका गांव में किसी से कोई दुश्मनी नहीं है. हत्या क्यों की गई है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है. वहीं पुलिस इस मामले में छानबीन में जुटी हुई है. समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही थी. महिला का पति मुन्ना महतो और उसके मायके वाले दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं. सूचना के बाद वे लोग दिल्ली से छपरा के लिए निकल चुके हैं.

मतदाता जागरूकता हेतु लियो क्लब छपरा टाउन ने शहर में निकाली रैली

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। लियो क्लब छपरा टाउन और छपरा टुडे के संयुक्त तत्वावधान में छपरा शहर में मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ छपरा अनुमण्डल पदाधिकारी श्री संजय कुमार राय, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक लायन डॉ एस के पाण्डेय, लायन सुशील वर्मा, लायन विकास गुप्ता, लायंस गोविंद सोनी, लायन रणधीर जयसवाल ने हरी झंडी दिखा कर किया। मतदाता जागरूकता रैली का अध्यक्षता लियो अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय ने किया। लियो क्लब के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली आयोजित करने पर सदर अनुमण्डल अधिकारी श्री संजय राय ने सराहना करते हुए कहा की नव युवकों के द्वारा नवयुवा मतदाताओं सहित अन्य लोगो को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना बहुत जरूरी है, एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। वही नेत्र चिकित्सक लायंस के पूर्व जिलापल डॉ एस० के० पाण्डेय ने लियो क्लब तमाम सदस्यो के द्वारा आज मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ये संदेश देने का काम किया गया है की हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें । वही छपरा टुडे के संस्थापक सुरभित दत्त ने कहा की लियो सदस्यो के साथ हमलोग भी हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते है, मेरा मनाना है की कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किए हुए खड़े हुए हैं, हमें गर्व है हमारे लोकतंत्र पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमारे संविधान निमार्ता पर हमे गर्व है। लियो मनीष कुमार मनी ने कहा कि आज के परिवेश में हमे मतदान के दिन अपने मतों का प्रयोग करना हमारे लिए बहुत महत्पूर्ण है। हमारा वोट ही हमारा भविष्य तय करता है। लियो क्लब छपरा टाउन और लियो क्लब छपरा सारण के सदस्यो के साथ गाइड लाइन केमेस्ट्री क्लासेज के बच्चो ने पहले मतदान करे, फिर जलपान करें, बच्चा बच्चा करें पुकार, वोट डालना है हमारा अधिकार , लोकतंत्र की है पहचान, मत मतदाता और मतदानह्व जैसे नारों के साथ छपरा शहर में रैली निकाल मतदाता को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता अभियान रैली में लायन कुंवर जयसवाल, लायन अमर गुप्ता, लायन साकेत श्रीवास्तव, लियो अमित सोनी, विकास, अभिषेक, शबाना खातून, लक्ष्मी सिंह, सर्वेश रंजन, मो सलमान, शुभम सिंह लियो सदस्यो की मुख्य भूमिका निभाई ।

मशरक में भैरो बाबा मन्दिर पर दो दिवसीय अखण्ड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक के देवरिया में जनमानस के कल्याण हेतु भैरो बाबा मन्दिर प्रांगण में सार्वजनिक दो दिवसीय अखण्ड अष्टयाम कलश शोभा यात्रा से शुरू हुई।कलश यात्रा भैरो बाबा मंदिर परिसर से आचार्य अरविन्द पाण्डेय एवं धनंजय ओझा की उपस्थिति में यजमान रामचन्द्र सहनी और धर्मपत्नी शारदा देवी की मौजूदगी में सैकड़ों पीला वस्त्र धारी कन्याओं और महिलाओं के हाथ में मंत्रोच्चार के साथ पवित्र कलश दिया गया।कलश यात्रा बहरौली होते हुए प्रसिद्ध चतुमुर्खी शिव मंदिर दुमदुमा पहुँच पूजा अर्चना के बाद रामजानकी पथ होते हुए घोघारी नदी के घाट पर पहुँची जहाँ विधिवत पूजा अर्चना के बाद गांव का भ्रमण करते हुए जल बोझी कर कलश यात्रा यज्ञ मण्डप पहुँची जहाँ विधिवत पूजा अर्चना के बाद 24 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम हरेराम हरेराम राम राम हरे हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे संकीर्तन से शुभारंभ हुआ।मौके पर ग्रामीण देवीलाल सहनी, बिगू माँझी, रामाधार सहनी, शिवचरण सहनी, रविन्द्र पड़ित, शिक्षक कमलेश सहनी सहित समस्त ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । तरैया थाना अंतर्गत बाजार के समीप सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत उपचार के दौरान छपरा अस्पताल में हो गई है. मृत व्यक्ति की पहचान जिले के तरैया थाना क्षेत्र निवासी स्वर्गीय रामायण सिंह के 60 वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह के रूप में की गई है. इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह बाजार आए थे, तभी सड़क पार करने के दौरान अनियंत्रित वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में लिया. जिसके कारण वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलावस्था में आनन-फानन में उन्हें परिवार वालों के द्वारा छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. सदर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर मेराज आलम के द्वारा उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित किए जाने के साथ ही परिवार वालों में रोना-पीटना लग गया. वहीं परिवार के अन्य सदस्य भी रोते-पीटते छपरा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चीख-पुकार मची हुई है. वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है. सदर अस्पताल में मौजूद भगवान बाजार थाना पुलिस के द्वारा पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है. जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद परिवार वालों को सौंपा जाएगा. फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है

हेमन ट्रॉफी के लिए पू.चम्पारण क्रिकेट टीम घोषित

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी।बिहार क्रिकेट एसोसिएशन बीसीए के तत्वावधान में आयोजित हेमन ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट सीनियर के लिए पू.चम्पारण क्रिकेट टीम की घोषणा कर दिया गया हैं।ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रवि राज के हवाले से जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने बताया कि रणजी खिलाड़ी सकीबुल गनी के नेतृत्व में 16 सदस्यीय पू.च. क्रिकेट टीम की घोषणा आज कर दिया गया।टीम में बल्लेबाज,गेंदबाज और आलराउंडर खिलाड़ियों के साथ साथ अनुपम कुमार व शिवम कुमार सिंह को बतौर विकेटकीपर जगह दिया गया हैं।टीम आज ही मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हो जाएगी।पू.चम्पारण सहित प.चम्पारण, शिवहर,सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर की टीम को हेमन ट्रॉफी जोन-बी में रखा गया हैं।कपरपुरा ग्राउंड मुजफ्फरपुर में 22 अप्रैल को पू.चम्पारण का मुकाबला प.चम्पारण व 23 अप्रैल को शिवहर से होगा। वही 26 अप्रैल को मुजफ्फरपुर व 27 अप्रैल को सीतामढ़ी की टीम पू.चम्पारण के सामने होंगी।ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन इसीडीसीए ने वरिष्ठ खिलाड़ी हरप्रीत सिंह सलूजा उर्फ प्रिंस को टीम मैनेजर की जिम्मेवारी दिया हैं। स्टैंडबाई खिलाड़ी मो. साहिद भी टीम के साथ जुड़े रहेंगे।ट्रायल व कंडीशनिंग कैम्प के प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन चयनसमिति सदस्य रामप्रकाश सिन्हा, सुबोध कुमार व संजय कुमार टुन्ना द्वारा किया गया। मौके पर इसीडीसीए उपाध्यक्ष सह बीसीए गवर्निंग काउंसिल कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम,सचिव रवि राज,वरिष्ठ खिलाड़ी सह खिलाड़ी प्रतिनिधि मधुरेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

नल जल योजना से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल से माँझी नगर पँचायत वार्ड संख्या नौ के नागरिक अब भी वंचित हैं। बदइंतजामी का आलम यह है कि सरकार द्वारा इस योजना पर लाखों खर्च करने के बावजूद भी लोगों को शुद्ध पेय जल नसीब नहीं हो पा रहा है। लोगो को शुद्ध पेय जल के लिए बाजार के बोतल बन्द पानी से संतोष करना पड़ रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या नौ में पी एच ई डी विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाने के बाद हर घर में कनेक्शन तो दे दिया गया लेकिन लगभग दो साल बीत जाने के बाद भी अब तक नलों को पानी नसीब नही हुआ। उक्त वार्ड में नल जल योजना शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं द्वारा नगर पँचायत के पदाधिकारी के अलावा सांसद और विधायक से भी शिकायत भी की गई। बावजूद इसके लोगों की गुहार बेअसर रही। बताते हैं कि संवेदक द्वारा मानक के विपरीत पाइप लाइन बिछा दिए जाने के कारण टँकी के नजदीक के लोगों को कभी कभार पानी मिल जाता है,लेकिन लंबी दूरी के कारण कुँअर टोली में अब तक पानी का एक बूंद भी नहीं मिला है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि वार्ड 9 में भी एक टावर का पॉइंट बनाया जाय,ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि जनसम्पर्क के लिए पहुँचे सांसद से भी उन लोगों ने शिकायत की थी बावजूद इसके समस्या यथावत बनी हुई है।

सुगौली पशु चिकित्सक की उपस्थिति में पशुपालकों को किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौलीः प्रखण्ड के करमवा दलित बस्ती सहित विभिन्न क्षेत्रों में पशु टिकाकर्मी सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ, वंचितों तक पहुँचाने को लेकर ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविशंकर देव बर्मन ने किया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पशु टिकाकर्मी अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के द्वारा पशुपालन को बढ़ावा देने को लेकर अनेकों योजना चलाई जा रही हैं, जागरूकता के अभाव के कारण बहुत से किसान, पशुपालक, सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने से वंचित हो रहे हैं। इसलिए हम सबको जागरूक बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी केंद्र सरकार, राज्य सरकार, पशुपालन मंत्री, पशुपालन विभाग के सचिव, निदेशक तथा हमारे जिला पशुपालन पदाधिकार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, ये सभी अधिकारी, किसान व पशुपालक के हित से जुड़े सरकारी योजनाओं का लाभ, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिये प्रयासरत हैं, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। टिकाकर्मी गुप्ता ने किसान व पशुपालकों से मछली पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन कर, आमदनी बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बहुत से योजनाओं में अनुदान राशि देती है, जिससे कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति अपनी आर्थिक स्थिति सुधार कर रोजगार पा सकते हैं। उन्होंने महिलाओं से मिलकर बकरी पालन कर अपनी आय बढ़ाने में जोर देने की बात कही। वही प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ बर्मन ने टिकाकमीयी से ज्यादा से ज्यादा जागरूकता अभियान चलाने पर जोर देने को कहा ताकि हर पशुपालन जागरूक बन सके। मालूम हो कि सामाजिक कार्यकर्ता अवधेश कुमार गुप्ता, स्वयंसेवक के रूप में बिना किसी मानदेय व वेतन के, लोगों की निःस्वार्थ मदद करते रहते हैं। अभी तक उन्हें विभाग विभागों से अनेकों बार प्रशंसा पत्र व प्रशस्ति पत्र मिल चुका है। इस मौके पर करमवा रघुनाथपुर के प्रभारी डॉ महेन्द्र पासवान, पशु टिकाकर्मी रणधीर कुमार, प्रवीण कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

निर्भीक और निडर पत्रकारिता के स्तम्भ थे दिवंगत पत्रकार गुड्डू राय

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार एवं संजीवनी समाचार के संस्थापक गुड्डू राय के तृतीय पुण्यतिथि सादगी के साथ उनके पैतृक आवास समसुदीनपुर गांव में रविवार को मनायी गयी । सर्वप्रथम दिवंगत पत्रकार गुड्डू राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके छोटे भाई सुनील कुमार द्वारा प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर और माला पहनाकर दिवंगत आत्मा को नमन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित उनके पुरे परिवार ने पुष्प माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके पिता कन्हैया राय ने कहा कि पत्रकार गुड्डू राय एक निर्भीक निडर, बेबाक पत्रकार थे। वो ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े होने के बाद भी अपनी कलम के धार के सामने किसकी को टिकने नहीं दिए क्योंकि वें बेबाक पत्रकारिता करते थे। उनकी कमी आज भी पुरे परिवार को खलती है। पूरा परिवार भरा पड़ा है लेकिन एक उनके ना रहने से पुरी दुनिया बीरान सी लगती है। इस मौके पर उनके छोटे भाई ने कहा कि पुरे परिवार को एक सूत्र में बांध कर रखते थे। उन्होंने कहा कि हमेशा परिवार के साथ साथ समाज व आस पास के लोगों के प्रति समर्पित रहते थे। समाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर अपना योगदान देते थे। हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलने की सिख देते थे। उन्ही के बताये हुए मार्गदर्शन पर चल सभी भाई उनके सपनो का सकार करने की कोशिश करते है। उनका प्यार हम लोगों के प्रति बेसुमार था। श्रद्धांजलि अर्पित करने में उनके पिता कन्हैया राय, माता सीधीया देवी, पत्नी अनिता देवी,पुत्र आशीष रंजन, पुत्री आकुती कुमारी, आयुषी कुमारी एवं पिटू यादव, गणपत आर्यन पत्रकार, धणपत कुमार, पप्पू राय, विनय कुमार यादव, सोनू कुमार, सुभम कुमार, शिवम कुमार, सचिन कुमार, रौकी कुमार,राजेंद्र राय, कामेश्वर राय, सुपन राय इत्यादि मौजूद थे। साथी पत्रकारों एवं दोस्त रिश्तेदारों ने सोशल मिडिया के माध्य से श्रद्धांजलि अर्पित की।

दरपा में बारात जा रही बोलेरो हुई दुर्घटनाग्रस्त, रामगढ़वा रामजानकी मंदिर परिसर में लगी आग

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। अनुमंडल क्षेत्र के दरपा थाना क्षेत्र में बारात जा रही एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में इसपर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस दुर्घटना में किसी के मौत की सूचना नहीं है।बोलेरो पर अधिकांश बच्चे सवार थे।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों नें बोलेरो का शीशा तोड़कर उसमें सवार बच्चों को बाहर निकाला। यह घटना शनिवार की रात्रि बैकुंठ धाम मंदिर के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि आदापुर से नरकटिया होकर लखौरा जाने वाली सड़क में तीनकोनी से बारात रामपुर जा रही थी। इस क्रम में सामने से आ रहे दूसरे वाहन से साइड लेने की दौरान गंभीर टक्कर हो गई। वहीं एक अन्य दुर्घटना में रामगढ़वा बाजार स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में पटाखे की चिंगारी से आग लग गई। यह घटना शनिवार की रात्रि की है। बारात निकालने के दौरान आतिशबाजी से यह घटना घटित हुई बताई जाती है। हवा की तेज रफ्तार के साथ आग नें विकराल रूप धारण कर लिया।आग पर काबू पाने के लिए भारी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और आग पर काबू पाया गया।

लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा 152 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया खिचड़ी खाकर गरीब मजदूर रिक्शा वाले काफी खुश हुए और क्लब के लोगों को दुआएं दी क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से तीन माह से हर शनिवार को किया जा रहा है और इसका काम को सफल बनाने में सभी मेंबरों का भरपूर सहयोग मिल रहा है इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष मनीष मिश्रा, क्लब अध्यक्ष करण सिंह क्लब सचिव राजेश कुमार उपाध्याय, सुमन कुमार सिंह, दिलीप कुमार चौरसिया की रही इस कार्यक्रम में क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एस जेड ए रिजवी उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा लायंस क्लब छपरा के अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा राजीव गुप्ता लियो उपाध्यक्ष रूपेश कुमार, सहित कई लायन साथी ने कार्यक्रम को सफल बनाया इस कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष करण सिंह ने दी

संक्षिप्त खबरें

25 हजार के इनामी अपराधी को पुलिस ने दबोच, भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) रविवार को बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि शनिवार को थानाध्यक्ष सूर्यपुरा को सूचना मिली कि सूर्यपुरा थाना कांड संख्या 198/23 के आलोक में विभिन्न धाराओं के नामजद अभियुक्त धामा मिश्रा उर्फ प्रेमचंद्र मिश्रा उम्र करीब 40 वर्ष पिता जगदीश मिश्रा साकिम मधुकरपुर थाना दिनारा जिला रोहतास ग्राम डबरिया में आकर उक्त कांड के वादी एवं गवाह को डरा धमका रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सूर्यपुरा थाना के प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी द्वारा एक टीम का गठन करते हुए ग्राम डबरिया स्थित राधे कृष्ण मंदिर के पास से नामजद अभियुक्त धामा मिश्रा उर्फ प्रेमचंद्र मिश्रा को एक देसी कट्टा एवं चार जिंदा कारतूस के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

वाहन चालको से पुलिस ने काटा ऑनलाइन जुर्माना

काराकाट (रोहतास) लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय अधिकारियों के दिशा- निर्देश पर कछवां पुलिस लगातार वाहन चेकिंग अभियान थाना क्षेत्रों के सभी कस्बों में चला रही है। उसी क्रम में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना मोड़ के समीप पुलिस पदाधिकारी व जवान द्वारा बड़े व छोटे वाहनों की तलाशी सघन रूप से ली। उक्त थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा हेलमेट, सीटबेल्ट, प्रदूषण जांच, ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर -बुक सहित अन्य विंदुओं पर बारीकी से तलाशी ली जा रही है। जांच के दौरान कुछ त्रुटियां पाए जाने वाले वाहन चालकों से पुलिस ने 15 रुपये का ऑनलाइन चालान काट सभी चालकों के वाहनों को मुक्त किया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि वाहन जांच निरंतर चलते रहेगा।

आईएएस प्रेम कुमार चौहान को नोनिया संघ ने किया सम्मानित

नोखा (रोहतास) नोनिया चौहान कर्मचारी संघ बिहार द्वारा आईएएस डॉ. प्रेम कुमार चौहान को सम्मानित किया। जिन्होंने परीक्षा में सफलता प्राप्त रैक 130 रैंक लाया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सरयू चौधरी, संस्थापक शिवानंद चौधरी, संयोजक रामशरण चौधरी, प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद कुमार, सचिव नन्द किशोर चौधरी, राष्ट्रीय चौहान महासंघ के प्रदेश सचिव अरूण कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष डॉ. सरोज कुमार, औरंगाबाद जिला महासचिव रंजन कुमार चौहान सहित अन्य लोगों उन्हें सफलता पर बधाई दी।

रामचरित मानस संपूर्ण पाठ हुई संपन्न

नावानगर (बक्सर) स्थानीय प्रखंड के पवरपुर गांव में मालती सिंह व रामदुलार सिंह की अगुवाई में चल रहे रामचरित मानस सम्पूर्ण पाठ का समापन किया गया। जहां पाठ की समाप्ति के बाद हवन पूजन भी किया गया और बड़े पैमाने पर भंडारा का आयोजन कर गांव सहित सुदूर क्षेत्रों से आए लोगों को खीर पूड़ी बुंदिया का प्रसाद खिलाया गया। इस दौरान मालती सिंह द्वारा गांव के गरीबों, असहायों सहित अन्य कुल 1हजार महिला पुरुष के बीच साड़ी, टी शर्ट और अंग वस्त्र का वितरण किया गया। जहां वितरण करते मालती सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से भक्तिमय माहौल से समाज सहित अन्य सभी वर्गों के लोगों का बौद्धिक विकास होता है आगे मालती सिंह ने कहा कि गरीबों असहायों व बुजुर्गों के बीच इस वितरण से बहुत बड़ी आत्मिक सुख मिलती है।

सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की हुई मौत

तरैया। थाना क्षेत्र के तरैया बाजार पर अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतक अंधरबाड़ी गांव निवासी 60 वर्षीय विक्रमा सिंह उर्फ बयास जी है। परिजनों ने बताया की मृतक सुबह में घर से बाजार गए थे। बाजार से दूध व मीठा खरीदकर लौट रहे थे कि खादरा नदी पुल पर अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया। जिन्हे घायलावस्था में कुछ लोगो ने रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचाया। जिन्हे चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर गंभीरावस्था में सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान रविवार की दोपहर उनकी मौत हो गई है। घटना के बाद पत्नी लीलावती देवी, पुत्री आशा देवी, पुतुल कुमारी व अन्य का रो रो कर बुरा हाल है।

सरकारी कराहा पथ से अतिक्रमण नही हटने पर लोग करेंगे वोट बहिष्कार

हाईकोर्ट के आदेश को ठेंगा दिखा अतिक्रमणकारी कर रहें अवैध भवन निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के घोसिया पंचायत के रेड़िया मौजा में स्थित सरकारी कराहा पर अतिक्रमणकारी ने अवैध भवन निर्माण कर आम जनता के मुख्य पथ को किया अवरूद्ध। ज्ञात हो कि बिहार सरकार हाईकोर्ट के द्वारा सत्र 2002 में ही चिन्हित अतिक्रमणकारी को सूचना जारी कर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त आदेश जारी किया था। इसके बावजूद भी कुछ अतिक्रमणकारी ने हाईकोर्ट के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए वर्तमान समय में भी अवैध भवन निर्माण कार्य में लगे है। जिसकी भनक रोहतास जिला प्रशासन सहित बिक्रमगंज प्रशासन को अबतक नही है। जो सोचनीय बात है आखिर वर्ष 2002 में ही हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश बावजूद भी अतिक्रमण हटा क्यों नहीं। जो कहीं न कहीं प्रशासन पदाधिकारियों की अतिक्रमणकारियों के साथ मिलीभगत के तरफ इशारा कर रहा है। जिसको लेकर रेडिया मौजा के वार्ड 3 और नगर परिषद वार्ड 10 के मुख्य चौहदी पर बसे दोनों तरफ के सैकड़ों स्थाई निवासी ने बताया कि यह सरकारी कराहा आम लोगों का सार्वजनिक रूप से आज-जाने का मुख्य पथ है। लेकिन विगत लंबे वर्षो से चिन्हित अतिक्रमणकारी में शिवाजी तिवारी,पिता स्व. नन्हकू तिवारी, सा० धनगाई, मौजा रेडिया खाता 300, खेसरा 1555, अतिक्रमण का प्रारूप पक्का का मकान ईट का दीवार। रामानंद पासी, पिता स्व० रोगी पासी, सा० धनगाई, मौजा रेडिया, खाता 300, खेसरा 1555 जिसका अतिक्रमण प्रारूप ईट के दीवार का हाता, श्री रामाकांत तिवारी, पिता स्व० नन्हकू तिवारी, सा० धनगाई, मौजा रेडिया, खाता 300, खेसरा 1555 जिसका अतिक्रमण प्रारूप ईट का खपड़पोस मकान हाईकोर्ट के जारी नोटिस अंकित है। लेकिन वर्तमान में कुछ अतिक्रमणकारी आनन फानन नए पक्के मकान अवैध निर्माण कर चुके है। जिसका स्थानीय लोगों द्वारा विरोध करने पर अतिक्रमणकारी उनसे मारपीट करने की धमकी तक देते है। ज्ञात हो कि इस मुख्य पथ के अवरुद्ध होने से अब आए दिन एंबुलेंस वाहन, गर्भवती महिलाएं, बेटियों की शादी सहित अन्य मुख्य परेशानियों से लोग त्रस्त हैं। जिसको लेकर पीड़ित सैकड़ों स्थानीय लोग बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक से इंसाफ की उम्मीद लगाए उन्हें लिखित आवेदन देकर जल्द मुख्य पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की आग्रह करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि आम जनता को प्रशासन द्वारा इंसान नहीं मिलता है तो वह वर्तमान के लोकसभा चुनाव सहित आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का सभी लोग बहिष्कार करेंगे।

अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराई बाल-बाल बचें चालक-खलासी

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के बरना नया पेट्रोल पंप के समीप रविवार को तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का चालक गाड़ी से कैसे भी कुद कर जान बचाया तो वही उप चालक ट्रक के इंजन में ही बुरी तरह फस गया । मौके पर मौजूद स्थानीय पत्रकार समरेश पाण्डेय, हिमांशु सिंह व स्थानीय लोगों ने कड़ी मेहनत कर उप चालक कि जान बचा ली । घटना इतना भयावह था की ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानी लोगों ने रास्ते से जा रहे एक जरनेटर कि मदद से इंजन को गैस कटर के मदद से काट कर कड़ी मेहनत कर उप चालक को ट्रक से निकाला । जानकारी के अनुसार रविवार शाम तेज रफ़्तार खाली ट्रक बालू लेने के लिए उत्तरप्रदेश के दिलदार नगर से दाऊनगर जा रही थी । इसी दौरान बरना नया पेट्रोल पंप के समीप चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का इंजन पूरी तरह विपरीत दिशा में घूम गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक दुर्घटना में ट्रक का चालक मंटू सिंह इंजन से कूद कर जान बचा लिया । वही उप चालक नीतीश कुमार इंजन में ही बुरी तरह फस गया। जिसे कड़ी मेहनत कर स्थानीय पत्रकार और घटना स्थल पर मौजूद लोगों की मदद से ट्रक के इंजन को गैस कटर से काट कर घायल उप चालक को ट्रक से निकला गया। जख्मी उप चालक को पैर में चोट है जिसे उपचार के लिए बिक्रमगंज के निजी अस्पताल में भेजा गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में लेते हुए आगे की करवाई कर रही हैं।

गोली मार भाग रहें चार अपराधियों को ग्रामीणों ने दबोचा, दो फरार

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) एसडीपीओ बिक्रमगंज कुमार संजय ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में घटना उद्भेदन को लेकर एक प्रेसवार्ता की। जिस में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि विगत शनिवार की रात करीब 9 बजे बिक्रमगंज थाना को सूचना मिली कि मानपुर पंचायत के बलुआही गांव में कुछ अपराधी के द्वारा एक युवक को गोली मार दिया गया है।

जिसमें से ग्रामीणों के द्वारा चार लोगों को पीछा कर पकड़ कर मारपीट किया जा रहा है तथा दो लोग वहां से भाग गए है । उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाना की पुलिस के द्वारा ग्राम बलुआही जाकर ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए चारों लोगों को जख्मी हालत में अपने कब्जा में लेकर इलाज हेतु अस्पताल लाया गया। उन्होंने ने कहा कि ग्रामीणों से पता चला कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मानपुर पंचायत के ग्राम बलुआही के भुअर ठाकुर उर्फ रंजन कुमार एवं उसके ममेरा भाई के साथ आपसी विवाद था।

जिसमें भुअर ठाकुर तीन लोगों को कार एवं दो लोगों को पल्सर बाइक से बुलाया था । उसी समय उमेश कुमार उम्र करीब 18 वर्ष पिता ललन साह उर्फ मंगरू साह साकिम बलुआही थाना बिक्रमगंज जिला रोहतास ऑनलाइन फॉर्म भरकर घर लौट रहा था। उसी दौरान लोगों के द्वारा गोली चलाया गया। जो गोली उमेश कुमार के दायां पंजरी एवं छाती में लग गया। जिस संदर्भ में जख्मी उमेश कुमार के भाई दिलीप कुमार पिता ललन साह ग्राम बलुआही के फर्द ब्यान पर बिक्रमगंज थाना में कांड संख्या 227/24 के आलोक में विभिन्न धाराओं में कांड दर्ज किया गया। साथ बताया फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

एक शिक्षक के कंधों पर वीकेएसयू का भोजपुरी विभाग

तीन सत्रों को अकेले संभाल रहे विभागाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। 25 करोड़ लोगों की भाषा भोजपुरी है जो देश ही नहीं विदेशों में भी बोली जाती है उसके उच्च अध्ययन एवं शोध का विश्व का पहला पीजी विभाग जो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में अवस्थित है, वह शासन प्रशासन की उपेक्षा का शिकार हो चला है। ऐसा नहीं कि यहां छात्र नहीं पढ़ते, आलम तो यह है कि इस साल पीजी की 75 सीटें पहली मेरिट लिस्ट में ही फुल हो चुकी है। अभी यहाँ पीजी के चार सेमेस्टर के सैकड़ों विद्यार्थियों के अलावा भोजपुरी में रिसर्च करने वाले दर्जनों छात्र अध्ययनरत है। मगर उन्हें पढ़ाने के लिए केवल एक शिक्षक ही विभाग में उपलब्ध है। वर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो दिवाकर पाण्डेय हिंदी विभाग के भी प्राध्यापक हैं मगर भोजपुरी में उच्च अध्ययन प्राप्त होने की वजह से उन्हें भोजपुरी विभाग का भी प्रभार सौंपा गया है। उनके कार्यकाल में विभाग की दशा और दिशा में खूब सुधार हुआ है, मगर उनके सामने प्रश्न यह है कि केवल एक शिक्षक के सहारे कक्षाएं कैसे संचालित होंगी? भोजपुरी विभाग ऐसा विभाग है कि यहाँ चारों सेमेस्टर के छात्र और शोधार्थी नियमित रूप से आते है साथ ही यह विभाग साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी केंद्र है। 1992 में विवि के स्थापना काल से ही संचालित भोजपुरी विभाग में स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति की राह में सबसे बड़ी बाधा है अब तक शिक्षकों और कर्मचारियों का पद सृजन ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। विभाग अब तक हिंदी विभाग के शिक्षकों के प्रभार में चलता आ रहा है। ऐसा नहीं कि पद सृजन और नियुक्ति के प्रयास नहीं हुई,कई बार शिक्षा विभाग को इस आशय का पत्र भेजा गया कि विभाग के सुचारु संचालन के लिए स्थायी शिक्षकों कर्मचारियों का पद सृजन और नियुक्ति हो मगर यह अब तक लंबित पड़ा है। हाल में विभाग के पूर्ववर्ती छात्र संघ ने समाधान के लिए विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव, संजय मयूख के अलावा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के पाठक को पत्र दिया है। यही नहीं स्नातक स्तर पर भी भोजपुरी की पढ़ाई सभी अंगिभूत कॉलेजों में प्रारम्भ किये जाने और शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रयास हुआ मगर शासन प्रशासन की उपेक्षा का शिकार भोजपुरी विभाग में बनी हुई है।

क्या कहते हैं विभागाध्यक्ष: भोजपुरी के विभागाध्यक्ष प्रो दिवाकर पाण्डेय बताते हैं कि उन्होंने कुलपति से शिक्षको की कमी के संबंध में बात की है। कुलपति ने वीकेएसयू के किसी अन्य कॉलेज से भोजपुरी भाषा के जानकार शिक्षको को बुलाने की बात कही है परंतु अभी तक बात नहीं बनी है।

क्या कहते हैं छात्र: वर्ष 2023-25 की छात्रा आशा कुमारी बताती है कि एक शिक्षक होने के कारण पठन पाठन सही से नहीं हो पा रहा है। अगर दो और शिक्षक मिल जाते तो हमलोगो की पढ़ाई सुचारू रूप से चलती। हमलोगो 23-25 के छात्र हैं रोजाना क्लास भी आते हैं परंतु दिवाकर सर के अकेले होने के कारण मात्र दो घंटे ही क्लास चल पाता है।

समाजसेवी उद्योगपति के अनुज की श्रद्धांजली सभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी अजय कुमार सिंह के बड़े भाई प्रगतिशील किसान शैलेश सिंह के आकस्मिक निधन को लेकर एक श्रद्धांजली सभा का आयोजन भोजपुर जिला के बखोरापुर गांव के निजी आवास में सम्पन्न हुआ।जहां श्रद्धांजली सभा की अध्यक्षता सीएमडी अजय कुमार सिंह ने किया।श्रद्धांजली सभा में दो मिनट का मौन रख मृतक की आत्मा की शांति की कामना की गई तो दूसरी तरफ श्रद्धांजली सभा में उपस्थित गांव के किसानों सहित सुदूर क्षेत्रों व दूसरे जिलों से आए किसानों ने किसानों के दर्द को बताया जहां वक्ताओं ने कहा कि सरकार के अड़ियल अधिकारियों की ढुलमुल नीति के कारण सरकार से किसानों को मिलने वाली सुविधाएं बीज खाद पानी में लूट खसोट व बंदर बाट पर गहरी चिंता जताते किसानों के असमायिक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।अपने प्रगतिशील किसान शैलेश सिंह की असामयिक मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते कहा कि ये मृतक किसान हमेशा सरकार के अड़ियल अधिकारियों द्वारा फसल की नकली बीज मिलने को लेकर काफी दुखी रहा करते थे और अपने खेतों को झांक काफी निराश भरी जिंदगी जीने को मजबूर हो गए थे।जिसके कारण इनकी असामयिक मृत्यु हुई है।बाद में उपस्थित किसानों सहित अन्य सभी ने शैलेश सिंह के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते फूल चढ़ाते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।जहां शैलेश सिंह को आत्म बोधि किसान बताते अड़ियल अधिकारियों की इस ढुलमुल नीति पर अविलंब लगाम लगाने की मांग किसानों ने श्रद्धांजली सभा के माध्यम से कहते प्रत्येक वक्ताओं ने इस असामयिक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया श्रद्धांजली सभा में मुख्य रूप से आरएसएस बिहार झारखंड के बौद्धिक प्रमुख राणा प्रताप सिंह, डॉ मोहन सिंह,आरा के मेयर इंदु देवी,प्रेम पंकज,भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,आरा सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र कुमार,प्रेम रंजन चतुवेर्दी, बंटी शाही,राजद वरीय नेता सोनू राय,सुनील यादव,मनोज सिंह,बिहार पुलिस एशोसियेशन के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह,पूर्व उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन,बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह,कंपनी के जीएम अजीत शाही, एके पाण्डेय, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

श्रेष्ठ कर्म से मनुष्यता जीवन होता है प्राप्त : जीयर स्वामी

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान प्रवचन में जीयर स्वामी जी महाराज ने अपने श्रीमुख से कहा कि मनुष्य बनने के लिए शास्त्र में बताया गया है कि केवल मनुष्य के घर जन्म ले लेने से हम मनुष्य नही हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्यता प्राप्त करने के लिए हमें अलग से शिक्षा प्रणाली पर ध्यान देना पड़ेगा। जैसे गाड़ी खरीद कर सीखा जा सकता है परंतु सीखने की व्यवस्था गाड़ी के शोरूम में नही है।

उसी प्रकार हम संसार में ऋषि संतान व मनुष्य हैं। लेकिन मनुष्य हो ऐसा करके हमारे में मनुष्यता है कि नही, इसके लिए कुछ नियमों का पालन करना पड़ता है।

इसीलिए रावण ने वरदान मांगा कि नर और वानर के सिवाय किसी दूसरे से नही मरें। क्योंकि वह जानता था कि दुनिया में कोई मनुष्य हो हीं नही सकता है । श्री स्वामी जी ने कहा कि माता-पिता को कष्ट देने वालों का कुछ काम नही बनता है ।

जन्म लेते ही हम तीन प्रकार के ऋण से घिर जाते हैं । जिस दिन से हम और आप जन्म लेते हैं, तीन प्रकार के ऋण हमारे ऊपर हो जाता है । माता पिता का कर्ज, ऋषि का कर्ज, देवताओं का कर्ज । इसी को हमलोग पितृ ऋण, देव ऋण, ऋषि ऋण भी कहते हैं । माता पिता के तेज से हमलोग उत्पन्न हुए हैं । तो हमलोग माता-पिता का कर्जदार हुए । माता- पिता के ऋण से उऋण होने के लिए यह बताया गया है कि कितना भी माता-पिता कड़े स्वभाव के हों बर्दाश्त कीजिए। क्योंकि आपको माता-पिता भी बर्दाश्त किए हैं।

पत्नी के प्रति स्नेह रखिए, लेकिन माता-पिता नही होते तो पत्नी से स्नेह नही होता। जो व्यक्ति माता पिता को उदास, निराश, अपमान ,अवहेलना,मारा पीटा, गाली- गलौज किया चाहे वह साक्षात इन्द्र भी आकर कुछ नही कर सकते । कुछ भी काम नही बनेगा। ऐसा करने वाला नरक का भागी होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए माता-पिता को कष्ट नही दीजिए। गृहस्थ आश्रम में माता-पिता के ऋण से उऋण होने का उपाय है कि बडे होकर शादी विवाह करके अच्छे संतान को जन्म दें। दूसरा है कि हमें ऋषि ऋण से मुक्त होने का उपाय है । पूजा-पाठ करना, हवन करना, ऋषियों को भोजन कराना आदि। मौके पर प्रवचन स्थल पर हजारों की संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।

पूर्व राज्य सभा सांसद मोदी के स्वास्थ्य के लिए मां मंगला सै प्रार्थना : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के स्वास्थ लाभ के लिए भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा माँ मंगला गौरी शक्ति पीठ में पूजा पाठ कर हवन कर, जल्द स्वस्थ होने की माता रानी से कामना की।इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा की सुशील मोदी भाजपा के बड़े नेता हैं, उनके नेतृत्व में बिहार प्रदेश भाजपा संगठन काफी मजबूती प्रदान किया है, आज लोकसभा 2024 के चुनाव में उनके अनुपस्थिति भाजपा कार्यकताओं को बहुत खल रही है, क्यूंकि उन्होंने सर्वदा भाजपा कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया है। माता रानी से प्राथना करते हैं की जल्द स्वस्थ होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में पूनः हम सभी कार्यकताओं को मार्गदर्शन दें। आज के पूजा में युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश गिरी, महेश यादव, बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए हैं।

अतरी विधानसभा की कार्यकर्ता बिहार में 40 और देश में 400 के लक्ष्य पूरा करने में जुटे : डॉ. चन्दन यादव

गया।आगामी लोकसभा चुनाव को ले कर जनता दल यूनाइटेड, बिहार के अतरी विधानसभा प्रभारी ने अतरी के विभिन्न गाँव में संपर्क अभियान चलाया एवं जनता दल यूनाइटेड द्वारा आयोजित खिजरसराय प्रखंड बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जहाँ डॉ. यादव का प्रखंड अध्यक्ष पिंकी कुमारी जी एवं पंचायत अध्यक्षयों ने अंग वस्त एवं फूल माला से स्वागत किया है ।डॉ. यादव ने संगठन के विभिन्न स्तर पर समीक्षा किया एवं उपस्थित सभी जदयू नेताओं के बातों को गंभीरता से सुना, सभी कार्यकताओं एवं नेताओं से एक स्वर में कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार है एवं उनको मजबूत करना हम कार्यकताओं का प्रथम लक्ष्य है । इस मौके पर डॉ. यादव ने कहा कि पिछले बार हम सभी पूरे बिहार के कार्यकर्ता ने पूरी ईमानदारी से नेता के कार्यो को जनता तक पहुंचाया था, जिसका परिणाम रहा कि पूरे बिहार से जनता मालिक का आशीर्वाद मिला और एनडीए ने 39 सीट जीता था इस बार हम सभी मिल कर अपने नेता के नारों को साकार करेंगे और देश के 400 सीटों में बिहार से 40 के 40 सीट जनता के आशीर्वाद जीता के भेजेंगे । विधानसभा प्रभारी डॉ.यादव ने सभी नेताओं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक कार्यकर्ता के लिए पार्टी माँ के समान होती है जो अपने कार्यकताओं के हितों की रक्षा करती है एवं उसको यह अधिकार देती है की वो सशक्त हो कर सामाजिक रक्षा कर सकें, इसलिए हम सभी कार्यकताओं का यह कर्तव्य बनता है कि हम सभी मिल कर पार्टी को मजबूत करें।डॉ. यादव ने कहा कि हमारे नेता आदरणीय नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में जो योगदान किया है उसे राजनीतिक भावना में लोग जो कह लें मगर उसको कोई दरकिनार नहीं कर सकता एवं राष्ट्रीय स्तर पर देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर जो देश की छवि बनाई है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का पंचायत स्तरीय हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पंचायत स्तरीय बैठक नोनहर कुसमभरा तथा खैरा भूधर के खिरोधरपुर में सम्पन्न हुई। वरिष्ठ राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ने पंचायत स्तरीय एवं बुथ स्तरीय करणीय कार्यो पर प्रकाश डाला। काराकाट लोक सभा के संयोजक नवीन चंद्र शाह ने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकताओं में नई जोश एवं ऊर्जा भरने का कार्य किया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी जनता दल यू लोक जनशक्ति पार्टी तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पंचायत स्तर सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे उनमें वीरेंद्र कुशवाहा ,सूरज नाथ प्रसाद, बादशाह पासवान ,रवि शंकर पासवान उपस्थित थे। साथ ही लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी पर भी चर्चा हुई।

दहेज के लोभियों ने विवाहिता की हत्या कर जलाया, मामला दर्ज

बनियापुर । एक बार फिर दहेज के लोभी ससुराल वालो ने विवाहिता की हत्या कर शव को जला डाला,जिस सूचना पर पहुंचे मायके वालो ने पुलिस को सूचना दिया,जहा मौके पर पहुंच पुलिस अग्रेतर करवाई मे जुटी है,प्राथमिकी मे पति सास ससुर व अन्य को नामजद किया गया है। घटना के संबंध दर्ज प्राथमिकी मे सिवान जिले के दरौदा थाना के भिखमपुर निवासी लक्ष्मण यादव ने बताया है कि दो वर्ष पूर्व 2022 मे अपनी पुत्री पिंकी देवी की शादी हाफिजपुर गाव निवासी शंभू यादव के पुत्र मुकेश यादव से धार्मिक रीति रिवाज के साथ दान दहेज के साथ किया था,शादी के कुछ दिनों बाद 50 हजार रुपया दहेज मे मायके से मागने के लिए दबाव बना रहे थे,जिसे कई बार समझौता कर किया गया था, निपटाया गया था ,काफी प्रताड़ित ,आज सुबह सूचना मिली की आपकी पुत्री की हत्या कर शव को जलाने ले जाया जा रहा है ,सूचना पर हाफिजपुर पहुंचते देखा की शव जला दिया गया है,सभी आरोपी फरार थे,घटना मे भसूर रितेश यादव शंभू यादव ममतादेवी शैल देवी पति मुकेश यादव को नामजद किया है,घटना मे पुलिस आरोपियों का धर पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

चूल्हे की चिंगारी से 26 घर जल कर राख

तरैया प्रखंड के चंचलिया दलित बस्ती में शनिवार की रात्री चूल्हे की चिंगारी से लगी आग से 26 घर जलकर राख हो गए है।अग्नि कांड में अन्न,वस्त्र,बिछावन,नकदी रुपए,चौकी,पलंग,साइकिल ,08 बकरियां सहित अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुएं जलकर नष्ट हो गई है।अग्नि पीड़ित सियालाल राम,शीला देवी,अच्छेलाल राम, हरेंद्र राम,विनोद राम,आशा देवी, संजीत राम, रामवती देवी,शारदा देवी,प्रभा देवी,मंजू देवी,रेशमी कुंवर,शिव कुमार राम,वीर बहादुर राम,मीरा देवी,गुलाबचंद राम,प्रभु राम,मुन्ना राम,निशा देवी,बच्चा राम, मुकेशरी कुंवर,देवंती देवी,माला देवी,उषा देवी,चिंता देवी व कन्हैया मांझी है।पीड़ितों ने बताया की चूल्हे की चिंगारी से अचानक तेज हवा के कारण एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।और आग बेकाबू हो गया।जिसमे 26 घर जलकर राख हो गए।लगातार तीन चार घंटे तक ग्रामीणों और अग्निशमन कर्मियों के परिश्रम के बाद आग पर काबू पाया गया।अग्निपीड़ितों ने बताया की अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा उन्हें मदद के नाम पर केवल तिरपाल दिया गया है।

ईंट लोड टैक्टर ट्राली से 470 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, चालक फरार

दुर्गावती। स्थानीय थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप होटल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग से एक ईंट लोड ट्रैक्टर से दुर्गावती पुलिस ने 470 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वहीं पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर उत्तर प्रदेश से ईंट लोड करके मोहनिया जा रहा था तभी बीच रास्ते में दुर्गावती थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड दुर्गावती के पास उसके ट्रैक्टर के टाली का पहिया पंचर हो गया। इसके बाद भी वह ट्रैक्टर को चलता ही रहा थोड़ी दूर आगे जाकर महाराणा होटल के पास ट्रैक्टर की टाली अनियंत्रित होकर पलट गई। टाली पलटते ही जब ईट बाहर निकाला तो उसमें शराब की पेटी दिखाई दी। मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा इसकी सूचना दुर्गावती पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस के द्वारा शराब को जप्त कर लिया गया। इसके बाद उसकी गिनती की गई तो कुल 470 लीटर शराब पाया गया। वहीं पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया। पुलिस ट्रैक्टर के चेचिस नंबर के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

इस दिन से शुरू होगा विजय देवरकोंडा की वीडी 12 की शूटिंग का अगला शेड्यूल

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द फैमिली स्टार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, जिसके बाद अब वे एक हिट की तलाश में भटक रहे हैं। हालांकि, एक बार फिर वे अपनी अगली फिल्म के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हैं। विजय निर्देशक गौतम तिन्नानुरी के साथ अपनी अगली स्पाई थ्रिलर फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई रूप से शीर्षक वीडी 12 है। अब इस फिल्म के बारे में नई जानकारी सामने आई है। फिल्म की शूटिंग हाल ही में हैदराबाद में शुरू की गई थी और इस चरण में विजय देवरकोंडा पर कुछ महत्वपूर्ण दृश्य फिल्माए गए थे। इस फिल्म को लेकर नई जानकारी यह कि फिल्म की टीम अगले शेड्यूल के लिए विजाग के लिए रवाना होगी, जो 28 अप्रैल, 2024 को शुरू होगी। इसके बारे में जल्द ही आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है।

फिल्म से विजय की पहली झलक

इससे पहले नौ मई, 2023 को विजय देवरकोंडा के जन्मदिन पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया गया था, जिसने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया था। वीडी 12 के जारी किए गए सेपिया-टिंटेड रेट्रो पोस्टर में कागज के कई टुकड़े थे, जिन्हें एक साथ लाने पर वे विजय के लुक की झलक दिखाते थे। इस पोस्टर में अभिनेता के लुक ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। वहीं, इस पर एक लाइन भी लिखी हुई थी। पोस्टर पर लिखा था, मुझे नहीं पता कि मैं कहां का हूं, आपको यह बताने के लिए कि मैंने किसके साथ विश्वासघात किया है।

भारी बजट पर बन रही इस स्पाई थ्रिलर के लिए सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज ने हाथ मिलाया है। मुख्य महिला भूमिका के लिए भाग्यश्री बोरसे और ममिता बैजू के नाम पर चर्चा चल रही है। श्रीकारा स्टूडियोज फिल्म प्रस्तुत कर रहा है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत रचना संभाल रहे हैं। विजय देवरकोंडा की आखिरी फिल्म द फैमिली स्टार बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। हालांकि, वीडी12 के साथ उनकी दमदार वापसी की उम्मीद जताई जा रही है।

कम उम्र के हीरो के साथ रोमांस करना चाहती हैं मानुषी छिल्लर

मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद मानुषी छिल्लर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपने पैर जमा रही हैं। उन्होंने फिल्म सम्राट पृथ्वीराज से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। मानुषी इन दिनों अपनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में चल रही हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने अपने से बड़े अक्षय कुमार के साथ रोमांस फरमाया है। हालांकि, इसके लिए अभिनेत्री को ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा है। अब हाल ही में, मानुषी ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।

बड़े मियां छोटे मियां में मानुषी अभिनेता अक्षय कुमार के साथ दिखाई दी हैं। एक तरफ जहां सोशल मीडिया उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री की सराहना की गई है। वहीं, दूसरी तरफ उनके बीच उम्र के महत्वपूर्ण अंतर ने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी। हाल ही में, मानुषी ने इस मामले पर अपने विचार साझा किए। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

बातचीत के दौरान जब मानुषी छिल्लर और अक्षय कुमार के बीच उम्र के अंतर का विषय उठाया गया, तो अभिनेत्री ने एक सुपरस्टार के रूप में उनकी प्रशंसा की और उनकी उम्र की परवाह किए बिना उनके साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि अक्षय के साथ काम करके उनका समय बहुत अच्छा गुजरा। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वह कास्टिंग संबंधी निर्णय नहीं लेती हैं और कास्टिंग निर्देशकों द्वारा चुने गए विकल्पों का सम्मान करती हैं। वह उन्हें दी गई भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करती हैं और एक सुपरस्टार के साथ काम करने के अवसर को महत्व देती हैं, क्योंकि इससे प्रोजेक्ट पर महत्व बना रहता है। मानुषी ने कहा, सुपरस्टार के साथ काम करना अच्छा है। आपको अच्छा खासा स्क्रीन स्पेस मिलता है। अगर मैं अपनी पहली फिल्म के बारे में बात करूं तो उम्र का अंतर था, लेकिन हमने भूमिकाएं अच्छे से निभाई। हमने मार्केटिंग के लिए गाने बनाए, इसलिए उन्हें गाने के लिए दो लोगों को एक साथ रखना पड़ा, लेकिन यह ठीक है। मैं इसे कुछ ऐसा नहीं मानती, जो नहीं होना चाहिए था।

मानुषी ने यह भी उम्मीद जताई कि उन्हें भविष्य में कम उम्र के हीरो के साथ रोमांस करने का मौका मिलेगा। सम्राट पृथ्वीराज के साथ अपनी शुरुआत करने के बाद, अभिनेत्री ने विक्की कौशल के साथ द ग्रेट इंडियन फैमिली में अभिनय किया।

ट्विंकल खन्ना ने ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

अभिनेत्री से राइटर बनीं 50 साल की ट्विंकल खन्ना अक्सर अपनी फोटोज और वीडियोज को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। ट्विंकल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री अपने होठों पर लाल रंग की लिपस्टिक लगाती नजर आ रही हैं। उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया जिन्हें 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं के ऊपर गहरे लाल रंग की लिपस्टिक लगाने से परहेज हैं। ट्विंकल खन्ना के इस वीडियो में वह कुछ सैकेंड के लिए अपने होठों पर लाल रंग लगाते हुए नजर आ रही है। फिर उन्होंने कैमरे की तरफ कुछ इशारा किया। जब लोग कहते हैं कि 50 से अधिक उम्र की महिलाओं को ऐसा करना चाहिए, लाल लिपस्टिक मत लगाओ। अपने कैप्शन में ट्विंकल ने लिखा, क्या आपको इस लिपस्टिक पर उम्र सीमा लिखी दिख रही है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने सवाल पूछा कि, उन्हें क्या हाल फिलहाल में मेकअप को लेकर कोई सलाह मिली है? ट्विंकल खन्ना के इस इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद फैंस लगातार उन्हें अपनी राय दे रहे हैं। खासतौर पर महिला फैंस के कई रिप्लाई ट्विंकल खन्ना को लगातार आ रहे हैं। ट्विंकल के इंस्टाग्राम रील्स पर एक कमेंट में लिखा है, मेरा अभी 70वां जन्मदिन है और मैं नहीं रुक रही हूं। आपको या किसी और को क्यों ऐसा करना चाहिए। आपको लिपस्टिक लगाना पसंद है, कृपया ऐसा करना जारी रखें। आपको जो करना पसंद है वही करें। एक और यूजर ने लिखा मुझे लाल लिपस्टिक पसंद है। मैं बोल्ड प्रिंट पहनती हूं। किसी ने मुझे यह बताने की हिम्मत नहीं की कि मुझे क्या नहीं पहनना चाहिए। ट्विंकल खन्ना ने बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार से शादी के बाद अपना फिल्मी करियर छोड़ दिया था। अब वह एक राइटर बन गई हैं। 2022 में ट्विंकल ने लंदन यूनिवर्सिटी से फिक्शन राइटिंग में मास्टर्स किया है।

'पंड्या स्टोर' छोड़ने की वजह पर खुलकर बोलीं मेघा शर्मा

छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री मेघा शर्मा अब धारावाहिक 'पंड्या स्टोर' का हिस्सा नहीं रहीं। चर्चा है कि उन्हें शो की बदलती कहानी के चलते बाहर कर दिया गया है। हालांकि, मेघा का अब ये कहना है कि ये शो उन्होंने खुद छोड़ दिया है। मेघा का आरोप है कि जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ रही थी, उनके किरदार को शो में बिल्कुल हाशिये पर पहुंचा दिया गया था। धारावाहिक 'पंड्या स्टोर' छोड़ने के अपने फैसले की वजह बताते हुए मेघा ने कहा, मैं लगभग 9-10 महीनों तक शो का हिस्सा रही और पहले चार महीनों तक मैंने अपनी भूमिका का भरपूर आनंद लिया। लेकिन फिर, चीजें दोहराई जाने लगीं और मेरा चरित्र विकसित नहीं हो रहा था। मुझे ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं मिल रहा था, इसलिए मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं एक अंतिम पड़ाव पर पहुंच रही हूं। मेघा के मुताबिक, जो कुछ हो रहा था, मुझे इस पर रोक लगाने की जरूरत महसूस हुई। इस प्रकार, मैंने शो छोड़ दिया क्योंकि मेरा किरदार विकसित नहीं हो रहा था और मेरे पास मुश्किल से ही कोई स्क्रीन टाइम या लाइन्स थीं। मैंने इसके बारे में बहुत सोचा, लेकिन जब मुझे एहसास हुआ कि मुझे चमकने का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है, तो मुझे छोड़ने का फैसला करना पड़ा। मेघा कहती हैं, चलते हुए शो को छोड़ना एक कठिन निर्णय था क्योंकि मुझे टीम के साथ काम करने में बहुत मजा आया, वे बहुत अच्छे थे। लेकिन एक अभिनेत्री के तौर पर मुझे अभिनय के मौके चाहिए। जब उन अवसरों की कमी थी, तो मुझे एहसास हुआ कि मुझे आगे बढ़ने के लिए एक कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए, मैंने अन्य अवसरों का लाभ उठाने के लिए छोड़ने का निर्णय लिया। अब, मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि भविष्य में मेरे लिए क्या होगा क्योंकि मैं अन्य परियोजनाओं पर विचार कर रही हूं।

भुवन बाम की वेब सीरीज 'ताजा खबर 2' की शूटिंग हुई पूरी

मशहूर यूट्यूबर और अभिनेता भुवन बाम की वेब सीरीज 'ताजा खबर सीजन 2' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। शूटिंग पूरी होने पर अभिनेता ने सभी का आभार जताया है। बता दें कि भुवन बम की वेब सीरीज 'ताजा खबर' को हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया गया था। इस सीरीज को फैंस और दर्शकों का काफी प्यार भी मिला था। अब अभिनेता इसकी दूसरी श्रृंखला लेकर प्रस्तुत हैं। उम्मीद की जा रही है कि इसका दूसरा सीजन जल्द ही हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। कंटेंट निर्माता और अभिनेता भुवन बाम ने शूटिंग पूरी होने पर कहा, 'ताजा खबर सीजन 2' की शूटिंग घर वापसी जैसी थी। सेट पर हर दिन बहुत ही शानदार रहा। हमारी टीम एक परिवार की तरह है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा की हम शूटिंग के आखिरी दिन पर पहुंच गए हैं। श्रिया, प्रथमेश, देवेन जी और सभी सीजन 2 की शूटिंग के लिए उत्साहित थे।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे याद है जब मैंने सीजन 1 लॉन्च किया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसे इतना प्यार मिलेगा, खासकर मेरे किरदार 'वसंत' को। अब सीजन 2 आने के लिए तैयार है। मैं इसका इंतजार नहीं कर पा रहा हूं कि दर्शक इस पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। मुझे उम्मीद है कि दर्शक दूसरे सीजन का आनंद लेंगे।

सीरीज की अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने कहा कि ताजा खबर सीजन 2 की शूटिंग बहुत मजेदार रही। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हम शूटिंग के आखिरी दिन पर पहुंच गए हैं। यह शानदार सफर रहा। मैं मधु का किरदार निभाने और सेट के अनुभव को याद करूंगी। मैं इंतजार में हूं कि नए सीजन पर दर्शक कैसी प्रतिक्रिया देंगे। अभिनेत्री आगे कहती हैं कि इस सीजन में 'मधु' का नया अवतार देखने को मिलेगा। बता दें कि यह सीरीज 'बीबी के वाइन्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित है। इसका निर्देशन हिमांक गौड़ ने किया है। सीरीज में भुवन बाम के अलावा श्रिया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

एसएसएमबी 29 को लेकर खास तैयारी कर रहे हैं महेश बाबू और एसएस राजामौली

साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। महेश बाबू और एसएस राजामौली को आज शुक्रवार की सुबह हैदराबाद लौटते देखा गया। उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में महेश बाबू और एसएस राजामौली एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि दोनों दुबई से लौट रहे थे। फिलहाल फिल्म एसएसएमबी 29 अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है।

महेश बाबू, एसएस राजामौली और निर्माता केएल नारायण दुबई से लौटने पर आज सुबह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखे गए। काफी समय हो गया है, जब प्रशंसकों को महेश बाबू और एसएस राजामौली को एक साथ देखने का आनंद मिला है।

महेश को काले और सफेद जैकेट और नीचे ग्रे टी-शर्ट पहने देखा गया। इसे उन्होंने जींस के साथ जोड़ा था। उन्होंने टोपी, धूप का चश्मा पहन रखा था और कंधे पर बैग ले जाते हुए नजर आए। दूसरी ओर राजामौली नीली जैकेट के साथ भूरे रंग की टी-शर्ट पहने नजर आए। दोनों ने पैपराजी से दूरी बनाए रखी। उनकी हालिया झलक से प्रशंसकों को विश्वास हो गया है कि महेश बाबू और एसएस राजामौली फिल्म के बारे में एक नई घोषणा करने पर काम कर सकते हैं। दोनों ने फिल्म की कहानी के बारे में चुप्पी साध रखी है। उन्होंने अभी तक शीर्षक का भी खुलासा नहीं किया है। हालांकि, हाल ही में एक साक्षात्कार में एसएस राजामौली ने फिल्म के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी कहानी तैयार है और हीरो भी तैयार है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन में है। कास्टिंग पूरी नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही इस पर काम हो जाएगा। इस पर तेजी से काम जारी है।

एसएसएमबी 29 के जरिए महेश बाबू और एसएस राजामौली पहली बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म को एक जंगल एडवेंचर फिल्म माना जा रहा है और अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फिल्म बड़े पैमाने पर होगी। इसके अलावा यह भी कहा जा है कि फिल्म में पौराणिक कथाओं और भारतीय महाकाव्यों की झलक होगी, जो राजामौली का ट्रेडमार्क है। वहीं कहानी के बारे में बात करें तो खबर है कि फिल्म की पटकथा और महेश बाबू का किरदार रामायण के भगवान हनुमान से प्रेरित है। फिल्म के लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने हाल ही में दिए साक्षात्कार में खुलासा किया था कि निर्माता अफ्रीका में एक एक्शन-एडवेंचर सेट के लिए हॉलीवुड अभिनेताओं को शामिल करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

अग्नि पीड़ित प्रति परिवार को दी गई 12 हजार रुपया राहत राशि

बारियारपुर (मुंगेर)। प्रखंड के गंगा पार पंचायत हरिण मार के दास टोला में शनिवार को दोपहर 12 बजे लगी आग से कई घर जलकर राख हो गया था। आग से सभी पीड़ित बेघर हो गए। आग के चपेट में आने से सात पीड़ित परिवार को प्रशासनिक स्तर पर चिन्हित कर प्रशासनिक स्तर पर सहायता राशि के साथ प्लास्टिक शीट उपलब्ध कराई गई। पीड़ित सरिता देवी, मीना देवी, संगीता देवी, जगदेव दास, अमृता देवी, आरती देवी सहित एक अन्य को अंचल नाजिर संजय कुमार के द्वारा अंचल परिसर में 7 हजार रुपया का नगद अनुदान एवं 5 हजार रुपया बर्तन व वस्त्र हेतु कुल 12 हजार रुपया का चेक पीड़ित को उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्लास्टिक सीट भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान कर्मचारी धर्मवीर कुमार, मानवाधिकार जिला सचिव सोनू कुमार दीपक, दिगंबर कुमार उपस्थित थे।

23 अप्रैल को एम यू में रहेंगी छुट्टी

मुंगेर। मंगलवार 23 अप्रैल को मुंगेर विश्वविद्यालय एवं इसके अधीन संचालित सभी कॉलेज में छुट्टी रहेगी। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह छुट्टी वीर कुंवर सिंह जयंती को लेकर स्वीकृत किया गया है।

25 अप्रैल से शुरू होगा वोकेशनल कोर्स की परीक्षाएं

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय अपने विभिन्न कॉलेजों में संचालित बीसीए वीबीए बायोटेक तथा बी फार्मा के विभिन्न सेशन की परीक्षाएं आगामी 25 अप्रैल से लिए जाने की तैयारी कर रही है। इसको लेकर विश्वविद्यालय ने परीक्षा प्रोग्राम के साथ ही परीक्षा केंद्रों से संबंधित सूचना जारी कर दिया है । परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर अमर कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि बीबीए पार्ट 2 शैक्षणिक सेशन 2021-24 तथा बीबीए पार्ट 3 शैक्षणिक सत्र 2020-2022 की परीक्षा दो परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराया जाएगा। वहीं दूसरी ओर बीबीए पार्ट 2 के ऑनर्स पेपर की परीक्षा 25 से 30 अप्रैल के बीच तथा सब्सिडी पेपर की परीक्षा दो एवं तीन मई को को संपन्न करायी जाएगी।

पीडब्ल्यूडी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तिथि निर्धारित : डीएम

भागलपुर। लोक सभा आम निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने एवं भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आगामी 22 अप्रैल को 5 बजे अपराह्न से नाथनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र के आलोक में स्वीप के अंतर्गत दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तिथि निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में भागलपुर के दिव्यांगजन मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता से संबंधित ऑडियो व वीडियो के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम में जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा भाग लिया जाएगा। आयोजन स्थल पर दिव्यांग जनों के लिए व्हीलचेयर के साथ अन्य वांछित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

मस्तान बाबा के उर्स बड़े हीं धूमधाम से मनाया गया

अरेराज। अरेराज प्रखंड के मलाही थाना अंतर्गत चिंतामनपुर गांव में हजरत शाह नुरुल होदा उर्फ हुजूर मस्तान बाबा के उर्स बड़े हीं धूमधाम अदब व एहतराम के साथ इनेकाद किया गया। यह उर्स की मकबरा काफी पूराना और कई मायने में शक्ति शाली है । यहां आने वाले लोगों की उम्मीद कभी खाली नहीं जाता है। इस लिए यहां इस उर्स का साल हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया गया जहां काफी आकर्षक तरीके से मेला लगा हुआ था और भी सभी जरुरत के चिजो की दूकानें सजी थी। वहीं इस उर्स में बहुत ही दूर दूर से मस्तान बाबा के अकीदतमंद दीवाने आए हुए थे जिसको लेकर प्रशासन द्वारा लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर जा रही थी पुलिस प्रशासन के द्वारा भीड़-भाड़ को नियंत्रित किया गया था। उक्त उर्स में दूर दूर ओलमा व शोअरा तशरीफ आये हुए थे। शायरी तरन्नुम नसीब रजा व शाकिब रजा ने अच्छी-अच्छी मनकबत पढ़कर सुनाया। जिससे लोगों ने नारे तकबीर नारे रिसालत की नारा गूंज उठी और इस्तकबाल पुरजोर की गई...वही उन्होंने जहां देखो वहां चर्चा मेरे मस्तान शाह का है जमाने भर में दीवाना मेरे मस्तान शाह का है...वही जलसा के संबोधन के दौरान हजूर मस्तान बाबा की जिंदगी पर प्रकाश डाला गया... वही बताया गया कि बाबा की जिंदगी को अपने जीवन में उतारे जिससे आपको अच्छी सीख मिलेगी।

मतदान शत प्रतिशत बढोतरी को लेकर सभी संस्थाओं के साथ हुई संयुक्त बैठक : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने एवं भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतू समीक्षा भवन के प्रांगण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अध्यक्षता करते हुए जिले के विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार की उपस्थिति में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने पूर्व कार्यक्षेत्र जहानाबाद का उदाहरण देते हुए एक वोट का महत्व बताते हुए कहा कि एक सब्जी विक्रेता एक दबंग उम्मीदवार से एक वोट अधिक प्राप्त कर पार्षद बन गया, जो बाद में उप मुख्य पार्षद भी बना, इसलिए अपने प्रतिनिधि के चुनाव के लिए आपके एक वोट का कितना महत्व है, आप समझ सकते हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि 80 वर्ष के जीवन काल में आपको अपने सांसद चुनने हेतु मात्र 12 बार अवसर मिलता है, अगर आप वोट नहीं करते हैं तो 5 वर्षों तक आपको इस बात का मलाल रहेगा, कि मैंने अपना वोट नहीं दिया था। वही उन्होंने कहा कि भागलपुर व्यापारिक क्षेत्र रहा है यहां का आधारभूत संरचना मजबूत है, तो फिर वोट में कमी क्यों हो रही हैं, इसलिए सोच में सुधार की आवश्यकता है।

साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान के दिन आपको कोई असुविधा न हो जिसके लिए प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनाती रहेगी, जिले के सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इस दौरान सेक्टर, जोनल, सुपर जोनल लगातार निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। इसलिए निर्भीक होकर आप मतदान करें। मतदान केंद्रों पर तीन कतार लगेंगे, एक कतार पुरुष की, दूसरी कतार महिलाओं की एवं तीसरी कतार दिव्यांगजनों की रहेगी। एक पुरुष के बाद दो महिलाओं से मतदान कराया जाएगा। साथ ही दिव्यांगजनों और बुजुर्ग मतदाताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। मतदान केंद्रों पर बैठने के लिए छाया दार जगह में बेंच की व्यवस्था रहेगी, पानी, शौचालय, रैंप, बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जहां दिव्यांगजन एवं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां व्हीलचेयर की भी व्यवस्था रहेगी। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार के मजदूर सर्वत्र अपनी मेहनत के लिए पसंद किए जाते हैं, लेकिन जब मतदान प्रतिशत की बात होती है तो अफसोस होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार की प्रतिष्ठा एक भवन के समान है। इसके निर्माण में एक-एक व्यक्ति का योगदान शामिल है। हमें देखना है कि इसके निर्माण में आपका क्या योगदान रहेगा। वही उन्होंने कहा कि हम सभी आज प्रण लें और सुनिश्चित करें कि भागलपुर परिक्षेत्र का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदान करना कितना महत्वपूर्ण है, हम सभी जानते हैं। चुनाव को सभी पर्वों से महान पर्व कहा जाता है, क्योंकि उसमें हर धर्म, हर जाति के मतदाता इस लोकतंत्र के पवित्र त्यौहार में भाग लेते हैं। प्रथम चरण के चुनाव ने बिहार पर एक काला धब्बा लगा दिया है, यहां का वोटिंग प्रतिशत सबसे निचले पायदान पर आ गया। हम लोगों के पास 5 दिन बचा हुआ है। इन पांच दिनों में आप सबों को एक-एक मतदाता को जागरूक कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। आगामी 26 अप्रैल को यहां का मतदान प्रतिशत इतना अधिक रहे कि बिहार टॉप 5 राज्यों में आ जाए। इसके लिए अभी से प्लान बना लिया जाए कि अगले 5 दिनों में क्या-क्या करना है कि पूरा निर्वाचन क्षेत्र इलाके के सभी नगर के मोहल्ला व ग्रामीणवासी अपना वोट करें। साथ ही उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया का जमाना है। चैंबर्स ऑफ कॉमर्स अपने दुकानदारों, रेस्टोरेंट के संचालकों से यह प्रचारित करावे की 12:00 बजे के पहले जो मतदान करके उंगली में स्याही लगवा कर आएगा, उन्हें हम अपने दुकान में रेस्टोरेंट में 10 या 15% डिस्काउंट देंगे। उन्होंने कहा कि प्रेरित करना भी आपकी जिम्मेदारी है। सब लोगों से वोट करवा लेना भी एक महान कार्य है। वही उन्होंने कहा कि हम 27 अप्रैल के समाचार पत्रों में हम देखना चाहते हैं कि भागलपुर में सबसे ज्यादा मतदान हुआ है, यह भागलपुर की प्रतिष्ठा का सवाल है।

बैठक के क्रम में नगर आयुक्त ने आगामी 26 तारीख को घर-घर से निकलकर मतदान करने तथा भागलपुर का मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम अपने स्तर से प्रचार प्रसार करवा रहा है, आपका योगदान अपेक्षित है। इस मौके पर आईएमए के सचिव डॉक्टर मणि भूषण, जिला शांति समिति के सदस्य प्रकाश चंद्र गुप्ता, सुमित चौधरी, सुमित जैन, नागरिक विकास मंच के मोहम्मद महबूब आलम, नागरिक विकास समिति के सत्यनारायण प्रसाद, मो. शाहबुद्दीन वर्दी खान, मो. तकी अहमद, बिशहरी पूजा के केंद्रीय समिति के सचिव एवं भोला कुमार मंडल, सार्वजनिक सेवा समिति के देवाशीष बनर्जी, सामाजिक कार्यकर्ता चंपानगर समाज सेवा मंच के भावेश कुमार यादव, भारत स्काउट एंड गाइड के प्रवीण कुमार झा, विपिन कुमार सिंह, एनसीसी के कर्नल दिनेश कुमार पाठक ने अपने-अपने सुझाव रखे है। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त निदेशक जनसंपर्क के नागेंद्र कुमार गुप्ता ने किया।

5 साल कारावास व एक लाख रुपये का आर्थिक दंड की हुई सजा : अधिवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में शराब कारोबारी व कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार पुलसिंग कार्रवाई चल रही हैं। साथ ही पुलिस टीम द्वारा लगातार शराब जब्ती व अभियुक्तों की गिरफ्तारी की कवायद चल रही हैं। इसी कड़ी में शराब मामले को लेकर उत्पाद कोर्ट 2 और ए डीजे 12 कोर्ट में शराब व नशे के सामान की तस्करी करने के मामले की सुनवाई करते हुए शराब तस्कर मामले के विचाराधीन सभी आरोपियों के विरुद्ध सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा सभी आरोपी को 5 साल की कारावास और एक लाख रुपये का आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है। वहीं आरोपियों द्वारा आर्थिक दंड नहीं देने पर अतिरिक्त सजा के तहत 3 महीने का कारावास सजा की सुनवाई हुई है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि नवगछिया पुलिस जिला इलाके से दो कार काफी तेजी से पूर्णिया की ओर से खगड़िया जा रही थी। वहीं स्थानीय पुलिस कर्मियों को उक्त वाहन चालक को लेकर कुछ शक हुआ और दोनों कार को नवगछिया टोल प्लाजा के पास रोका गया तो दोनों कर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी। जिसको लेकर केस दर्ज किया गया और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आज युवक को सजा सुनवाई की गई है। उक्त आशय की जानकारी एबीपी भोला प्रसाद मंडल ने दी।

मालदा एडीआरएम ने पीरपैंती रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। मालदा पूर्वी रेलवे जोन के एडीआरएम शिव प्रसाद ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पीरपैंती रेलवे स्टेशन पहुंच कर अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर चल रहे कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के बाहर चल रहे कार्यों को बारीकी से देखा और संवेदक को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही एडीआरएम शिव प्रसाद ने कहा कि चार से पांच महीने में स्थानीय पीरपैंती स्टेशन का कायाकल्प करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान एडीआरएम ने स्टेशन परिसर के साथ साथ आसपास क्षेत्र इलाके में घूम-घूमकर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा भी किए है। साथ ही स्टेशन से होकर सुंदरपुर निकलने वाली गली को पूर्ण रूप से बंद कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया है। वहीं रास्ते को बंद करने की सुन कर गली के दुकानदार पुराजोर विरोध करने को उतारू हो गए और उन्होंने पूर्व में डीआरएम को लिखी चिट्ठी के बारे मे भी अवगत कराया है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने नेतृत्व कर रहे नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मो. मुनतसीर ने कहा है कि इसी माह के सात तारीख को ग्रामीण ने डीआरएम साहब को आवेदन देते हुए गुहार लगाई थी, कि गली वाली रास्ता को चालू रहने दें, ताकि उस रास्ते से गुजरने वाले करीब पांच पंचायत के यात्री, पोस्ट ऑफिस, इंस्पेक्टर कार्यलय व गली में दुकान लगाने वालो को राहत मिल सके। इसको लेकर एडीआरएम शिव प्रसाद ने बताया कि यात्री सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्टेशन प्रवेश व निकास के लिए एक रास्ता रखना सुनिश्चित है जो पहले ही एक मुख्य रास्ता बना दिया गया है। मौके पर आरपीएफ कमांडेंट पीएम सिंह संजय, स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार, सीनियर डीसीएम, इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर के अलावा अन्य कई अधिकारी मौजूद थे।

बीमार मां को ठेले पर लाद अस्पताल से चिलचिलाती धूप में निकला अपने घर

मरीजों को एंबुलेंस सुविधा नहीं दिये जाने की बात पर अधीक्षक ने सरकारी आदेश का हवाला दे काटी बात

प्रात : किरण/ईशु राज

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में संचालित सीएचसी, पीएचसी व स्थानीय अस्पताल में भी अक्सर मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ सेवा व्यवस्था को लेकर तरह तरह के सवाल उठते रही हैं। वही अपनी लचर कुव्यवस्था को लेकर पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है, अस्पताल में मरीजों के लिए न तो सही इलाज सुविधा उपलब्ध हो पाती हैं और न ही स्वास्थ सेवा के तहत मिलने वाली सुविधा मुहैया हो पता है, और न मरीजों के लिए कोई दवाई सुविधा ही मिल पाती हैं। आलम यह है कि मरीजों को अस्पताल लेजाने के लिए कोई एंबुलेंस सेवा की सुविधा मिल पाती है। जिसे लेकर पहले ही कई मरीजों के परिजनों को स्थानीय प्रशासन से लेकर राजनीति दलों के लोगों से सुविधाओं का लाभ हेतू गुहार भी लगते नजर आते रहे हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे है जहां एक युवक इस चिलचिलाती धूप में अपनी बीमार वृद्ध मां को गम्भीर हालत में इलाज के लिए ठेले पर लाद कर मायागंज अस्पताल लेजाया गया, जहां से इलाज कराने के बाद वह अपनी वृद्ध माँ को घर लेजाने के लिए कई जगह पर एम्बुलेंस सेवा की सुविधा को लेकर मांग करता रहा, जब उसे एम्बुलेंस सुविधा नही मिली तो उन्होंने अपनी वृद्ध मां को ठेला पर लादकर घर लौट रहा था, इसी क्रम में प्रातः किरण संवाददाता की नजर जब उक्त युवक पर पड़ी तो उन्होंने युवक से इस कड़ी धूप में वृद्ध महिला को कहा लेजाने के सवाल पर बताया कि वृद्ध महिला हमारी माँ है जिसका इलाज करकर वापस अपने घर लोट रहे है। इस दौरान तेज धूप से बचाव हेतू वृद्धि महिला के ऊपर काफी सारे कपड़े ढके हुए दिख रहे थे।

मरीज के पुत्र ठेले पर अपनी मां को सुलाकर घर ले जा रहे देख लोगों के स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करते दिख रहे थे। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मायागंज अस्पताल प्रशासन एंबुलेंस की सुविधा नहीं दी गई, तो मजबूरन इस भीषण गर्मी के बीच चिलचिलाती धूप में अपनी वृद्ध मां को ठेला पर लादकर घर वापस जा रहे हैं। दरअसल घटना को लेकर बताया गया है कि विगत 22 मार्च को बारिश के दौरान घर के आंगन में वृद्ध महिला का पैर फिसल गया था जिसके कारण वृद्ध महिला 75 बर्षीय चित्तनी देवी का पैर टूट गया था। जिसका इलाज करीब एक महीने तक मायागंज अस्पताल में चलाता रहा था। जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज बनाकर मरीज चित्तनी देवी छुट्टी किये जाने के साथ घर वापस लेजाने को कह दिया। वही घर वापसी को लेकर वृद्ध महिला के पुत्र द्वारा लगातार अस्पताल कर्मी से एंबुलेंस की मांग की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने उनकी गुहार को नहीं सुना और एंबुलेंस देने से मना कर दिया। जिस कारण महिला के पुत्र ने व्यवस्था के आगे थक हार कर मजबूरन ठेले पर लाद कर अपने घर की और तेज धूप में चल पड़ा था।

वही मामले को लेकर अस्पताल अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया की जरूरत के अनुसार हम लोग मरीज को मदद करते हैं, वही मरीजों के सुविधा को लेकर सरकारी रेट निर्धारित है, मीडिया प्रतिनिधि के सवाल अगर कोई भी गरीब व्यक्ति, या वृद्धावस्था में हो तो उन्हें एंबुलेंस सेवा सुविधा मिलने बात पर उन्होंने कहा कि लोगों को जरूरत हो तो उसको इस सुविधा का दिया जा सकता है, लेकिन उन्होंने घर वापस जाने के लिए उक्त सेवा का लाभ मिलता है या नहीं?? यह सवाल गरीबों के नाम पर सुविधा उपलब्ध कराने की दाबे करने वाले हर राजनीति व सरकारी महकमों के लोगों पर एक सवालिया नशान लगा दिया है,??, वही अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि विकट परिस्थितियों में जरूरत के अनुसार हम लोगों की मदद करते हैं, अस्पताल में अवस्थित सभी एम्बुलेंस का सरकारी रेट दर है, वही उक्त नियम के अनुसार मरीज के परिजनों को शुल्क देना होता है, उसमें है क्या की जिले के अंदर कुछ किलोमीटर तक जा सकते हैं। जिले के बाहर नहीं जा सकते हैं। वही मरीज के पुत्र का कहना रहा है कि वे लोग कई बार सरकार द्वारा निर्धारित इमरजेंसी सेवा टोलफ्री नंबर पर कई बार कॉल किया है, लेकिन एंबुलेंस सेवा की सुविधा नहीं मिल पाई तो हम लोगों के हाल व्यवस्था को देखने वाला कौन है साहब अपनी मां को किसी तरह से घर लेकर जाना है। अब सवाल यह है कि एक और सरकार सुशासन की बात करती नजर आती है तो वहीं पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल किया लाचार कुव्यवस्था कब तक बनी रहेगी ये देखने वाली बात है इस बात की चर्चा को लेकर आम लोगों व अस्पताल के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ दिख रहा है। ज्ञात हो कि विगत वर्षों में इस तरह के कई मामले सामने आते रहे हैं लेकिन अस्पताल में उपलब्ध एम्बुलेंस सेवा टोलफ्री सेंटर पर बैठे नुमाईंदों के कारण स्थानीय प्रशासन ही नही अस्पताल प्रशासन को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। एक तरफ जीवन रक्षा करने के दाबे ने वृद्ध महिला व उनके पुत्र को तेज धूप में इस कदर सड़कों पर गुजरते देख आम लोगों को भी पूछने पर मजबूर कर दिया है। अब देखने वाली बात है कि सरकार व उनके नुमाइंदे इस पर क्या संज्ञान में लेती हैं और कैसे व्यवस्था को सुदृढ़ करने की कवायद शुरू करती हैं ये जांच का विषय बनता दिख रहा है।

नुक्कड़ नाटक लोगों के लिए प्रेरणादायक : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से भागलपुर समाहरणालय परिसर में कला कुंज बिहार द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक कला मंच के कलाकारों का नाटक मंचन देख कर काफी सराहना की। इस दौरान कलाकारों ने अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों व राहगीरों को बताया कि चार तरह के लोग ही मतदान नहीं कर सकते हैं, पहले जो भारत का नागरिक नहीं है, दूसरा जिसका मानसिक संतुलन खराब है, तीसरा जो सजायाफ्ता व्यक्ति है, चौथा जिसकी उम्र 18 वर्ष नहीं हुई है, बाकी सभी लोग मतदान कर सकते हैं। वही कलाकारों ने यह भी दशार्या कि मतदान के समय घर आए व्यक्ति को बाहर जाने की जरूरत नहीं है, थोड़े ही दिन की बात है, मतदान कर के जाएं, क्योंकि एक-एक वोट अनमोल है, एक वोट से हार जीत का फैसला होता है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बताया कि कलाकारों के द्वारा बहुत ही प्रेरणादायक बात बताई गई है, मतदान का अधिकार भारत के नागरिकों को ही प्राप्त है, जो मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, जो 18 वर्ष से ऊपर के हैं, और जो सजायाफ्ता नहीं हैं। आप मतदाता हैं, यह यह गर्व की बात है। इसलिए अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग जरूर करें। साथ ही उन्होंने कहा कि घर-घर मतदान पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। उक्त मतदान पर्ची का वितरण मतदान केंद्र पर आने के लिए मेरा "जिला निर्वाचन पदाधिकारी" का निमंत्रण समझें, निमंत्रण स्वीकार करें और आगामी 26 अप्रैल को जरूर मतदान करें। इस मौके पर सहायक समाहर्ता गरिमा लोहिया, संयुक्त निदेशक नागेंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

डीएम और एसएसपी ने स्वेम घर-घर जाकर वोट करने का दिया निमंत्रण

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 22 एवं 23 आदमपुर क्षेत्र इलाके में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार द्वारा स्वयं घर-घर जाकर मतदाताओं को आगामी 26 अप्रैल को अपने निकटतम मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने हेतु निमंत्रण दिया है। इस अवसर पर नितिन कुमार सिंह नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता गरिमा लोहिया, संयुक्त निदेशक जन-संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा भी लोगों को निमंत्रण पत्र दिया गया है। इसके पूर्व डीएम और एसएसपी सहित उपस्थित पदाधिकारियों एवं आम मतदाताओं द्वारा वॉल पेंटिंग कर आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने का संदेश दिया गया था। मतदाताओं को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भागलपुर का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां का विक्रमशिला विश्वविद्यालय भागलपुर के गौरव का प्रतीक है, यहां के रेशम की पहचान देश-विदेश में प्रशिद्ध है, तो फिर हम लोग वोट करने में पीछे क्यों रह जाते हैं। इस बार हम सभी प्राण ले कि जिला में 85 प्रतिशत मतदान कर के दिखा देंगे, जिससे की हमारा भागलपुर मतदान में भी पीछे नहीं है।

इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में अखबार की सुर्खियों में बिहार अपने न्यूनतम मतदान प्रतिशत के लिए छाया रहा है, समाचार पढ़ कर काफी अफसोस हुआ है कि बिहार के लोग मेहनती होते हैं। उन्होंने कहा कि हम भागलपुर के मतदाता हेतू संकल्प लेते हैं कि भागलपुर का हर एक मतदाता मतदान करेगा और ना सिर्फ भागलपुर का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि पूरे बिहार का मतदान शत प्रतिशत भी बढ़ेगा। इस अवसर पर डीएम और एसएसपी के द्वारा नगर निगम के सभी सफाई कर्मियों को टी-शर्ट और टोपी वितरण कर दिया गया है।

इस मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि हमारे नगर निगम के सभी कर्मियों को स्वीप लोगों के साथ मिलकर आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने के अपील हेतू टी-शर्ट और टोपी दिया गया है। सभी कर्मी कल से लगातार 25 अप्रैल तक अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में घर-घर जाकर प्रचार प्रासार करेंगे और लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करेंगे। साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की नुक्कड़ नाटक टीम ने गीत, संगीत और मनोरंजक नाटक के माध्यम से लोगों को वोट देने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

भारी मात्रा में हथियार के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार : एसपी सिटी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध हथियार शराब व स्वांस मादक पदार्थ की बरामदगी हेतु जगह जगह छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नाथनगर के मधुसुदपुर थाना क्षेत्र अतर्गत गनौरा बादरपुर के गांव इलाके में चारदीवारी से घिरा विलाश मंडल नामक ग्रामीण के आम बगीचा में हथियार से लैश 04-05 अभियुक्त लूटपाट की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतू वरीय पुलिस अधीक्षक ने निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम को प्राप्त सूचना स्थल पर दबिश हेतू सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतू निर्देशित किया गया। जिसके बाद टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से रणनीति तैयार कर सूचना स्थल पर छापेमारी करते हुए मौके से पुलिस टीम ने देशी कट्टा, पिस्टल, मास्केट, कारतूस, मैगजीन एवं मोटरसाईकिल बरामद किया गया साथ ही पुलिस टीम ने मौके से नामजद अभियुक्त मिथलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर एसपी सिटी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेस वार्ता के क्रम में एसपी सिटी मि राज ने पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था 2 राकेश कुमार की मौजूदगी में साझा करते हुए कहा कि लूटपाट की योजना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उनके संबंधित ठिकानों पर पुलिस टीम द्वारा छापेमारी जारी है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग का मॉक ड्रिल के माध्यम से कराया प्रशिक्षण : प्रचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर।आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी तेज के साथ जोड़ शोर से हो रही है, जिसे लेकर स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन के अलावा अन्य संस्थान के लोगों द्वारा आय दिन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक व जागरूकता रैली निकाली जा रही है। इस बीच आज ईवीएम मशीन से कैसे वोटिंग की जाती है, उक्त दिशा में बच्चों ने भी अपने अभिभावकों को मतदान से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मॉक ड्रिल कर उन्हें जागरूक करने के प्रति मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला या गया है। वही इस चुनावी प्रक्रिया को लेकर विद्यालय के सैकड़ो छात्रों ने इसे जाना और जानकर काफी उत्साहित दिख रहे थे।

वही जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य सभी शिक्षक और सैकड़ो बच्चे मौजूद थे, साथी विद्यालय के बच्चों द्वारा डिस्प्ले बोर्ड को भी काफी बेहतर ढंग से सजाया था, जिसे देखकर लोग काफी आकर्षित हो प्रशंसा कर रहे थे। वही विद्यालय के प्राचार्य ने भी क्षेत्रीय मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपना मतदान हेतू अपील की गई हैं।

आईपीएल-2024 में आज

राजस्थान रॉयल्स से बदला लेने उतरेगी मुंबई इंडियंस

जयपुर (एजेंसी)। पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके। भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने नई गेंद से चमकदार प्रदर्शन किया और ज्यादा रन लुटाए बिना ही ये विकेट हासिल किए। बुमराह 13 विकेट लेकर इस आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। उनका इकोनोमी रेट भी दूसरे सर्वश्रेष्ठ नंबर पर है और उन्होंने छह रन से भी कम रन गंवाए हैं। जहां वह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं तो वहीं उनके साथी गेंदबाज ऐसा करने में जूझ रहे हैं।

गेराल्ड कोएत्जी ने भी 12 विकेट लेकर प्रभावित किया है, लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा रन लुटाए हैं। आकाश मधवाल और कप्तान हार्दिक पंड्या अनिरंतर रहे हैं। श्रेयस गोपाल ने अभी तीन मैच खेले हैं और प्रत्येक में एक एक विकेट झटका है। मुंबई इंडियंस को अपने अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी के बतौर गेंदबाज अनुभव का इस्तेमाल करने की जरूरत है। बल्लेबाजी में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का शानदार शतक सुर्खियों में रहा है, लेकिन इसके बावजूद टीम हार गई थी। वहीं ईशान किशन भी निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। हार्दिक ने भी अभी तक प्रभावित नहीं किया है जबकि तिलक वर्मा ने इन सबकी तुलना में अच्छा किया है। मुंबई इंडियंस के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीज सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी 53 गेंद में 78 रन की पारी मुंबई इंडियंस के लिए अहम रही और अगर वह लय में आ जाएं तो किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी, जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है।

मुंबई इंडियंस

हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

राजस्थान रॉयल्स

संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल, तनुष कोटियान और केशव महाराज।

6 गेंद 6 बाउंड्री, फिल साल्ट ने बना दिया लॉकी फर्ग्यूसन का भर्ता

एक ओवर में कूट दिए 28 रन

कोलकाता (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के ओपनर बल्लेबाज फिल साल्ट ने अपनी टीम के लिए तूफानी शुरुआत की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में साल्ट ने सिर्फ 14 गेंद में 48 रन कूट दिए। उनकी बल्लेबाजी में सबसे खास रहा लॉकी फर्ग्यूसन का ओवर, जिसमें उन्होंने सभी गेंद पर बाउंड्री उड़ाई। पारी का चौथा ओवर करने आए फर्ग्यूसन के इस ओवर में साल्ट ने कुल 28 रन अपने नाम किया। इस ओवर में उन्होंने चार चौके और 2 छक्के अपने नाम किए।

अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी: विनेश फोगाट

बिश्केश (एजेंसी)। ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया।

विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही है। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

विनेश ने कहा, 'मैंने वजन में बदलाव इसलिए किया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। मैंने अपनी खुशी से ऐसा नहीं किया। मैंने 50 किग्रा वर्ग में अपने देश के लिए कोटा जीता। मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में जा सकती हूं। मैं 50 किग्रा वर्ग में जाऊंगा या 53 किग्रा वर्ग में, यह ट्रायल में तय होगा, लेकिन जो भी हो, मैंने अपने देश के लिए कोटा जीता है।

मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं

विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी।% इस 29 साल की पहलवान ने कहा, 'मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।

भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का क्वालीफायर में 'फ्लॉप शो', नहीं मिला ओलिंपिक का टिकट

बिश्केक (किर्गिस्तान)(एजेंसी)। भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया। जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलिंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गये। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गये।

क्वार्टर में कड़ा मुकाबला हुआ

सुनील ने क्वार्टरफाइनल में दो बार खुद को उठाये जाने से बचाया। बल्कि कुछ समय के लिए वह मुकाबले में आगे भी चल रहे थे। लेकिन दो बार उन्हें प्रदान किये गये अंकों को वापस ले लिया गया क्योंकि उज्बेकिस्तान के शिविर ने रेफरी के फैसले को चुनौती दी। अंत में सुनील को बर्डीमुरातोव से हार मिली। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गयी। वह उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालीफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से हार गये।

अभी तक सिर्फ महिलाओ को कोटा- सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गये। भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने पिछली बार ओलिंपिक में 2016 में हिस्सा लिया था जब रविंदर खत्री और हरदीप सिंह रियो ओलिंपिक में खेले थे।

पूर्व सलामी बल्लेबाज का दावा

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हार्दिक पांड्या

मुंबई (एजेंसी)। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में वापसी इस आईपीएल सीजन के पहले भाग में उनके लिए अच्छी नहीं रही है। हार्दिक ने पांच बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा की जगह कमान संभाली और उन्हें फैंस से लगातार नकारात्मकता मिल रही है। पहले 7 मैचों में मुंबई ने नए कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में केवल तीन जीत हासिल की हैं। वहीं पूर्व टी20 विश्व कप विजेता और सलामी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने हाल ही में हार्दिक पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि हूटिंग के कारण इस ऑलराउंडर के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गई हैं।

हार्दिक का पक्ष लेते हुए और मुंबई इंडियंस में वापसी के उनके फैसले का समर्थन करते हुए उथप्पा ने कहा कि प्रशंसकों से उन्हें जो व्यवहार मिल रहा है वह अनुचित है। उथप्पा ने कहा, वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसमें भारतीय टीम के लिए सर्वकालिक महान बनने की क्षमता है। जिस टीम ने उसे खोजा था, उसने उसे जाने दिया, वह दूसरी फ्रेंचाइजी में चला गया। उनके साथ 3-4 खिताब जीतने के बाद वह चला गया। उसे थोड़ा बुरा लगा होगा, वह गुजरात टाइटंस में गया, एक खिताब जीता और दूसरे में उपविजेता रहा। उथप्पा ने कहा, मजाक, ट्रोलिंग, उनकी फिटनेस के बारे में मीम्स। आपको नहीं लगता कि इससे उन्हें दुख होता है? इससे उन्हें दुख होता है। यह किसी भी इंसान को दुख पहुंचाता है। वास्तव में कितने लोग इसकी वास्तविकता जानते हैं? हार्दिक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। निश्चित रूप से, मैं समझता हूं कि हम लोग, भारतीय होने के नाते, भावुक हैं। लेकिन किसी भी इंसान पर इस तरह का व्यवहार थोपना हमारे लिए अशोभनीय है, हमें इसके साथ हंसना नहीं चाहिए, हमें इन मीम्स को फॉरवर्ड नहीं करना चाहिए।

फीडे कैंडीडेट्स शतरंज

अबासोव को हराकर गुकेश फिर से सयुंक्त बढ़त पर

टोरंटो,कनाडा (एजेंसी)। फीडे कैंडिडेट शतरंज का विजेता कौन बनेगा अब यह जानने के लिए दो राउंड का इंतजार और शेष रह गया है और भारत के 17 वर्षीय डी गुकेश इस खिताब की दौड़ में फिलहाल सबसे मजबूत दावेदार में से एक नजर आ रहे है । डी गुकेश नें 12वें राउंड में अजरबैजान के निजत अबासोव को एक बेहतरीन मुक़ाबले में पराजित करते हुए 7.5 अंको के साथ एक बार फिर सयुंक्त बढ़त में खुद को शामिल कर लिया है, गुकेश के अलावा पूर्व कैंडिडेट विजेता रूस के यान नेपोमनिशी और यूएसए के हिकारु नाकामुरा भी 7.5 अंको के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है । गुकेश नें अबासोव पर काले मोहरो से निमजो इंडियन ओपनिंग में 57 चालों में जीत दर्ज की ।

बलराज पंवार ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक नौकायन कोटा

चुंगजू (एजेंसी)। बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई।

बलराज पंवार 7:01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। इस बीच टोक्यो ओलंपियन अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने भी पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (एलएम2एक्स) में कांस्य पदक के साथ अपनी रेस समाप्त की।

न्यूजीलैंड 90 पर ढेर, मोहम्मद आमिर चमके, पाकिस्तान की 7 विकेट से जीत

रावलपिंडी (एजेंसी)। रावलपिंडी के मैदान पर पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया दूसरा टी20 मुकाबला 91 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.1 ओवर में ही जीत लिया। न्यूजीलैंडकी शुरूआत खराब रही थी क्योंकि पाकिस्तान की नेशनल टीम में लौटे मोहम्मद आमिर ने अपने पहले ही ओवर में टिम रॉबिन्सन को 4 रन पर आऊट कर दिया। सेफर्ट 12, फॉक्सरॉफ्ट 13, चैपमैन 19 तो नीशम 1 रन बनाकर आऊट हो गए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने 3, आमिर, अबरार अहमद और शादाब खान ने 2-2 विकेट लीं। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तानी टीम ने भी तीन विकेट गंवाए लेकिन अंत में मोहम्मद रिजवान के 45 रनों की बदौलत उन्हें जीत हासिल हुई।

जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि हमें इस सीरीज में पहले 6 ओवरों में टोन सेट करना होगा। शाहीन, नसीम और आमिर ने जिस तरह से गेंदबाजी की वह शानदार थी। हम अलग-अलग नंबरों पर अलग-अलग बल्लेबाजों को आजमाएंगे। कागज पर जब भी आप पाकिस्तान टीम को देखेंगे तो हर खिलाड़ी मैच विजेता नजर आएगा। हम स्थिति के अनुसार खेलने की कोशिश करते हैं। टी20 विश्व कप से पहले हमारे पास 10 मैच हैं। हम तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहे हैं।

न्यूजीलैंड के कप्तान ब्रेसवेल ने कहा कि आज पर्याप्त रन नहीं बना सके। हम सतह से सामंजस्य बिठाने में धीमे थे और खुद को दबाव में डाल रहे थे। मैं चाहता हूं कि लोग स्थिति से सीखें। कल एक खेल है, बहुत जल्दी सीखना है। ब्लैक कैप्स के रूप में जिन चीज़ों पर हमें गर्व है उनमें से एक है अंत तक लड़ना।

तीन विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने शाहीन शाह अफरीदी ने कहा कि मैंने कुछ दिन बाद बॉलिंग की। एक गेंदबाज के लिए तुरंत लय हासिल करना आसान नहीं होता। आज मैंने अपने कौशल पर भरोसा किया। टी20 में एक ओवर के बाद स्विंग गायब हो जाती है इसलिए आज परिस्थितियों की मांग के अनुरूप गेंदबाजी की। आमिर की वापसी से गेंदबाजी मजबूत हुई है।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

न्यूजीलैंड - टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), टिम रॉबिन्सन, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मार्क चैपमैन, जेम्स नीशम, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), कोल मैककोन्ची, ईश सोढ़ी, जैकब डफी, बेन सियर्स, बेन लिस्टर

पाकिस्तान - बाबर आजम (कप्तान), सईम अयूब, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), उस्मान खान, इरफान खान, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, मोहम्मद आमिर, अबरार अहमद

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran

संक्षिप्त समाचार

कलर्स दे रहा है भक्तों को लक्ष्मी और नारायण का अनोखा दर्शन

मुंबई, एजेंसी। चैत्र मास के पावन महीने में, कलर्स पूरे भारत के भक्तों को लक्ष्मी और नारायण के दिव्य जोड़े का आशीर्वाद पाने का अनूठा मौका दे रहा है। जैसा कि यह एचजीईसी 22 अप्रैल को रात 10 बजे अपनी महाकृति लक्ष्मी नारायण - सुख सामर्थ्य संतुलन का प्रीमियर करने के लिए तैयार है, इसने एक अनोखे आध्यात्मिक अनुभव का अनावरण किया है जो पारंपरिक पूजा-अर्चना की सीमाओं से परे है। लाखों लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार, कलर्स ने अयोध्या और दिल्ली में मनोरम 4डी इंटरैक्टिव मंदिर बनाए हैं। ये आकर्षक गर्भगृह भक्तों को लक्ष्मी नारायण की दिव्य उपस्थिति का अभूतपूर्व ढंग से आनंद लेने की सहूलियत देते हैं। चैनल सभी को इस मंदिर में आमंत्रित करता है ताकि उन्हें ऐसे लोक में ले जाया जा सके जहां देवता जीवित हो उठते हैं, जिससे ऐसा अनूठा मंच तैयार होगा जहां भक्त उनकी आभा को महसूस कर सकते हैं। हालांकि, यह आध्यात्मिक सफर यहीं समाप्त नहीं होता है। कलर्स ने एक अत्याधुनिक डिजिटल मंदिर भी लॉन्च किया है, जो भक्त अपने घर में बैठकर ही लक्ष्मी और नारायण का आशीर्वाद पा सकते हैं। अपनी स्क्रीन पर बस कुछ टैप करके, भक्त आध्यात्मिक ज्ञान के वर्चुअल तीर्थ में कदम रख सकते हैं। चाहे कोई 4डी मंदिरों के दर्शन करना चाहे या डिजिटल मंदिर का भ्रमण करना चाहे, वे लक्ष्मी और नारायण की महिमा देख सकते हैं और उनसे प्रार्थना करके अपने मन की बात कर सकते हैं।

पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पा रहा था पति, हाई कोर्ट ने माना तलाक का आधार

मुंबई, एजेंसी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने रिलेटिव इंपोटेंसी का हवाला देते हुए नव विवाहित जोड़े की शादी को निरस्त करने की मंजूरी दे दी। कपल की ओर से हाई कोर्ट में शादी रद्द करने की अर्जी डाली गई थी। याचिका में पीड़िता की ओर से बताया गया कि उसका 27 वर्षीय पति यौन संबंध नहीं बना पा रहा था। हाई कोर्ट ने माना कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण शादी को आगे जारी नहीं रखा जा सकता। अदालत ने माना कि दोनों मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। मामले में सुनवाई न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने की। 15 अप्रैल को दिए अपने फैसले में अदालत ने कहा कि सिर्फ 17 दिन में ही दंपती की हताशा और पीड़ा का पता चलता है। बता दें कि दंपती ने इससे पहले परिवार अदालत में भी विवाद रद्द किए जाने की मांग की थी। लेकिन, उनकी याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि यह मामला ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। 'रिलेटिव इंपोटेंसी' का मतलब ऐसी नपुंसकता से है, जिसमें व्यक्ति किसी के साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ हो सकता है। ऐसा नहीं है कि वह दूसरे व्यक्तियों के साथ भी यौन संबंध न बना पाए। यह अर्थ मानसिक और भावनात्मक रूप से है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न स्थिति है।

अब ममता ने इंडिया गठबंधन के मेनिफेस्टो पर लगाया अड़ंगा

कोलकाता, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी रथ को रोकने के लिए तैयार इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर तो आम सहमति नहीं बन सकी, हालांकि अब साझा घोषणापत्र जारी करने पर विचार किया जा रहा है। वह भी ऐसे समय में जब पहले चरण की वोटिंग खत्म हो चुकी है। इंडिया गठबंधन में आम सहमति बनने में सबसे बड़ी बाधा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी बन रही हैं। सूत्रों का कहना है कि टीएमसी प्रमुख को मतदाताओं के सामने विपक्ष के वादों को पूरा करने के लिए एक न्यूनतम आम सहमति दस्तावेज पेश करने की तात्कालिकता पर जोर देकर अपने साथ लाने की कोशिशें जारी हैं। आपको बता दें कि टीएमसी ने आगे बढ़कर बंगाल में लेफ्ट के साथ गठबंधन से साफ इनकार कर दिया था। इतना ही नहीं, कांग्रेस के लिए भी सिर्फ एक या दो सीटें छोड़ी थी।

बड़ी योजना बना रहा लॉरेंस बिश्नोई, झारखंड के जेल में बंद अमन साहू के साथ किया गठजोड़

नई दिल्ली , एजेंसी। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके सहयोगियों ने झारखंड स्थित जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के साथ गठजोड़ किया है। बिश्नोई और साहू के खिलाफ कई मामलों की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इसका खुलासा किया है। बिश्नोई पिछले साल कई बार एनआईए की हिरासत में गया था। एजेंसी के अधिकारियों ने खालिस्तानी संगठनों के लिए फंडिंग से संबंधित मामले में उससे पूछताछ की थी।

आपको बता दें कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी बिश्नोई फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। पूछताछ के दौरान बिश्नोई ने एनआईए को बताया कि उसके उत्तर प्रदेश (धनजय सिंह), हरियाणा (काला जठेरी), राजस्थान (रोहित गोदारा) और दिल्ली (रोहित मोई और हाशिम बाबा) के जेल में बंद गैंगस्टरों के साथ संबंध हैं।

इस पूरे मामले पर एक सूत्र ने कहा, अपने प्रतिद्वंदियों को खत्म करने रे लिए एक-दूसरे को हथियारों के साथ-साथ शूटर भी मुहैया कराते हैं। वे उन्हें सीमा पार करने में भी

सहायता प्रदान करते हैं। इसके बदले में कमीशन दी जाती है।

मुंबई पुलिस ने सोमवार देर रात दो लोगों सागर पाल और विक्की गुप्ता को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर तड़के हुई गोलीबारी में उनकी भूमिका के लिए गुजरात के भुज से से गिरफ्तार किया। बिहार का मूल निवासी सागर पाल दो साल से हरियाणा में छोटी-मोटी नौकरी कर रहा था। वहीं, विक्की गुप्ता बिहार में रह रहा था। केंद्रीय एजेंसियों को शक है कि सलमान के घर पर फायरिंग ट्रायल रन हो सकती है और बिश्नोई कोई बड़ी योजना बना रहा है। फिलहाल अमन साहू जेल में हैं। झारखंड के आतंकवाद विरोधी दस्ते और एनआईए जैसी एजेंसियां उसके खिलाफ दर्ज कई मामलों की जांच कर रही है। एक सूत्र ने कहा, कई मामलों की जांच से पता चला है कि साहू और उसके गिरोह के सदस्य प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) सहित विभिन्न संगठनों को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करते हैं। वह जेल से अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से काम कर रहा है। खनन क्षेत्रों में जबरन वसूली के लिए हथियारों और गोला-बारूद का उपयोग करते हैं। तिहाड़ जेल में साहू के एक सहयोगी ने बिश्नोई के सहयोगियों से मुलाकात की है।

हाल ही में साउथ दिल्ली के एक बिजनेसमैन को रंगदारी के लिए कॉल आई और कॉल करने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू का नाम लिया। उस संबंध में मालवीय नगर पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और जांच चल रही है।

सूत्र ने बताया, रोहतक में शहर के सट्टेबाज सचिन मुंजाल की हत्या के मामले में दो लोगों की पहचान उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके के निवासी शाहनवाज और जयपुर के सुल्तानिया गांव के निवासी सुनील करोलिया के रूप में की गई थी। उन्हें बिहार के मुजफ्फरपुर से तब गिरफ्तार किया गया जब वे नेपाल के लिए सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। पिछले साल बिश्नोई ने एनआईए को बताया था कि वह डी-कंपनी और उसके प्रमुख दाऊद इब्राहिम के खिलाफ है।

बसपा का बड़ा ऐलान, अब हिमाचल प्रदेश में भी उतारेगी प्रत्याशी

शिमला, एजेंसी। बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनावों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। शनिवार को बसपा ने ऐलान करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर वह अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान पर उतारेगी। शुक्रवार को बसपा के प्रदेश नेतृत्व और केंद्रीय समन्वयकों के बीच प्रत्याशियों के नाम को लेकर मैराथन बैठक का आयोजन पार्टी के प्रदेश कार्यालय रक्कड़ कॉलोनी ऊना में किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों से लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की चाहत रखने वाले बसपा नेता भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद ऐर केंद्रीय समन्वयक राजाराम ने की। जबकि दो केंद्रीय समन्वयकों में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अवतार सिंह करीमपुरी और दयाचंद भी मौजूद रहे। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बाहड़ी प्रदेश नेतृत्व के रूप में बैठक में पधारे।

इस मौके पर केंद्रीय समन्वयक और पूर्व सांसद राजाराम ने कहा कि बसपा ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के साथ चर्चा करने के बाद प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ लंबी चर्चा हुई है। हालांकि उम्मीदवारों के नाम पार्टी की अध्यक्ष मायावती की मुहर लगने के बाद ही घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बसपा केवल मात्र औपचारिकता के लिए चुनाव नहीं लड़ रही बल्कि संगठनात्मक तौर पर पार्टी को प्रदेश में मजबूत करने के लिए भी काम किया जा रहा है।

मणिपुर में 11 बूथों पर फिर से कराए जाएंगे मतदान, कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

इंफाल, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मणिपुर हुई हिंसा के बाद आंतरिक मणिपुर की सीट पर 11 बूथों के मतदान को रद्द करने का आदेश दिया गया है। राज्य चुनाव आयोग ने कहा है कि 11 बूथों पर फिर से मतदान करवाए जाएंगे। बता दें कि मतदान के दौरान ही मणिपुर में कई जगहों पर हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। बीते एक साल से मणिपुर में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। अब सोमवार को इन 11 बूथों पर फिर से वोटिंग करवाई जाएगी। दो लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान चुनाव में धांधली और बूथ पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए 47 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराए जाने की मांग की थी। हिंसा प्रभावित मणिपुर में गोलीबारी, डराने-धमकाने तथा ईवीएम में तोड़फोड़ की घटनाओं के बीच 68 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। मणिपुर की दो लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। साठ-सदस्यीय मणिपुर विधानसभा के 32 निर्वाचन क्षेत्र 'इनर मणिपुर' लोकसभा सीट के तहत आते हैं, जबकि 28 विधानसभा क्षेत्र 'आउटर मणिपुर' संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं।कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष के. मेघचंद्र ने कहा कि पार्टी ने मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है और 'इनर मणिपुर' निर्वाचन क्षेत्र के 36 तथा 'आउटर मणिपुर' निर्वाचन क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराए जाने की मांग की है। मेघचंद्र ने शुक्रवार रात पत्रकारों से कहा, 'अज्ञात हथियारबंद बदमाश कांग्रेस उम्मीदवार अंगोमचा बिमोल अकोइजाम और पार्टी चुनाव एजेंट को कुछ दिन से धमकी दे रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हमने इनर मणिपुर के 36 मतदान केंद्रों और आउटर मणिपुर के 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है।'

केदारनाथ हेली सेवा जून तक फुल, बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री चारधाम को 11 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली , एजेंसी। केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा बुकिंग शुरू हो गई है। पहले दिन शाम चार बजे तक 51 हजार 940 टिकट बुक हो गए थे। मई-जून महीने के सारे टिकट पहले दिन देर शाम तक ही बुक हो गए। बदरीनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री समेत चारों धामों के लिए 11 लाख से ज्यादा तीर्थ यात्रियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। विदित हो कि चारधाम रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गया था।

फर्जीवाड़ा और हेली कंपनियों की मनमानी रोकने लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने लगातार दूसरे साल ऑनलाइन टिकट बुकिंग की जिम्मेदारी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) को दी है। कंपनी ने शनिवार दोपहर 12 बजे से बुकिंग शुरू की। यह भी पढ़ें-चारधाम पर टैक्सियों-कमर्शियल गाड़ियों के लिए ग्रीन कार्ड जरूरी, इसके बिना नहीं होगी यात्रा

गत वर्ष एक-एक सप्ताह के स्लॉट पर बुकिंग की गई थी, लेकिन इस बार एक साथ 10 मई से 20 जून और फिर मानसून के बाद 15 सितंबर से 31 अक्तूबर तक की बुकिंग खोली। मई-जून के करीब 25 हजार टिकट देर शाम तक फुल हो गए। यूकाडा के सीईओ सी रविशंकर ने बताया कि इस बार भी केदारघाटी के तीन हेलीपैड के जरिए नौ हेली कंपनियां सेवाएं देंगी। पिछले सीजन में केदारनाथ में हुई हेली दुर्घटना के बाद प्रतिबंधित क्रेस्टल एविएशन भी इसमें शामिल है। डीजीसीए ने कंपनी को सिरसी हेलीपैड से उड़ान संचालन की अनुमति दे दी है। वेबसाइट पर बुकिंग की शर्तें स्पष्ट कर दी गई हैं। एक आईडी पर छह यात्रियों के लिए ही टिकट बुक हो पाएगा। दो साल से अधिक उम्र के बच्चे का पूरा टिकट लगेगा। इससे कम उम्र के बच्चे का टिकट तो नहीं लगेगा, लेकिन बच्चे का वजन, किसी एक अभिभावक के साथ जोड़ा जाएगा, ऐसी स्थिति में यदि वजन 80 किलो के पार गया तो फिर प्रति किलो 150 रुपये का अतिरिक्त चार्ज देना होगा।

तुम लोगों का इस्लाम दुपट्टे से ही क्यों शुरू होता है... युवक ने महिला यूट्यूबर को ओढाया शॉल तो लग गई तगड़ी क्लास

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान में एक महिला यूट्यूबर का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जब महिला यूट्यूबर लोगों से बातचीत कर रही होती है वहां पर एक युवक आता है और उसके सिर को जबरन ढकने लगता है। युवक के इस व्यवहार को देखकर महिला गुस्सा उठती है। महिला तुरंत सिर से शॉल उतार देती है। इसके बाद महिला ने युवक की तगड़ी क्लास लगा दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक महिला से कहता है कि हम एक इस्लामिक देश में हैं और पारंपरिक रूप से महिला को अपना सिर ढकना चाहिए। और वो अपने शॉल से महिला

के सिर पर शॉल रख देता है। इसके बाद महिला हंसते हुए कहती है,तुम लोगों का इस्लाम दुपट्टे से क्यों शुरू होती है क्या इस्लाम तुमको यही सिखाता है क्या कोई अजनबी बिना इजाजत के किसी महिला को छू सकता है आप अरेस्ट हो सकते हो ये सोशल हरासमेंट है। इस वीडियो पर कई यूजर्स ने दिलचस्प कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, मैं इस युवा और साहसी महिला को सलाम करता हूं जिसने नैतिक पुलिसिंग की तरह व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति को सही सबक सिखाया। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, ये महिला की आजादी है कि वो क्या पहने।

इस्राइल को अमेरिका से मिली सैन्य मदद के बाद टली जंग की संभावना, ईरान ने भी पीछे खींचे हाथ

वॉशिंगटन/यरुशलम, एजेंसी। दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बीच ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही थी। हालांकि, अब युद्ध की संभावना कम हो गई है। इसका कारण यह है कि इस्राइल के बचाव में उसका जिगरी दोस्त अमेरिका उतर आया है। अमेरिकी सांसदों ने शनिवार को इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता की मंजूरी दी है।

वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज: बताया जा रहा है कि ईरान ने इस्राइल से बदला लेने के लिए कुछ कदम पीछे ले लिए हैं। उसने ड्रोन और मिसाइल हमले में कमी कर दी है। इस कदम ने उन आशंकाओं को कम दिया है कि कट्टर दुश्मनों के बीच बढ़ते हमले मध्य पूर्व में एक जंग में बदल सकते हैं। हालांकि, इराक में हाल ही में ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पांच धमाके हुए। इससे क्षेत्र में तनाव देखने को मिला। वहीं, गाजा में इस्राइल लगातार हमला कर रहा है। इससे वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज हो गया है।

अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली सहित इस्राइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मदद करने का फैसला लिया। इसलिए उसने इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता के लिए 13 अरब डॉलर को मंजूरी दी।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह जाएंगे चीन

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एंटनी ब्लिंकन जैसा हमेशा करते हैं, वैसा ही इस बार करेंगे। वह सीधे रूप से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका की चिंताओं पर बात करेंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जल्द ही चीन का दौरा करने वाले हैं। इसकी जानकारी देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे।

विदेश विभाग का कहना है कि ब्लिंकन शंघाई और बीजिंग में चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। इस दौरान मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दे और दक्षिण चीन सागर पर भी बात होगी।

एक बयान में कहा गया, विदेश मंत्री नवंबर में वुडसाइड शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडन और शी द्वारा किए गए प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए चल रहे

कार्यों पर भी चर्चा करेंगे, जो कि काउंटरनार्कोटिक्स सहयोग, सैन्य-से-सैन्य संचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर है।

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ सार्वजनिक कूटनीति और सार्वजनिक मामलों की अवर सचिव लिज एलेन, पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डैनियल क्रिटेनब्रिंक, अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स और कानून प्रवर्तन मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव टॉड रॉबिन्सन और साइबरस्पेस और डिजिटल नीति के लिए बड़े पैमाने पर राजदूत नथानिएल फिक भी होंगे।

विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंत्री की यात्रा निश्चित रूप से अमेरिका-चीन संबंधों को मजबूत करने के लिए होगी। वहीं, यह यात्रा पिछले एक साल में हमारी गहन कूटनीति पर आधारित होगी। सबसे पहले महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करना लक्ष्य है। हमारा मानना है कि उच्च स्तरीय कूटनीति हमें उन मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए दबाव डालने की अनुमति देती है जो अमेरिकी लोगों और दुनिया के लिए मायने रखते हैं और जहां पीआरसी के साथ सीधा जुड़ाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्री जैसा हमेशा करते हैं, वैसा ही इस बार करेंगे। वह सीधे रूप से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका की चिंताओं पर बात करेंगे। वह हमारे मूल्यों और हमारे हितों के लिए बोलेंगे।

चीनी में बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन से लाखों इमारतों पर खतरा

बीजिंग, एजेंसी। अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने 2015 से 2022 की अवधि में 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले प्रत्येक चीनी शहर में भूमि धंसाव को मापा। उन्होंने जिन 82 शहरों की जांच की, उनमें से टीम ने पाया कि कुछ शहर तेजी से धंस रहे हैं।

नए शोध में पता चला है कि चीन के करीब आधे प्रमुख शहरों पर पानी की निकासी और शहरी इमारतों व बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन के कारण खतरा मंडरा रहा है। जर्नल 'साइंस' में छपे इस शोध में पाया गया कि बीजिंग और तियानजिन समेत चीनी शहर भूस्खलन के 'मध्यम से गंभीर' जोखिम में हैं। शोध में चीनी जमीन के धंसने की दर भी बताईगई। अध्ययन के मुताबिक, चीन की 45 प्रतिशत शहरी भूमि प्रति वर्ष 3 मिलीमीटर से अधिक तेजी से धंस रही थी, जबकि 16 प्रतिशत प्रति वर्ष 10 मिलीमीटर से अधिक की दर से धंस रही है। अध्ययन के लिए

वैज्ञानिकों ने 2015 से 2022 की अवधि में 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले प्रत्येक चीनी शहर में भूमि धंसाव को मापा। उन्होंने जिन 82 शहरों की जांच की, उनमें से टीम ने पाया कि कुछ शहर तेजी से धंस रहे हैं। छह में से एक शहर प्रति वर्ष 10 मिमी से अधिक तेजी से धंस रहा है। उन्होंने यह भी पाया कि शंघाई जहां लगातार डूब रहा है, वहीं बीजिंग वार्षिक रूप से 45 मिलीमीटर नीचे जा रहा है। वैज्ञानिकों ने धंसते शहरों व भूजल क्षति के बीच एक मजबूत संबंध भी पाया, जो परत में खाली छिद्र छोड़ देता है और ऊपर वजन के ढेर में सिमट जाता है। शोध के अनुसार, अन्य कारकों में शहरी परिवहन नेटवर्क, साथ ही हाइड्रोकार्बन निष्कर्षण और खनन शामिल हैं।

ढांचे की अखंडता के लिए बड़ा खतरा: शोधकर्ताओं ने जोर देकर कहा, चीन के शहरों की गिरावट को संबोधित करने की कुंजी भूजल निकासी के दीर्घकालिक, निरंतर नियंत्रण में निहित हो सकती है। ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय में जलवायु अनुकूलन के प्रोफेसर रॉबर्ट निकोल्स ने कहा, यह धंसाव इमारतों और बुनियादी ढांचे की संरचनात्मक अखंडता के लिए बड़ा खतरा है और बाढ़ के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है।

लंदन मेयर पद की दौड़ में शामिल हुआ दिल्ली में जन्मा शख्स, पाकिस्तानी मूल के सादिक खान को देंगे चुनौती

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। इनका नाम है तरुण गुलाटी। दिल्ली में जन्मे तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा। दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। तरुण गुलाटी ने कहा, मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129